दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
श्योपुर ■ शुक्रवार 28 मार्च 2025 ■ वर्ष -19 ■ अंक-257 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**
जीवन में एक बात हमेशा याद रखें, विश्वास और ईमानदारी इंसान की अमूल्य धरोहर है।

# देश धर्मशाला नहीं... आने वालों पर रखेंगे पैनी नजर

**गृह मंत्री की दो टूक-आव्रजन राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा**

- लोकसभा में इमिग्रेशन और फॉरेनर्स बिल-2025 पास
- रोहिंग्या-बांग्लादेशी ने अशांति फैलाई तो अब खैर नहीं
- दुनिया की सबसे सूक्ष्म अल्पसंख्यक आबादी भारत में सुरक्षित
- केंद्र सरकार के पास दस्तावेजों की जांच का पूरा अधिकार



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश धर्मशाला नहीं है।
अब हर आने वाले पर पैनी नजर रखी जाएगी। भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य होगा। बिना कागजात के भारत में प्रवेश करने पर कानून सम्मत तरीके से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जाली दस्तावेजों के लिए कड़ी सजा के प्रावधान किए गए हैं। वीजा की अवधि खत्म होने पर भी देश में रहने वालों को ट्रैक किया जाएगा। शाह ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और कहा कि जिस तरह के सवाल पूछे गए हैं, उनसे काफी हैरानी होती है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को वोट दिया। हमने बहुमत की सरकार बनाई है। ऐसे में सरकार के पास विदेशी लोगों की घुसपैठ, भारत आने वाले लोगों के पास वैध कागजात हैं या नहीं, इसकी जांच करने का पूरा अधिकार है। इधर, शाह के जवाब के बाद गुरुवार शाम करीब 6.20 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विधेयक पारित होने का एलान किया।

### बंगाल में ममता सरकार की सह पर घुसपैठ

प. बंगाल में 2026 का विधानसभा चुनाव जीतने का दावा करते हुए शाह ने कहा कि 450 किमी की सीमा राज्य सरकार की कृपादृष्टि के कारण अभी तक असुरक्षित है, लेकिन ऐसा लंबे समय तक नहीं चलेगा। मैं खुद 10 बार पत्र भेजकर राज्य सरकार से अपील कर चुका हूं, लेकिन सहयोग नहीं किया जा रहा है। ममता सरकार घुसपैठ करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशी लोगों के प्रति सहानुभूति रखती है, उन्हें आधार कार्ड दिए जाते हैं। इन कारणों से देश की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं।

**सीएम बोले- प्रदेश बनेगा टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का हब**

# मप्र में बनेगी स्पेस पॉलिसी और होगी इसरो के केंद्र की स्थापना

**कहा-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कर रहा नेतृत्व**

- मुख्यमंत्री ने की राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में वर्चुअल भागीदारी
- प्रदेश में चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में भी विज्ञान का प्रयोग बढ़ रहा
- ड्रोन के माध्यम से राजस्व के क्षेत्र में भी नक्शे बनाने की शुरुआत की गई



**सत्ता सुधार ■ भोपाल**

मध्यप्रदेश में स्पेस पॉलिसी का निर्माण किया जाएगा और इसरो के केंद्र की स्थापना के लिए प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए मंथन भी प्रारंभ कर दिए गए हैं। भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में बड़ा योगदान दिया है। खासकर डिफेंस और अंतरिक्ष के क्षेत्र में। भारत इस क्षेत्र में गलोबल लीडर बन रहा है। यह बात सीएम डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन में आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन और 40वें मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान वर्चुअल रूप से कही।
सम्मेलन में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। सीएम ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की नीति को भारत के इस क्षेत्र में सफलता का कारण बताया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भी इस क्षेत्र में नए अवसरों की ओर अग्रसर है।

- रायसेन से राष्ट्रीय स्तर पर शहरी बस्तियों के भूमि सर्वेक्षण का पायलेट प्रोजेक्ट शुरू
- प्रदेश के अन्य शहरों में भी जमीन,भूखंड और बस्तियों का डिजिटल नक्शा बनाने की पहल की गई
- उज्जैन है काल गणना का केंद्र, चार नई नीतियों के माध्यम से विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे

### आज नवाचार की जरूरत

प्राचीन भारतीय विज्ञान परंपराओं को ध्यान में रखते हुए, आज के विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार की जरूरत है। हाल ही में घोषित चार नीतियां, जैसे मध्यप्रदेश ड्रोन संवर्धन नीति-2025, एनीमेशन और गेमिंग नीति-2025, सेमी कंडक्टर नीति-2025 और वैश्विक क्षमता केंद्र नीति-2025, प्रदेश को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक मजबूत आधार देने के लिए बनाई गई हैं।

### प्रदेश को बनाएंगे टेक्नोलॉजी हब

मध्यप्रदेश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। सीएम ने यह भी कहा कि प्रदेश को टेक्नोलॉजी और इनोवेशन हब बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने हाल ही में इसरो द्वारा स्पैडेक्स सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि प्रदेश में इसरो की तरह एक केंद्र स्थापित करने की योजना है।

### प्रदेश में ड्रोन का उपयोग बढा

सीएम ने यह भी बताया कि प्रदेश में ड्रोन तकनीक का उपयोग बढ़ रहा है। खासकर कृषि क्षेत्र में, और राजस्व विभाग में भूमि सर्वेक्षण के लिए ड्रोन का उपयोग शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन को काल गणना का केंद्र बताते हुए कहा कि यह शहर न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि वैज्ञानिक अनुसंधान का भी केंद्र है।

**एमपी टेक्नोलॉजी में तेजी से आगे बढ़ेगा**

सम्मेलन में राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र हैदराबाद के निदेशक डॉ. प्रकाश चौहान ने सीएम डॉ. मोहन यादव की वैज्ञानिक सोच की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश नवाचार और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ेगा। सीएम ऐसे चंद नेताओं में से हैं जो स्पेस और बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए उत्साहित हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### रान्या राव की तीसरी बार जमानत याचिका खारिज

**बेंगलुरु।** गोल्ड स्मगलिंग केस में गिरफ्तार हुई कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को अदालत ने एक फिर झटका दिया है। एक्ट्रेस की जमानत याचिका को बेंगलुरु की एक सत्र अदालत ने खारिज कर दी है। तीसरी बार रान्या राव की जमानत नामंजूर की गई है। इससे पहले दो बार एक्ट्रेस की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है।

### कुणाल कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को बुलाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के पैरोडी सॉन्ग के बाद विवादों में घिरे कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। पुलिस अब तक उन्हें दो समन जारी कर चुकी है। उधर, अपने वीडियो में मिस्टर इंडिया फिल्म के गाने पर पैराडी करने की वजह से कुणाल को टी-सीरीज ने कॉपीराइट नोटिस भेजा है।

### श्रीलंकाई ने 11 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने गुरुवार को उत्तरी क्षेत्र में डेल्फ्ट द्वीप के समीप 11 भारतीय मछुआरों को अपने जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया और उनकी ट्रॉलर को जब्त कर लिया। गिरफ्तार किए मछुआरों को कांकासनथुराई बंदरगाह लाया गया है।

# चारधाम यात्राः रील बनाने वालों को नहीं मिलेगा प्रवेश

**अक्षय मुहूर्त में यात्राः पैसे देकर दर्शन भी नहीं कर सकेंगे**

- बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को सुबह 6 बजे खोले जाएंगे
- इस बार 10 जगह होल्डिंग क्षेत्र, होटल जैसी सुविधाएं होंगी
- अब तक नौ लाख रजिस्ट्रेशन, सबसे ज्यादा केदार धाम के..



**एजेंसी ■ देहरादून**

उत्तराखंड में 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा में इस बार वीडियो रील बनाने वालों और यूट्यूबर्स की एंट्री रोकने की तैयारी है। केदारनाथ-बद्रीनाथ पंडा समाज ने तय किया है कि इस बार मंदिर परिसर में इन्हें नहीं आने देंगे। यदि कोई ऐसा करता मिला तो बिना दर्शन उसे लौटा दिया जाएगा। इस बारे में प्रशासन को भी बता दिया गया है। केदारनाथ सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने बताया कि पिछले साल रील बनाने वालों के चलते काफी अव्यवस्था फैली थी। इसी तरह, पैसे देकर वीआईपी दर्शन की व्यवस्था भी धामों पर बंद रहेगी। बद्रीनाथ धाम के पंडा पंचायत के कोषाध्यक्ष ने कहा है कि पैसे लेकर दर्शन करवाना भगवान की मर्यादा के खिलाफ है। इस साल 30 अप्रैल (अक्षय तृतीया) से चार धाम यात्रा की शुरुआत होगी।

**इनका कहना है**

तीर्थाटन और पर्यटन के फर्क को समझना होगा। चारधाम यात्रा विशुद्ध रूप से यात्रा होनी चाहिए। हमारे पूर्वजों के समय से यात्रा के नियम बने हैं। ये यात्रा धर्म के लिए है। पुराने रील चलाने से देश और दुनिया में गलत संदेश जाता है।
**पुष्कर सिंह धामी, सीएम, उत्तराखंड**


# मप्र के सिंगरौली में लगे भूकंप के झटके

**तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 रही, जान-माल का कोई नुकसान नहीं**

**सिंगरौली।** सिंगरौली में गुरुवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 मापी गई। भूकंप का झटका दोपहर 3:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके सिंगरौली के साथ आसपास के जिलों में भी महसूस किए गए। इनमें सिद्धि, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र, मिर्जापुर और छत्तीसगढ़ के कुछ जिले शामिल हैं। कई लोगों ने भूकंप की वजह से घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर शरण ली। हालांकि, कुछ लोगों को धरती की कंपन का अहसास नहीं हुआ। जिला प्रशासन के अनुसार भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

# धनकुबेरों में अंबानी पहले और अडाणी दूसरे नंबर पर





**नई दिल्ली।** हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भारत के सबसे अमीर व्यक्ति का खिताब बरकरार रखा है। दूसरे नंबर पर अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी हैं। वे भारत के सबसे बड़े वेल्थ गेनर है। उनकी नेटवर्थ में 13 प्रतिशत (1 लाख करोड़) की बढ़ोतरी हुई है। एचसीएल की रोशनी नाडार तीसरे नंबर पर है। वह भारत के टॉप 10 सबसे अमीर व्यक्तियों में इकलौती महिला हैं। वहीं टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मालिक इलॉन मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा अमेरिकी राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मस्क की नेटवर्थ में 82 प्रतिशत (189 बिलियन डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है। अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस दूसरे नंबर पर हैं।

- हुरुन रिच लिस्टः मस्क दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति
- एचसीएल की रोशनी नाडार पहली बार टॉप-10 में

**भारत के 10 सबसे अमीर**

| रैंक | नाम | संपत्ति |
|---|---|---|
| 1 | मुकेश अंबानी | 8.6 |
| 2 | गौतम अडाणी | 8.4 |
| 3 | रोशनी नाडार | 3.5 |
| 4 | दिलीप सांघवी | 2.5 |
| 5 | अजीम प्रेमजी | 2.2 |
| 6 | कुमार मंगलम बिड़ला | 2.0 |
| 7 | साइरस एस पूनावाला | 2.0 |
| 8 | नीरज बजाज | 1.6 |
| 9 | रवि जयपुरिया | 1.4 |
| 10 | राधाकिशन दमानी | 1.4 |

नोटः संपत्ति लाख करोड़ रुपए में है।

# एक अप्रैल से कर्नाटक में दूध चार रुपए होगा महंगा

**राज्य के मंत्री केएन रंजना ने खुद दी जानकारी**

- नंदिनी दही की कीमत भी 4 रुपए किलो बढ़ी

**एजेंसी ■ देहरादून**

महंगाई के इस दौर में अब दूध भी आम आदमी की जेब ढीली करने जा रहा है। अब एक लीटर दूध के पैकेट की कीमत 4 रुपए बढ़ गई है। ये नई कीमतें एक अप्रैल से लागू होंगी। ये फैसला कर्नाटक सरकार ने लिया है। मंत्री केएन रंजना ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में दूध की कीमतें 4 रुपए लीटर बढ़ जाएंगी। डेयरी किसान और कर्नाटक मिल्क फेडरेशन लंबे समय से कीमतें बढ़ाने की मांग कर रहे थे। संगठन की मांग थी कि दूध की कीमत 5 रुपए लीटर बढ़ाई जाए। हालांकि सरकार ने 4 रुपए की बढ़ोतरी का ही फैसला किया है। इतना ही नहीं, नंदिनी दही की कीमत भी 4 रुपए प्रति किलो बढ़ गई है।

**लंबे समय से डेयरी किसान कर रहे थे मांग, पांच रुपए लीटर कीमत बढ़ाने की थी मांग**

# मुठभेड़ में 2 आतंकी ढेर, 5 जवान घायल

**जम्मू के कठुआ में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन**

**एजेंसी ■ जम्मू**

कठुआ एनकाउंटर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। जवानों ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया। वहीं, गोलीबारी में पांच जवान घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को जानकारी देते हुए कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह वही समूह था जो कठुआ क्षेत्र के सान्याल जंगल में पहले की घेराबंदी से बच रहा था या फिर हाल ही में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों का एक और समूह था। मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए। तीन आतंकियों की तलाश की जा रही है। डीएसपी धीरज सिंह समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हैं। सभी को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जुठाना इलाके में 4-5 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, इस दौरान फायरिंग शुरू हो गई।



**नए नियम** डमी स्कूलों में दाखिला लेने की जिम्मेदारी छात्रों और उनके माता-पिता की होगी

# सीबीएसई की सख्त चेतावनी! अब 75 फीसदी से कम अटेडेंस और डमी स्कूलों के छात्रों को बोर्ड परीक्षा में बैठने की नहीं मिलेगी अनुमति

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने एक बार फिर उन छात्रों को चेतावनी दी है, जो रेगुलर क्लासेस नहीं ले रहे। ऐसे छात्रों को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में बैठने की परमिशन नहीं दी जाएगी। साथ ही जो स्कूल डमी स्कूल प्रणाली को बढ़ावा देंगे या गैर-हाजिर छात्रों को बोर्ड परीक्षा के लिए नामांकित करेंगे, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीबीएसई के नियमित स्कूलों में न पढ़ने वाले छात्रों को कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा देने से रोका जाएगा। अधिकारी ने बताया कि डमी स्कूलों में दाखिला लेने की जिम्मेदारी छात्रों और उनके माता-पिता की होगी। दरअसल, सीबीएसई अपनी परीक्षा नियमावली में संशोधन करने पर विचार कर रहा है। नए नियमों के अनुसार, डमी स्कूलों के छात्रों को बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे छात्रों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की परीक्षा देनी होगी। सीबीएसई के एक सीनियर ऑफिसर ने बताया कि, अगर जांच के दौरान कोई छात्र स्कूल से अनुपस्थित पाया जाता है या नियमित कक्षाओं में नहीं जाता है, तो उसे बोर्ड परीक्षा देने से रोका जा सकता है।



**75 प्रतिशत हाजिरी अनिवार्य-** सीबीएसई गवर्निंग बोर्ड की बैठक में यह फैसला किया गया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 से छात्रों के लिए कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी। एक अधिकारी ने कहा कि सीबीएसई नियमों के अनुसार, केवल रजिस्ट्रेशन कर लेने से कोई छात्र बोर्ड परीक्षा के लिए योग्य नहीं होगा। उसे कम से कम 75 प्रतिशत हाजिरी पूरी करनी होगी।

### इन्हें अटेंडेंस में मिलेगी 25 फीसदी छूट

**जो छात्र सीबीएसई की उपस्थिति नीति के अनुसार योग्य नहीं होंगे, वे एनआईओएस परीक्षा के जरिए बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे। केवल चिकित्सा आपातकाल, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में भागीदारी, या अन्य गंभीर परिस्थितियों में 25 प्रतिशत उपस्थिति की छूट दी जाएगी।**

# यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद पहली बार आएंगे पुतिन

**अब हमारी बारी! भारत यात्रा का निमंत्रण स्वीकारा**

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



रूस ने गुरुवार को कहा है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत का दौरा करेंगे। पिछले साल अपने रूस दौरे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन को भारत आने का निमंत्रण दिया था। 2022 में यूक्रेन के साथ युद्ध छिड़ने के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन का यह पहला भारत दौरा होने वाला है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि पुतिन की भारत यात्रा के लिए तैयारियां चल रही हैं। हालांकि उन्होंने कोई निश्चित तारीख नहीं बताई। लावरोव ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन ने भारतीय सरकार के प्रमुख की ओर से भारत यात्रा का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरी बार निर्वाचित होने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए रूस को चुना था और अब हमारी बारी है।

## ब्रीफ न्यूज

### 5वीं और 8वीं परीक्षाओं के परिणाम आज होंगे घोषित

**भोपाल।** राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश में आयोजित कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं का परिणाम, शुक्रवार 28 मार्च 2025 को दोपहर एक बजे घोषित किया जायेगा। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि परिणाम शुक्रवार को दोपहर एक बजे परीक्षा परिणाम पोर्टल पर जारी किया जायेगा। विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण उक्त परिणामों को राज्य शिक्षा केन्द्र के वेब पोर्टल पर अपना रोल नम्बर/समग्र आईडी प्रविष्ट कर देख सकते हैं। इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि उक्त परीक्षाओं का संचालन विगत 24 फरवरी से 5 मार्च, 2025 के मध्य किया गया था।

### पूर्व सीएम सहित 31 विधायकों ने नहीं किए सवाल



**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में इस बार माननीय की उदासीनता दिखाई दी। दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री सहित 31 विधायकों ने एक भी सवाल नहीं पूछा। वहीं 15 ऐसे विधायक थे जिन्होंने किसी भी चर्चा में भाग नहीं लिया। बजट सत्र की कार्यवाही 24 मार्च सोमवार को अनिश्चितकालीन के लिए स्थगित कर दी गई। 10 मार्च से शुरू हुए बजट सत्र में कुल 9 बैठकें हुई। इस बार सदन में माननीयों की उदासीनता देखने को मिली। बजट सत्र में पूर्व मुख्यमंत्री सहित 31 विधायकों ने एक भी सवाल नहीं पूछा। 15 विधायकों ने किसी भी चर्चा में भाग नहीं लिया। वहीं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सबसे ज्यादा 32 सवाल पूछकर टॉप पर रहे। उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने भी 32 साल पूछकर सेकंड टॉपर बने। विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की ओर से पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने 30 सवाल पूछे और बीजेपी की तरफ से टॉपर बने।

### विश्व रंगमंच दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व रंगमंच दिवस पर प्रदेश के रंगमंच कलाकारों, कर्मियों और प्रेमियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, सागर और ग्वालियर में रंगमंच के सक्रिय कलाकार और नाट्य विधा से जुड़े सहयोगी व्यक्ति सिर्फ कला प्रदर्शन ही नहीं सामाजिक दायित्व भी पूरा कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि रंगमंच एक सामान्य कला नहीं अपितु समाज के जागरण का मंच भी है। प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नाटकों के प्रदर्शन की समृद्ध परम्परा है। पौराणिक विषयों पर नाटकों के प्रदर्शन के साथ ही आधुनिक शैली में प्रकाश संयोजन, अभिनय, रूप सज्जा और मंच सज्जा के प्रयोग करते हुए नाटक कलाकार अपना दायित्व निभाते हैं।

---

12 से अधिक विभागों की अभियान में होगी सहभागिता, पानीदार प्रदेश बनने की ओर बढ़ता देश का हृदय प्रदेश

# पीएम मोदी का जल संरक्षण अभियान अब मध्यप्रदेश में बनेगा जन आंदोलन

30 मार्च से 30 जून तक चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

- मुख्यमंत्री क्षिप्रा तट से करेंगे जल संरक्षण अभियान की शुरुआत
- अभियान में तैयार किए जाएंगे एक लाख जलदूत
- मुख्यमंत्री हर दिन एक जल संरचना का करेंगे लोकार्पण



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरदर्शी सोच के साथ मध्यप्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन महा अभियान गुड़ी पड़वा के दिन 30 मार्च से शुरू होने जा रहा है। पानी दे, गुरुबाणी दे। जल बिन सब सूना है। जो सबको जीवन दे, वो है जल। जल ही जीवन है। इससे हम आज सुरक्षित है, इसी से हमारा कल भी सुरक्षित है। जल बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। जल संरक्षण के लिए सिर्फ सरकार ही नहीं, समाज को भी आगे आना होगा। इसी मंशा से मध्यप्रदेश सरकार जल गंगा जल संवर्धन महा अभियान प्रारंभ करने जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर वरुण (जल देवता) पूजन और जलाभिषेक के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान का विधिवत शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना को लोकार्पित करेंगे। उन्होंने कहा है कि जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश में भूजल स्तर में सुधार आएगा। पानी की बूंद-बूंद बचाएं, तभी हमारी सांसें बचेंगी। मध्यप्रदेश सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन-आंदोलन बना है। राज्य सरकार भी खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है।

हमारी धरा के कुल जल का केवल एक छोटा हिस्सा ही पीने योग्य स्वच्छ जल के रूप में उपलब्ध है। पृथ्वी के कुल जल का लगभग 97 प्रतिशत महासागरों में खारा जल है, जो पीने योग्य नहीं है। शेष 3 प्रतिशत मीठा जल है, लेकिन इसमें से भी अधिकांश हिमखंडों और बर्फ की चोटियों में जमा है। सिर्फ 0.5 प्रतिशत से भी कम पानी झीलों, नदियों और भूजल के रूप में उपलब्ध है, जिसे हम उपयोग कर सकते हैं। पृथ्वी पर स्वच्छ और पीने योग्य पानी की मात्रा बहुत ही सीमित है और इसे संरक्षित करना बेहद ज़रूरी है। इसीलिए मध्यप्रदेश सरकार ने जल बचाने के लिए कदम बढ़ाये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें।

उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रदेश में जल संकट को खत्म करने और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रदेशव्यापी जल संवर्धन अभियान में जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पर्यावरण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी एवं कृषि सहित 12 से अधिक अन्य विभाग एवं प्राधिकरण साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य करेंगे। अभियान की थीम जन सहभागिता से जल स्त्रोतों का संवर्धन एवं संरक्षण रखी गई है। मुख्यमंत्री ने जल संचय की विभिन्न गतिविधियां संचालित करने जैसे-पौध-रोपण, जल स्रोतों का पुनर्जीवन, ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाने, स्कूलों में बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने, ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब, नदियों पर छोटे बांध निर्माण एवं नदियों के संरक्षण के लिए जलधारा के आसपास फलदार पौधों के रोपण और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से भी अपील की है कि वे जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान दें और प्रदेश में अभियान के दौरान इसे एक को जन-आंदोलन बनाएं।

---

# राणापुर क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई के लिए बनाएंगे बैराजः सीएम डॉ.यादव

## मुख्यमंत्री ने 11 जोड़ो को प्रतीकात्मक रूप से कन्यादान राशि के चेक किए भेंट

- दो हजार बहनों के सामूहिक विवाह में शामिल होना अदभुत अनुभव
- मुख्यमंत्री ने दो हजार जोड़ों को विवाह/निकाह में दिया आशीर्वाद



**प्रदर्शनी का अवलोकन** मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। महिला एवं बाल विकास विभाग कुपोषण मुक्त झाबुआ के तहत मोटी आई कैम्पैन, मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन गलसन माला, गुड्डा गुड्डी, तीर कमान, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग के अंतर्गत जिले में उत्पादित टमाटर एवं टमाटर से बने उत्पाद जैसे टमाटर पाउडर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग श्री अन्न फसल एवं जैविक उत्पाद, नगर पालिका परिषद झाबुआ द्वारा वेस्ट टु वेल्थ प्रोजेक्ट अंतर्गत तैयार किये गये डस्टबिन एवं गमले प्रदर्शित किये गये।

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि झाबुआ में एक साथ लगभग दो हजार जोड़ों के सामूहिक विवाह में शामिल होने का आनंद अदभुत और अविस्मरणीय है। उन्होंने नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए सभी के मंगलमय और सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनुष्य जीवन के 16 संस्कारों में से पाणिग्रहण संस्कार गृहस्थ जीवन में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण संस्कार है। इसमें 7 फेरों से 7 वचनों को पूरा कर सात जन्मों तक बंधन में बंधते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन में शामिल जोड़ों को विवाह और निकाह की बधाई देते हुए सभी के जीवन में खुशियों की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव झाबुआ में सामुहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में 11 जोड़ों को प्रतीकात्मक रूप से 49-49 हजार की राशि के चेक भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ जिले के निवासियों को सौगात देते हुए कहा कि राणापुर क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या के निराकरण के लिए भांडाखेड़ा बैराज, नागन खेड़ी, गलती, छायण, झालरवा, बुदाशाला और कल्लीपुरा में बैराज बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबद्ध झाबुआ में मेडिकल कॉलेज भी बनाया जायेगा। झाबुआ के विकास के लिये सभी कार्य किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विकास में सभी वर्गों का विकास समाहित है। किसी भी वर्ग को विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहने दिया जायेगा। पीएम नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप सबका साथ लेकर सबका विकास किया जाएगा, जिसमें सबके प्रयास और सबका विश्वास शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के सशक्तिकरण के लिये राशि प्रदान की जा रही है। किसानों का गेहूं 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से उपार्जित किया जा रहा है। धान उत्पादक किसानों को प्रति हेक्टेयर 4 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिये जा रहे हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी और लेपटॉप प्रदाय किए जा रहे हैं। लाड़ली बहनों को प्रतिमाह मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेश में बेटियों को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है।


### मुख्यमंत्री आज श्रमिक परिवारों को करेंगे राशि का अंतरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को मंत्रालय में संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 23 हजार 162 प्रकरणों में 505 करोड़ रुपये सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खातों में अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मंत्री एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रुपए तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रुपए दिए जाते हैं, साथ ही श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालयीन शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिए संपूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

---

# भाजपा ने मांगी मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन ले जाने की छूट

कांग्रेस ने मत पत्र से चुनाव का दिया सुझाव



सत्ता सुधार ■ भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रक्रिया में सुधार के लिए सभी राज्यों में स्थानीय राजनीतिक दलों से फीडबैक लेना शुरू किया है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की। इस बैठक में भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने सुझाव आयोग के समक्ष रखे।

भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया में कुछ बदलाव की जरूरत जताई। भाजपा ने कहा कि मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन लाने की अनुमति दी जाए, क्योंकि युवाओं के आधार, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज अक्सर उनके डीजी लॉकर में होते हैं। इससे उन्हें अपने दस्तावेजों के लिए बार-बार कार्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वहीं, कांग्रेस ने ईवीएम पर संदेह व्यक्त करते हुए सुझाव दिया कि चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से कराया जाए। कांग्रेस ने यह भी कहा कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कुछ अन्य सुधारों की जरूरत है। कांग्रेस के अनुसार, वीवीपेड मशीन से निकली पर्ची की समय सीमा 7 सेकंड से बढ़ाकर 10 सेकंड की जाए। मतदान के दौरान ईवीएम मशीन के मॉक पोल को दिन में कम से कम 2 से 3 बार किया जाए। इसके अलावा, मतदाता का नाम बाहर जाने पर पंचनामा बनाकर उसका सत्यापन किया जाए।

कांग्रेस ने डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम सर्च करने का प्रोग्राम निरंतर चलाने का भी सुझाव दिया। इसके साथ ही, रंगीन फोटोयुक्त मतदाता सूची को राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराए जाने की मांग की। कांग्रेस ने यह भी कहा कि मतदाता का थंब इंप्रेशन लेकर ही उसे मतदान की अनुमति दी जाए और आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों के निराकरण के लिए प्रभावी सेल गठित किया जाए।

---

# रीवा को विकसित बनाते हुए जल समृद्ध बनाना है : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## जल संचय, जन भागीदारी, जन आन्दोलन अभियान में हुए शामिल




सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा को विकसित बनाने के साथ जल समृद्ध बनाना है। वर्षा के जल को संरक्षित करने तथा प्राचीन जल स्त्रोतों में सुधार कार्य कर जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं ताकि आने वाले समय में पानी की कमी न हो। शुक्ल ने ग्राम पंचायत सगरा में केन्द्रीय जल शक्ति विभाग के सहयोग से बोर के माध्यम से संग्रहित होने वाले भूजल को जमीन के भीतर संचयित किये जाने के कार्य का शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत सगरा में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के जल शक्ति विभाग के सहयोग से रीवा जिले में 100 बोरवेल के माध्यम से संग्रहित होने वाले जल को जमीन के अंदर संचित किये जाने का कार्य प्रारंभ हो रहा है। इसके अतिरिक्त जल गंगा अभियान में जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य आगामी 3 माह तक संचालित होंगे। यह प्रयास है वर्षा का जल बर्बाद न हो। जमीन के अंदर इसका संचयन हो तथा जल स्त्रोत भी पानीदार रहे ताकि जिले का भूजल स्तर कम न हो।

---

# सीएम ने एक करोड़ रुपए का चेक किया प्रदान

### शहीद गौतम के परिवार के सदस्य को मिलेगी सरकारी नौकरी




सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर मऊगंज जिले के गौतम परिवार को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा के अंतर्गत एक करोड़ रुपए की राशि का चेक प्रदान किया। भारतीय स्टेट बैंक की पुलिस सेलरी पैकेज योजना में पुलिसकर्मियों को दी जाने वाली पूरक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा सुविधा के अनुसार परिवार को यह राशि प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने शहीद गौतम के पात्र उत्तराधिकारी को शासकीय सेवा में लेने के निर्देश पुलिस महानिदेशक को दिए हैं। डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि कर्तव्य निवर्हन के दौरान अपने प्राणों को उत्सर्ग करने वाले पुलिस उपनिरीक्षक रामचरण गौतम की पत्नी पुष्पा को चेक प्रदान करते हुए कहा कि राज्य शासन ने स्व. गौतम को शहीद का दर्जा देते हुए उनके आश्रितों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। ग्राम गडरा जिला मऊगंज में कर्तव्य निर्वहन करते हुए इस माह पुलिस उप निरीक्षक रामचरण गौतम शहीद हुए। स्व. गौतम के परिवार को बीमा की अनुदान राशि का चेक सौंपे जाने के अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, सीजीएम एसबीआई मप्र/छग चंद्रशेखर शर्मा, महाप्रबंधक अजिताभ पाराशर, महाप्रबंधक कुन्दन ज्योति, महाप्रबंधक मनोज कुमार सहित भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने स्व. गौतम की धर्मपत्नी पुष्पा और इस अवसर पर उपस्थित स्व. गौतम के पुत्र धीरेन्द्र और भतीजे सतीश से चर्चा की।

---

**अभियान** स्कूल शिक्षा विभाग ने कलेक्टर्स को जारी किए दिशा-निर्देश

# मध्यप्रदेश में स्कूल चलें हम अभियान 1 से 4 अप्रैल तक चलेगा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरूआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान प्रदेश में एक से 4 अप्रैल, 2025 तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। स्कूल चलें हम अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की जा रही है। प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जाएंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी और मैदानी अमले को विभाग द्वारा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा-1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वैच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे। जिला कलेक्टर को जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक कालखण्ड में बच्चों के साथ संवाद करने के लिये संवाद करने के भी निर्देश दिये गये हैं।

### सांस्कृतिक एवं खेल-कूद गतिविधियां



स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 3 अप्रैल को शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जुड़ाव करना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है, उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।

---

# जिला व शहर कांग्रेस अध्यक्षों की दिल्ली में 3 को बैठक



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मप्र के कांग्रेस के सभी शहर और जिला अध्यक्षों की दिल्ली में एक बड़ी बैठक होने जा रही है, जिसमें सभी जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्षों को बुलाया गया है। यह बैठक राहुल गांधी द्वारा बुलाई गई है, जिसमें नेताओं को संगठन का पाठ पढ़ाया जाएगा। इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल होंगे। बैठक के दौरान दोनों नेता सभी अध्यक्षों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे। मप्र कांग्रेस कमेटी कार्यालय से सभी शहर और जिला अध्यक्ष के नाम पर एक पत्र जारी हुआ है। यह पत्र प्रदेश कांग्रेस के कार्यालय मंत्री ने जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मप्र के कांग्रेस के सभी शहर और जिला अध्यक्षों के साथ संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा का आयोजन किया गया है। यह चर्चा 3 अप्रैल को दिल्ली में इंदिरा भवन कोटला मार्ग पर होगी। इस चर्चा में सभी शहर और जिला अध्यक्ष को पहुंचना है।

# करहल में बस स्टेंड की दुकानों की हुई नीलामी, बोली कार्यक्रम में विधायक और पूर्व विधायक भी हुए शामिल

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

जिले के करहल विकासखंड के जनपद कार्यालय में गुरूवार को दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक करहल के बस स्टेंड में स्थित 15 दुकानो की नीलामी कार्यक्रम रखा गया जनपद पंचायत सीईओ राकेश शर्मा द्वारा दुकानो की नीलामी कराई गई। इस दौरान 12 दुकानो की नीलामी सम्पन्न हो गई शेष 3 दुकानो की आगामी समय में बोली लगाई जायेगी। खास बात यह रही कि बोली कार्यक्रम के दौरान विधायक मुकेश मल्होत्रा सहित पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी भी मौजूद रहे जिन्होंने भी दुकान के लिए बोली में भागीदारी की है।



जानकारी के अनुसार करहल जनपद कार्यालय में गुरूवार को आयोजित बस स्टेंड की दुकानो की बोली शुरू हुई जिसमें कस्बे के व्यापारियों सहित आदिवासी सहरिया समुदाय के लोगो ने भी उपस्थिति दर्ज कराई, नीलामी कार्यक्रम में विधायक मुकेश मल्होत्रा ने शुरूआती दौर में ही नसीहद दी कि नीलामी प्रक्रिया में आरक्षित वर्ग के व्यक्ति द्वारा ही बोली लगाई जाये, जरूरतमंद आदिवासियों को दुकान खरीदने दें, अन्यथा गलत तरीके से आदिवासियों के नाम पर खरीदी गई दुकान को निरस्त करवाया जायेगा। इस दौरान करीब 15 दुकानो की नीलामी की घोषणा की गई जिसमें से महज 12 दुकानों पर ही नीलामी प्रक्रिया पूर्ण की गई, शेष 3 दुकानो की नीलामी आगामी समय में की जायेगी।

## विधायक, पूर्व विधायकों ने भी लगाई दुकानो की बोली

करहल ब्लॉक में बस स्टेंड पर स्थित दुकानो की बोली में विधायक मुकेश मल्होत्रा ने अपनी पत्नि के नाम पर बोली लगाते हुए एसटी वर्ग की दुकान नं 10 को सात लाख साठ हजार रूपये में खरीदने की अधिकतम बोली लगाई तो वहीं पूर्व विधायक एवं राज्यमंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी ने एसटी वर्ग की दुकान नं. 15 को सात लाख पचास हजार रूपये की अधिकतम बोली लगाई जो फाइनल की गई, इसके अलावा दुकान नं. 05 सामान्य वर्ग में गिरजा शंकर त्रिपाठी, दुकान नं. 3 सामान्य वर्ग में आठ लाख नब्बे हजार रूपये और दुकान नं. 7 मनीराम जाटव ने सात लाख अस्सी हजार रूपये की बोली लगाकर अपने नाम कर ली है।

## ब्रीफ न्यूज

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**श्योपुर।** जिले के ढोढर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरखिरी में बुधवार की रात्रि 8.30 बजे एक अरोपी को पुलिस ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी दी कि आरोपी रामप्रसाद पुत्र रतिया बंजारा उम्र 50 साल नि. मल्हौत्रा बुधवार को रात्रि 8.30 बजे खिरखिरी में कुलदीप के बोर के पास अवैध हाथभट्टी की बनी 8 लीटर कच्ची शराब लेकर विक्रय की नियत से जा रहा था, जिसे मौके से मय शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफधारा 34 आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### ई-आफिस प्रणाली शुरू

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा सभी विभागों को आदेश जारी किया गया है कि जिले में ई-ऑफिस प्रणाली शुरू हो गई है, इसलिए सभी नस्तियां, फाईले ऑनलाइन प्रस्तुत की जायें। उन्होने निर्देशित दिये है कि अवकाश संबंधी कोई भी आवेदन सीधे प्रस्तुत नही किये जायें, अवकाश आवेदन एवं नस्ती को अनुमोदन के लिए ई-ऑफिस के माध्यम से भेजा जायें। अन्य किसी माध्यम से आने वाले अवकाश आवेदन स्वीकृत नही किये जायेंगे।

### टोल पर डम्पर रोकने की बात पर मारपीट

**श्योपुर।** जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रायपुरा में पुलिया के पास 4 मार्च को रात्रि 10.30 बजे एक युवक के साथ दो लोगो ने डम्पर रोकने की बात को लेकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले में जांच उपरांत बुधवार को शाम 6 बजे आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी दी कि फरियादी अंशू पुत्र गिर्राज गूर्जर उम्र 24 साल नि. दौलतपुरा ने थाने में रिर्पोट लिखाई कि 4 मार्च को पाली रोड पुलिया के पास ग्राम रायपुरा में आरोपीगण दिलिप जाट और सुनील आर्य ने फरियादी को टोल पर डम्परो को रोकने की बात का लेकर रास्ता रोककर मारपीट की तथा गाली गलौच कर जान से मारने की धामकी दी है। पुलिस ने मामले में आरोपियो के खिलाफ धारा 126(2),296,115(2),351(2),3(5) वीएनएस के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते दो आरोपी गिरफ्तार

**श्योपुर।** जिले के बडौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग अलग स्थानो से पुलिस ने सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीते हुए बुधवार को रात्रि 8 बजे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जानकारी दी कि आरोपी रामदयाल पुत्र गोवर्धन सुमन उम्र 50 साल को बुधवार को रात्रि 8 बजे हनुमान मंदिर के पास चम्बल कॉलोनी से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए पकडा है वहीं आरोपी देवीराम पुत्र विजयशंकर सुमन उम्र 45 साल को अनाज मंडी बडौदा के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनो आरोपियो के खिलाफधारा 36 बी आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# सरकारी बिल्डिंगों में लगाये रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टमः कलेक्टर

## जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर बैठक आयोजित

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरूवार को दोपहर 3 बजे कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिये कि जिले के सभी शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जाये। हॉस्टल, स्कूल, कॉलेज सहित अन्य शासकीय भवनो में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो। इसके साथ ही जिले के विभिन्न ग्रामों एवं पंचायतो में स्थित मुक्तिधाम में प्लांटेंशन किया जाये। यह अभियान 30 मार्च से 30 जून तक संचालित होगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि अभियान के तहत संबंधित विभाग जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित अपनी-अपनी कार्य योजना तत्काल रूप से तैयार करें तथा कार्य योजना के अनुरूप कार्य कराये जाये। इसके साथ ही आमजन के बीच जल संरक्षण को लेकर जागरूकता उत्पन्न की जायें और जल संरक्षण के कार्यो में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जायें। इसके लिए ग्रामों में कलश यात्राएं आयोजित की जायें, रैली निकाली जायें तथा जल चौपाल का आयोजन किया जायें, जिले के स्कूलो में जल संरक्षण विषय पर निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायें तथा चित्रकलां, पोस्टर प्रदर्शनी इत्यादि गतिविधियां संपन्न कराई जाये। नदियों और जलाशयों के पास स्थित मंदिरों तथा अन्य एतिहासिक महत्व की धरोहरों, कुए, बावडियों की साफ-सफाई का कार्य किया जायें तथा वृक्षारोपण के कार्य किये जायें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




### 85 रिचार्ज शाफ्ट बनाये जायेंगे

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जल संरक्षण की दिशा में नवाचार करते हुए जिले में 85 रिचार्ज शाफ्ट बनाये जाने के कार्यो को मंजूरी दी गई है। बैठक के दौरान उन्होने कहा कि रिचार्ज शाफ्ट, जल स्तर बढाने में अधिक उपयोगी है, यह कार्य उन क्षेत्रो में कराये जाये, जहां गर्मियों के समय जल स्तर काफी नीचे चला जाता है। उन्होने 85 कार्यो को मंजूरी देते हुए कार्य शुरू करने के निर्देश निर्माण एजेंसी पीएचई को दिये है।

इसके तहत गर्मियों में पानी सूखने पर तालाबो में 100 फीट की गहराई तक बोर कराया जाता है तथा ऊपर डाया बनाकर पत्थर, बोल्डर आदि डाले जाते है, जिससे बारिश में तालाब भरने पर पानी जमीन के अंदर तक चला जाता है। इससे तेजी से जल स्तर में वृद्धि होती है।

### सरकारी बिल्डिंगो में लगाये रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम-कलेक्टर

कलेक्टेड्ट सभाकक्ष में गुरूवार को दोपहर 3 बजे कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिये कि जिले के सभी शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जाये। हॉस्टल, स्कूल, कॉलेज सहित अन्य शासकीय भवनो में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो। इसके साथ ही जिले के विभिन्न ग्रामों एवं पंचायतो में स्थित मुक्तिधाम में प्लांटेंशन किया जाये। यह अभियान 30 मार्च से 30 जून तक संचालित होगा। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि अभियान के तहत संबंधित विभाग जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित अपनी-अपनी कार्य योजना तत्काल रूप से तैयार करें तथा कार्य योजना के अनुरूप कार्य कराये जाये। इसके साथ ही आमजन के बीच जल संरक्षण को लेकर जागरूकता उत्पन्न की जायें और जल संरक्षण के कार्यो में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जायें। इसके लिए ग्रामों में कलश यात्राएं आयोजित की जायें, रैली निकाली जायें तथा जल चौपाल का आयोजन किया जायें, जिले के स्कूलो में जल संरक्षण विषय पर निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायें तथा चित्रकलां, पोस्टर प्रदर्शनी इत्यादि गतिविधियां संपन्न कराई जाये। नदियों और जलाशयों के पास स्थित मंदिरों तथा अन्य एतिहासिक महत्व की धरोहरों, कुए, बावडियों की साफ-सफाई का कार्य किया जायें तथा वृक्षारोपण के कार्य किये जायें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### 85 रिचार्ज शाफ्ट बनाये जायेंगे

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जल संरक्षण की दिशा में नवाचार करते हुए जिले में 85 रिचार्ज शाफ्ट बनाये जाने के कार्यो को मंजूरी दी गई है। बैठक के दौरान उन्होने कहा कि रिचार्ज शाफ्ट, जल स्तर बढाने में अधिक उपयोगी है, यह कार्य उन क्षेत्रो में कराये जाये, जहां गर्मियों के समय जल स्तर काफी नीचे चला जाता है। उन्होने 85 कार्यो को मंजूरी देते हुए कार्य शुरू करने के निर्देश निर्माण एजेंसी पीएचई को दिये है। इसके तहत गर्मियों में पानी सूखने पर तालाबो में 100 फीट की गहराई तक बोर कराया जाता है तथा ऊपर डाया बनाकर पत्थर, बोल्डर आदि डाले जाते है, जिससे बारिश में तालाब भरने पर पानी जमीन के अंदर तक चला जाता है। इससे तेजी से जल स्तर में वृद्धि होती है।

# शराब ठेकेदार को एक साल का कठोर कारावास

## जिला कोर्ट का फैसला, शराब ठेके की बोली में दिये चेक हुए थे बाउंस

**श्योपुर।** जिला कोर्ट ने गुरूवार को दोपहर 3 बजे करीब 11 साल पुराने आबकारी विभाग में शराब ठेके के लिए दिये चैक बाउंस प्रकरण में फैसला सुनाते हुए आरोपी शराब ठेकेदार को एक साल का कठोर कारावास एवं एक करोड़ सत्रह लाख छियासठ हजार सात सौ अट्ठत्तर रूपये का प्रतिकर एवं 9 प्रतिशत की ब्याज दर से भुगतान करने के आदेश पारीत किये हैं। वर्ष 2015-16 में देशी/विदेशी मदिरा फुटकर बिक्री हेतु आबकारी विभाग द्वारा टेंडर जारी किये थे, जिसमें समूह क्रमांक एसपीआर/सी-3 (विजयपुर समूह) के लिये आरोपी मोहन शिवहरे द्वारा टेंडर की उच्चतम राशि 7,06,00,666/- रूपये जिला समिति द्वारा आरोपी का टेंडर स्वीकृत किया गया। बोली राशि के ऐवज में आरोपी मोहन ने आबकारी विभाग को अलग अलग दिनांको में स्टेट बैंक ऑफइंडिया के 9 पोस्ट डेटेड चैक आबकारी विभाग में जमा किये जिनमें से 2 चेक की राशि एक करोड़ सत्रह लाख छियासट हजार सात सो अटठ्तर के चेक बाउंस हो गये, जिसके बाद आबकारी विभाग ने राशि की वसूली हेतु जिला न्यायालय में परिवाद दायर किया, जिसमें विचारण उपरांत रोपी मोहन शिवहरे पुत्र रामस्वरूप शिवहरे निवासी खेडापति कॉलोनी साईबाबा मंदिर के पास ग्वालियर को धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम में दोषी पाते हुए, एक वर्ष का कठोर कारावास एवं एक करोड सत्रह लाख छियासठ हजार रुपये के प्रतिकर एवं परिवाद प्रस्तुत करने के दिनांक से दोनो चैको की राशि पर 09 प्रतिशत की दर से साधारण ब्याज एवं परिवाद संचालन का खर्च दस हजार रूपये वसूलने के आदेश पारित किये हैं।

# बगवाज में सेक्टर बैठक आयोजित

**श्योपुर।** मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मातृछाया संस्थान द्वारा कराहल विकासखंड के ग्राम बगवाज में आंगनबाडी केन्द्र पर सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक समन्वयक नीतू सिंह ने की। इस दौरान नवांकुर संस्था प्रतिनिधि भास्कराचार्य टकसाली ने शासन की योजनाओं के बारे में महिलाओं को विस्तृत जानकारी देते हुए जल संरक्षण विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि जल संचयन के साथ ही, जल का सदुपयोग किया जाए अनावश्यक पानी ना बहाए हमारे किए गए प्रयासों से भविष्य में हमे पानी मिल पाएगा। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक नीतू सिंह ने जल संरक्षण पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित महिलाओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सरपंच जानकी, आंगनवाड़ी कविता, कौशल्या, द्वारिका, भादुड़ी, कविता, रमा सुगना आदि महिलाएं उपस्थित थी।

# शावकों के साथ कूनो के जंगलों की सैर कर रही गामिनी

## वनमंत्री ने शेयर किये फोटो

सत्ता सुधार ■ श्योपुर



कूनो नेशनल पार्क में इन दिनों 17 चीते घूमते हुए दिखाई रहे हैं। चीता दामिनी अपने चारों शावकों के साथ खजूरी के जंगल से निकलकर क्षेत्र का पता लगा रही है। वहीं, चीता ज्वाला अपने शावकों के साथ वीरपुर से विजयपुर-मुरैना की ओर बढ़ रही है। बाड़े में रह रही मादा चीता वीरा के शावक भी मां के साथ स्वस्थ रूप से बड़े हो रहे हैं। मध्य प्रदेश के वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पर एक्स पर गुरूवार को सुबह 10 बजे गामिनी और उसके शावकों की तस्वीरें साझा कीं जो वायरल हो गई है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को चीतों की सुरक्षा करने के निर्देश दिए। वीरपुर में चीता ज्वाला और उसके शावकों पर हुए पथराव के बाद कूनो प्रबंधन ने एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें ग्रामीणों को निर्देश दिए गए हैं कि चीता दिखने पर वन विभाग और चीता मित्र को सूचित करें। चीतों से दूरी बनाएं और बच्चों व मवेशियों को घर के अंदर रखें। चीतों को सुरक्षित रास्ता दें क्योंकि वे स्वयं गांव से दूर चले जाएंगे। मवेशी पर हमले की स्थिति में तेज आवाज करके चीते को भगाया जा सकता है। मवेशी की मौत पर मुआवजे का प्रावधान है, जिसके लिए वन अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। आपातकालीन स्थिति में वनमंडलाधिकारी से 7803947600 पर संपर्क करें। कूनो वनमंडलाधिकारी ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि चीता दिखने पर अकेले जंगल में न जाएं, चीतों को डराने और लाठी डंडे से मारने का प्रयास न करें।

# चीतों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने अभियान चलेगा

## कलेक्टर चेम्बर में बैठक आयोजित, बनाई रणनीति

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

कलेक्टर चेम्बर में गुरूवार को दोपहर 1 बजे कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में चीता प्रोजेक्ट को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि कूनों वन मंडल के आसपास लगे ग्रामों में चीतों की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने हेतु जन जागरण अभियान चलाया जायें। इस अभियान में चीता मित्रों के अलावा 161 वन समितियों को भी सक्रिय किया जायें। इसके साथ ही कूनों वन मंडल के बफर जोन से लगे 55 गांवों के सरपंच, सचिवों की बैठक बुलाई जायें। बैठक में कूनो वनमंडल के डीएफओ आर थिरूकुरल, सामान्य वनमंडल केएस रंधा, सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, सीईओ जनपद कराहल राकेश शर्मा उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि व्यापक जन जागरण



अभियान के तहत ग्रामीणों को चीतों की सुरक्षा तथा इसके महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की जायें। हमारे क्षेत्र ही नही बल्कि देश के लिए गौरवपूर्ण चीता प्रोजेक्ट के महत्व को रेखाकिंत करते हुए ग्रामीणों को इस गौरवशाली इतिहास से जुडकर अपने आप को गौरान्वित महसूस करने का एहसास दिलाते हुए चीतों की सुरक्षा के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जायें। इसके साथ ही उन्होने कूनो क्षेत्र में पर्यटन बढाने की दिशा में क्षेत्रीय युवाओं को सफारी के लिए वाहन चालक का प्रशिक्षण दिलाये जाने के निर्देश भी दिये। इस क्रम में अब कुनो वन्यजीव वनमंडल की सीमाओं से आगे बढ़कर सामान्य वनमंडल श्योपुर के गांवों में भी जागरूकता अभियान शुरू किया जायेगा। चीता दिखाई देने पर वन विभाग को सूचना दी जाये तथा चीते के आसपास भीड न लगाये, बल्कि उसे सुरक्षित निकलने के लिए रास्ता प्रदान करें। डीएफओ आर थिरूकुरल ने बताया कि कूनो वनमंडल अंतर्गत चीतो की सूचना के लिए कन्ट्रोलरूम स्थापित किया गया है, यह कन्ट्रोलरूम 24 घंटे सातो दिन संचालित रहेगा। जंगल से बाहर चीता दिखाई देने पर किसी भी व्यक्ति द्वारा कन्ट्रोलरूम में नियुक्त कर्मचारी मानचित्रकार राज भारती प्रजापति मो.न. 9754640220 एवं सहायक ग्रेड-3 राजेश मंगल मो.न. 9907216080 पर सूचना दी जा सकती है।

**प्रशिक्षण** स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को 5 बैच में दिया जा प्रशिक्षण

# गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के नाम सहित किया जाये पंजीयन

सत्ता सुधार ■ श्योपुर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के नाम सहित पंजीकरण के संबंध में प्रशिक्षण गुरूवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक प्रदान किया है जिसमें लगभग 250 सीएचओ, एएनएम, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर तथा अन्य संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को 5 बैच में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रथम बैच में स्वास्थ्य विभाग के बडौदा ब्लॉक के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आज प्रशिक्षण प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं तथा



शिशुओं के नामवार पंजीकरण, ट्रेकिंग एवं बेहतर मॉनीटरिंग की दृष्टि से तथा जननी सुरक्षा योजना तथा मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना के द्वारा समग्र आधारित आधार बेस्ड भुगतान प्रणाली के माध्यम से भुगतान हेतु नवीन अनमोल एप्लीकेशन तथा आरसीएच पोर्टल का निमार्ण किया गया है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. हेमन्त रावत ने बताया कि नवीन अनमोल एवं आरसीएच पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं के नामवार पंजीकरण, ट्रेकिंग एवं बेहतर मॉनीटरिंग की जा सकेगी, जिससे जननी सुरक्षा योजना एवं मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना का लाभ शीघ्रता से मिल सकेगा। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक प्रमोद वर्मा ने पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए पोर्टल को ऑनलाइन संचालन करने के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएन सक्सैना, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस राजपूत, उप मीडिया अधिकारी आरबी शाक्य, डीसीएम अमित श्रीवास, सीपीएचसी सलाहकार नंदनी भिलवारे तथा राज्य स्तर से नामांकित विशाल दुबे उपस्थित थे।

# भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है होलीः भूषण

## भाजपा के गसवानी मंडल में होली मिलन समारोह आयोजित

**श्योपुर।** जिले के विजयपुर ब्लॉक के ग्राम गसवानी मंडल में गुरूवार को भाजपा का होली मिलन समारोह टेकरी हनुमान मंदिर पर आयोजित किया गया जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व वनमंत्री रामनिवास रावत, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ गोपाल आचार्य सहित बडी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने समस्त कार्यकर्ताओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब फूलों की होली अबीर और गुलाल की होली को शांति एवं सद्भावना के साथ मनाते हैं। हम सभी कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है कि प्रदेश और केंद्र सरकार की योजना को लेकर भी प्रचार करें और अंतिम छोर तक के व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत रहे। सभी कार्यकर्ता पार्टी हित में पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करें और स्वाभिमान के साथ जनता के हित में कार्य करते रहे। इस दौरान डॉ गोपाल आचार्य सहित, पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गर्ग, बीके शर्मा आदि ने सम्बोधित किया है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारी बैठक में दिए निर्देश

# शहर की बावड़ियों के जीर्णोद्धार का काम प्रमुखता से कराएं



**ग्वालियर।** शहर की बावड़ी व अन्य पुरानी जल संरचनाओं का जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रमुखता के साथ जीर्णोद्धार कराएं साथ ही घर-घर में रेन वाटर हार्वेस्टींग प्रणाली प्रमुखता से स्थापित कराएं। शहर भर में प्रमुख स्थानों व बाजारों में ग्रीष्म ॠतु के दौरान सार्वजनिक प्याऊ भी खोलें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर रुचिका चौहान ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान दिए।

राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च से ग्वालियर जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू होगा। कलेक्टर चौहान ने गुरुवार को बाल भवन के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों पर चर्चा की। साथ ही अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार व नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर चौहान ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन अनुमति के समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग मद में जमा कराई गई धनराशि से जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान शहर भर में विशेष रूप से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं बनवायी जाएं। उन्होंने सरकारी भवनों में प्रमुखता के साथ ऐसी संरचनाएं बनवाने के लिए कहा। कलेक्टर ने शहर की पहाड़ियों पर ट्रेंच बनाकर वर्षा जल का संरक्षण करने के भी निर्देश दिए। साथ ही कहा कि वन विभाग की मदद से मिट्टी की सीड बॉल (बीज की गेंद) तैयार कर पहाड़ियों पर बनाई जाने वाली ट्रेंच में डालने के लिए कहा। उन्होंने पहाड़ियों को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारी को लेकर हुई बैठक में कलेक्टर चौहान ने नलों के लीकेज ठीक करने , टूटे हुए नलों को बदलने व पाइप लाइनों के लीकेज सुधारने के निर्देश भी दिए। साथ ही घरों और सार्वजनिक स्थलों पर पानी का अपव्यय रोकने पर बल दिया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के ग्रामीण अंचल में 300 खेत तालाब बनाए जाएंगे। ग्रामीण अंचल में अमृत सरोवरों का भी निर्माण किया जायेगा। कलेक्टर चौहान ने तालाबों के किनारे अभियान के तहत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किसान कल्याण व कृषि विकास , उद्यानकी , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पर्यावरण , वन, राजस्व, जल-संसाधन व उद्योग इत्यादि विभागों के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत अभियान की सभी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से मूर्त रूप देने के निर्देश दिए।

# सम्पूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम भोपाल द्वारा संचालित संपूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत गुडा काका गार्डन नादरिया माता क्षेत्र में एक मेगा कैंप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिले के डीटीओ डॉ. विजय पाठक एवं संपूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम की प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्रीमती नीलम दीक्षित के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद सोनू कुशवाह उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती नीलम दीक्षित, प्रोग्राम ऑफिसर अच्छेंद्र सिंह कुशवाहा, डीएसआरसी काउंसलर रजिया खान, काउंसलर पूजा शर्मा एवं काउंसलर जितेन्द्र शाक्य उपस्थित रहे। डॉ. अमेश, डॉ. मातादीन गुप्ता, डॉ. सुरभि भदकारिया, डॉ. अमृता आर्य उपस्थित रहे। नीलम दीक्षित द्वारा सभी को संपूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत संपूर्ण सुरक्षा कार्यक्रम में दी जाने वाली गतिविधियों और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं एचआईवी गुप्त रोग वीआरएल कंडोम आदि के बारे में विस्तृतपूर्वक समझाया गया और मेडिकल कॉलेज सुरक्षा क्लीनिक का पता बताया जिससे कोई भी परेशानी होने पर कैंप के द्वारा हितग्राही आ सके। कार्यक्रम में मुख्य भूमिका मोनू राय, रविशंकर शर्मा, अभिषेक राठौर, हेमंत कुशवाहा, सुमन चौरसिया, रति जाटव एवं संपूर्ण सुरक्षा की ओआरडब्लू श्रीमती गीता सूर्यवंशी का विशेष योगदान रहा। आए हुए सभी हितग्राहियों की एचआईवी, वीडीआरएल, हेपिटाइटिस, टीवी, बीपी, शुगर की जांच की गई। साथ में काउंसलर रजिया द्वारा परामर्श भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में पार्षद ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर हर क्षेत्र में लगाए जाने चाहिए जिससे जो लोग अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते वह स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। कार्यक्रम में कुल 183 लोगों को लाभान्वित किया गया।

### अग्रवाल महिला महासभा का होली महोत्सव

# अग्रवाल भवन निर्माण के लिए पांच बीघा जमीन दान दी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



मध्यप्रदेश अग्रवाल महिला महासभा द्वारा होली महोत्सव के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य सदस्यों ने शामिल होकर आयोजन को भव्यता पूर्ण रूप देकर सभी सदस्यों का मान बढ़ाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल ने समाजसेवा के क्षेत्र में संस्था के योगदान को विस्तार से अवगत कराया। आने वाले समय में विकास की गति तेज करने की कोशिश और नई योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि रमेश अग्रवाल, अशोक गोयल, मुकेश अग्रवाल, शुभम सिंघल, राजेश ऐरन, मुकेश अग्रवाल, रामकिशन सिंघल, शिवशंकर अग्रवाल, श्रीमती ममता अग्रवाल और नरेंद्र सिंघल सहित सभी संस्था के गणमान्य सदस्यों ने सभा में अपने विचार व्यक्त किए और विकास को बढ़ावा देने का मार्गदर्शन दिया। अशोक गोयल ने संस्था को महाराज अग्रसेन भवन निर्माण हेतु जो 5 बीघा जमीन दी है। उस महान कार्य को शीघ्र आगे बढ़ाने हेतु सभी गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी सहमति दी और कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया। संस्था की सभी महिलाओं का विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया और नए सदस्यों को ऊर्जा के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

#### नृत्य और गेम्स भी खेले

इस अवसर पर सभी महिलाओं ने नृत्य, गेम्स और हाऊजी का आनंद लिया। ग्वालियर के सुप्रसिद्ध कलाकार राम उपाध्याय ने हनुमान जी का वेश धारण कर होली खेले, अंजनी को लाल सिंदूर से होली खेले भजन पर अपने नृत्य द्वारा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रदेश की उपाध्यक्ष श्रीमती लता गुप्ता के अथक प्रयासों से कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ। इस मौके पर संभागीय अध्यक्ष साधना मित्तल, जिला अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, उमा बंसल, उषा गुप्ता, अनुपमा सिंघल, अंजू गुप्ता, शोभा गर्ग, हेमलता गर्ग, मुक्ति बंसल और संस्था के सभी सदस्यों ने अपने सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास किया।

# भाविप सहयोग शाखा के निर्वाचन संपन्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर




भारत विकास परिषद क्षेत्रीय एवं प्रांतीय निर्देशों के परिपालन में सहयोग शाखा ग्वालियर वर्ष 2025-26 के निर्वाचन शाखा संरक्षक अनूप अग्रवाल एवं संस्थापक अशोक गर्ग के नेतृत्व में गत दिवस निर्वाचन अधिकारी अशोक हयारण के निर्देशन में राम मंदिर फालका बाजार में 38 सदस्यों के बीच सम्पन्न हुए। निर्वाचन प्रक्रिया का प्रारंभ मंचासीन शाखा अध्यक्ष राजकुमार गर्ग फतेह बाबा, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, रवि कुमार गर्ग,निर्वाचन अधिकारी अशोक हयारण, एवं कार्यक्रम अध्यक्ष क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव अनूप अग्रवाल द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र गीत वन्दे मातरम् का गायन कर अतिथियों का शाखा सदस्यों द्वारा, पट्टिका, मोती की माला, श्रीफल और पुष्प मालाओं से स्वागत,किया गया। निर्वाचन अधिकारी हयारण द्वारा सभी की सहमति से विष्णु गर्ग को सह निर्वाचन नियुक्ति कर निर्वाचन प्रक्रिया शुरू कर सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर राजकुमार गर्ग फतेह बाबा, सचिव पद पर आनंद अग्रवाल रंगवाले एवं कोषाध्यक्ष पद पर सुभाष अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचित सदस्यों को सभी ने बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक हयारण ने कहा कि शाखा सहयोग द्वारा निरंतर सेवा संस्कार और सहयोग के कार्य किए जाते हैं और नियमित रूप से बोहड़ापुर पर राष्ट्र गान कि काफी प्रशंसा की। निर्वाचन उपरांत सभी ने क्षेत्रीय महासचिव सुधीर अग्रवाल एवं अनूप अग्रवाल क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव की पुनः नियुक्ति पर उन्हें सभी के द्वारा बधाईयां दी। सभी का आभार रामनाथ अग्रवाल ने व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। सभी ने अंत में दाल बाटी चूरमा का आनंद लिया। कार्यक्रम में शाखा सहयोग से रवि कुमार गर्ग, महेन्द्र कुमार गर्ग, विष्णु अग्रवाल, कृष्णकांत अग्रवाल, अरुण बंसल, किशन गुप्ता, कन्हैया लाल सिंघल, तुलसी दास वैश्य, आनंद अग्रवाल रंगवाले, दिनेश अग्रवाल रक्तदान, प्रकाश अग्रवाल, नरेश जैन, संतोष तायल, आनंद मोहन अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे।



## श्रीमद् भागवत कथा का समापन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

दीक्षा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ हुई। जिसमें सभी श्रद्धालु उपस्थित रहे। दरअसल कथा बाल व्यास सुविख्यात ब्रजेश्वरी राधे के मुखारबिंद से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। सात दिवसीय सुंदर भजन एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, रुक्मणी विवाह एवं सुदामा चरित्र के प्रसंग के साथ कथा समाप्त हुई। कथा समाप्ति के पश्चात भंडारा एवं प्रसादी वितरण किया गया। कथा बाल व्यास सुविख्यात ब्रजेश्वरी राधे को विदाई कर उन्हें प्रणाम किया। उनके चरणों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी के साथ उन्होंने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया और पुनः ग्वालियर से अपने निवास पर प्रस्थान किया।

## ग्वालियर लोकसभा का होली मिलन समारोह कल

**ग्वालियर।** ग्वालियर लोकसभा सांसद भारत सिंह कुशवाह के नेतृत्व में भाजपा ग्वालियर लोकसभा का होली मिलन समारोह 29 मार्च को शाम 4 बजे राजबाग गार्डन, मेला रोड पर आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेतागण सहित 6 विधानसभा के कार्यकर्तागण शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में बुंदेली गायिका सुश्री कविता शर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही कलाकारों द्वारा ब्रज की होली और विभिन्न कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। समारोह की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। इस अवसर पर ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह द्वारा लोकसभा क्षेत्र के सभी सामाजिक, गणमान्य लोगों व कार्यकर्ताओं से इस आयोजन में शमिल होने का आग्रह किया है। समारोह के जरिए हम अपनी पार्टी की एकता को और मजबूती देंगे और अपनी सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि हम सभी को मिलकर इस कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाना है।

# जप न कर सको तो मानसी जप जरूर करें : राघव ऋषि

### आज समापन दिवस की कथा सुबह 10 बजे से होगी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर





आज की भागदौड़ की जिंदगी में कई बार इंसान चाहकर भी जप नहीं कर पाता है। जप के लिए यदि समय नहीं निकाल पा रहे तो मानसी जप जरूर करना चाहिए, यानि अपने काम को करते हुए भगवान का नाम सुमरिन करते रहना। जैसे कि यदि गाड़ी चला रहे हो अथवा पैदल घूम रहे हो, हर वक्त जब भगवान का ध्यान करोगे तो उनसे आपका एक नजदीका रिश्ता बन जाएगा। यह विचार माधव मंगलम गार्डन में ऋषि सेवा समिति द्वारा आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास राघव ऋषि ने व्यक्त किए। कथा संयोजक रामबाबू अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को समापन दिवस भावपूर्ण प्रसंग सहित विविध प्रसंगों पर सुबह 10 से 12 बजे तक वर्णन होगा, तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एकर करोड़ जप से आरोग्य और 8 करोड़ जप से अकाल मृत्यु नहीं होती है। सत्संग भक्ति नहीं भक्ति का प्रकार है। सत्संग और भक्ति एक नहीं बल्कि एक दूसरे के पूरक हैं। सत्संग करने वाला यदि भक्ति नही करेगा तो वह सार्थक नहीं हैं। इसी तरह भक्ति करने वाला यदि सत्संग नहीं करेगा तो पूर्ण रस नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि कई लोग वर्षो से कथा तो सुन रहे हैं लेकिन भक्ति नही कर पाते हैं। सत्संग के संग भक्ति जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो धर्म को नहीं मानता है, धर्म उसका नाश कर देता है। जीवन में यदि ग्रंथ, मंत्र संत और कंत हो तो धर्म अर्थ काम मोक्ष फलीभूत हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति करते समय यदि आंसू निकलने लगें तो समझो तन मन पवित्र हो गया। उन्होंने कहा कि मनुष्य सुख पाना चाहता है परन्तु सही दिशा में प्रयास नहीं करता है। मनुष्य का स्वभाव है वह बिना किसी प्रयत्न और कष्ट के सुख चाहता है। मनुष्य पुण्य करना नहीं चाहता फिर भी पुण्य के फल की इच्छा रखता है। पाप करता है फिर भी पाप के फल को नहीं चाहता। सुदामा चरित्र की व्याख्या करते हुए राघव ऋषि ने कहा कि सुदामा अर्थात् सुंदर रस्सी से बंधा हुआ। माता, पिता, भाई, पत्नी पुत्र आदि दस रस्सियों से जीवरूपी सुदामा बंधा है। वो अपनी पत्नी की कहने पर भगवान के घर की ओर कदम बढाता है। जीव यदि दो कदम प्रभु के लिए आगे बढ़े तो भगवान सौ कदम आगे बढ़ते हैं। इस अवसर पर सौरभ ऋषि ने अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो भजन सुनाया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। पोथी, व्यासपीठ पूजन एवं झांकीपूजन मुख्य यजमान मधु-विनोद गोयल ने सपरिवार किया गया। इस मौके पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण शिवहरे, समिति के आनन्द मोहन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, प्रमोद गर्ग, संजय शर्मा, अम्बरीष गुप्ता, उमेश उप्पल, मनीष गोयल, देवेंद्र तिवारी सहित अनेक श्रद्धालु श्रोता मौजूद रहे।



## मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 176वीं बैठक संपन्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, झांसी में गत दिवस मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 176वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग एवं इसे सशक्त रूप से लागू करने हेतु विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने झांसी मंडल में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यों में हिंदी का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए एवं सभी कर्मचारी हिंदी के प्रावधानों का पालन करें। उन्होंने सभी विभागों से अपेक्षा की कि वे अपने दैनंदिन कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग कर राजभाषा नीति के उद्देश्यों को सफल बनाएं। अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा ने बैठक में उपस्थित सभी शाखा अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मंडल के सभी कार्यालयों में प्रयोग किए जा रहे कंप्यूटरों एवं लैपटॉप पर हिंदी टाइपिंग एवं हिंदी सॉफ्टवेयर का अनिवार्य रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हिंदी में प्रशिक्षित कार्यरत आशुलिपिकों एवं टंककों की सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए।

## अवाडपुरा मामले में आम आदमी पार्टी की आंशिक जीत

**ग्वालियर।** ग्वालियर के चर्चित धोखाधड़ी मामले में अवॉर्डपुरा के अंदर संचालित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कियोस्क संचालक और बैंक के कर्मचारियों संदेहास्पद कार्यशैली से सैकड़ों गरीब लोगों के साथ उनकी मेहनत के करोड़ों रुपए का गबन कर लिया। जिसमें कंपू पुलिस अपनी संपूर्ण मामले की जांच 90 दिन में पूरी नहीं कर पाई। न्यायालय में अधूरी चार्टशीट ही पेश कर दी।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद श्योपुर जिला-श्योपुर (म.प्र.)

EMAIL AD.- cmosheopurkalan@mpurban.gov.in

क्रमांक/UADD_2025_SHEOPUR_47 | श्योपुर दिनांक. 25.03.2025

### // संक्षिप्त ऑन लाईन निविदा विज्ञप्ति //

नगरपालिका परिषद श्योपुर द्वारा वर्ष 2025-26 के लिये नवीन एकीकृत बस स्टेण्ड परिसर में अस्थाई दखल शुल्क वसूली ठेका के लिये नीलामी शर्तो की तहत ऑनलाईन निविदा दिनांक 09.04.2025 तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति / फर्म अपनी अपनी दरे ऑनलाईन निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र. | टेंडर नम्बर | ठेके का नाम | शासकीय राशि (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD _411962_1 | अस्थाई दखल शुल्क (बस स्टेण्ड में लागू) दर 50/-रूपये प्रति बस प्रति दिन | 20.00 | 1.00/- | 2000/- | 31 मार्च 2026 तक |

**शर्ते :-**

1. टेण्डर जारी एवं परचेंज करने का दिनांक :- 26.03.2025 - प्रातः 10:30 बजे।
2. टेण्डर परचेज की अंतिम दिनांक :- 09.04.2025 - शाम 05:30 बजे।
3. ओपन दिनांक :- 11.04.2025 - प्रातः 10:30 बजे।
4. अधिकतम दर प्रस्तुतकर्ता को एल-01 माना जावेगा।
5. निविदादाता को अपना आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता प्रति, निर्धारित प्रारूप में एफीडेविट एवं टेण्डर फीस व अमानत राशि की प्रति, तकनीकी बीड़ में ऑनलाईन जमा करना होगी।
6. निविदा में किया गया कोई भी संशोधन उक्त वेवसाईट पर किया जावेगा पृथक से कोई भी प्रकाशन नहीं किया जावेगा अतः संबंधित जानकारी उक्त वेवसाईट पर देखी जावे। निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में संबंधित शाखा में देखी जा सकती है। उपरोक्त निविदा सूचना विभाग की एवं विस्तृत जानकारी ई-पोर्टल https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं।

(रेनू सुजीत गर्ग)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद, श्योपुर

(राधेरमन यादव)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, श्योपुर


### रागायन और स्वर माधुरी का सांगीतिक आयोजन

# संगीत सभा में बिखरा सुर और साज का सौंदर्य

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



शहर की प्रतिष्ठित सांगीतिक संस्था रागायन और स्वर माधुरी के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को यहां लक्ष्मीबाई कॉलोनी स्थित सिद्धपीठ श्री गंगादास जी बड़ी शाला में आयोजित विशिष्ठ संगीत सभा में सुर साज के मुख्तलिफ रंग देखने ओर सुनने को मिले। ध्रुपद और खयाल गायन से सजी इस सभा में शहर और बाहर से आए कलाकारों ने एक से बढकर एक सांगीतिक प्रस्तुतियां दीं। सभा की अध्यक्षता रागायन के अध्यक्ष एवं शाला के महंत रामसेवक दास ने की। सभा की शुरुआत सुभाष गड़कोटी के ध्रुपद गायन से हुई। उन्होंने राग रागेश्री में अपना गायन प्रस्तुत किया। आलाप, मध्यलय आलाप और द्रुत लाया आलाप से शुरू करके उन्होंने राग का स्वरूप खड़ा किया। इसके पश्चात चौताल और सूलताल में दो बंदिश पेश की। आपके साथ पखावज पर स्वामी प्रकाशानंद ने सुमधुर संगत की। अगली प्रस्तुति तबला और पखावज की जुगलबंदी की रही। इसमें तबले पर नीरज शर्मा और पखावज पर प्रकाशानंद थे। दोनों ने तीन ताल और चौताल में प्रस्तुतियां दी। सारंगी पर अब्दुल हमीद ने लहरा दिया। सभा का समापन अनुज डंगवाल के खयाल गायन से हुआ। उन्होंने राग मालकौंस में दो बंदिश पेश की। एकताल में निबद्ध विलंबित बंदिश के बोल थे -दया करो प्रभु तुम श्रीराम जबकि तीनताल में मध्यलय की बंदिश के बोल थे- कर ले जप गुरु नाम। गायन का समापन आपने भैरवी में एक भजन से किया। आपके साथ हारमोनियम पर नवनीत कौशल एवं तबले पर नीरज शर्मा ने संगत की। शुरू में महंत स्वामी रामसेवक दास ने सभी कलाकारों के साथ सरस्वती पूजन एवं गुरुपूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर यश भंसाली, डॉ. विकास विपट, जयवंत गायकवाड़, प्रवीण कमठान, गोविंद पलिया सहित बड़ी संख्या में रसिकजन उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने बेटी का नाम रखा हिंद

**दुबई।** दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने बेटी का नाम हिंद अपनी मां शेखा हिंद बिंत मक्तूम बिन जुमा अल मक्तूम के सम्मान में रखा है। शेख हमदान दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मक्तूम और शेखा हिंद बिंत मक्तूम बिन जुमा अल मक्तूम के दूसरे बेटे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। खास बात है कि उन्होंने अपनी बेटी का नाम हिंद रखने का फैसला किया है। इससे पहले शाही जोड़े के दो बेटे और एक बेटी भी हैं। हमदान साल 2008 से ही दुबई के क्राउन प्रिंस हैं। साथ ही वह संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री भी हैं।शेख हमदान सोशल मीडिया पर भी काफी ऐक्टिव रहते हैं। इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या करीब 17 मिलियन है। वह पोस्ट के जरिए अपनी जीवन की झलकियां साझा करते हैं।

### बेहद हल्की गैलेक्सी की खोज की वैज्ञानिक ने

**नई दिल्ली।** अमेरिकी खगोलविदों ने एक बेहद हल्की गैलेक्सी की खोज की है। यह गैलेक्सी हमारी पड़ोसी एंड्रोमेडा गैलेक्सी के चारों ओर घूम रही है। खगोलविदों ने इस गैलेक्सी को एंड्रोमेडा एक्सएक्सएक्सवी नाम दिया गया है। यह अब तक देखी गई सबसे फीकी और सबसे छोटी गैलेक्सी है। वैज्ञानिकों के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि इतनी छोटी गैलेक्सी अब तक बची कैसे रही, क्योंकि अब तक माना जाता था कि इतनी हल्की आकाशगंगाएं ब्रह्मांड की शुरुआती गर्म और घनी परिस्थितियों में टिक नहीं पातीं। लेकिन एंड्रोमेडा एक्सएक्सएक्सवी इस धारणा को गलत साबित कर रही है। मिशिगन यूनिवर्सिटी के खगोलविद एरिक बेल का कहना है कि यह गैलेक्सी पूरी तरह से सक्रिय है।

# किम जोंग के हथियारों से घबराया अमेरिका तबाही मचा सकती एआई तकनीक

## किम हथियारों का परीक्षण बिना किसी की परवाह किए लगातार कर रहे हैं

**एजेंसी ■ प्योंगयांग**

दुनिया में अमेरिका किसी से डरता है तो वो है उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग। वजह ये है कि दुनिया के सबसे खतरनाक हथियारों का परीक्षण बिना किसी की परवाह किए लगातार कर रहे हैं। अमेरिका भले ही दूसरे देशों को डराता धमकाता रहे लेकिन किम जोंग की तरफ देखता भी नहीं है। अब इस तानाशाह ने एआई की मदद से एक घातक हथियार बनाया है। उनका इस हथियार की बदौलत तबाही लाने की योजना है। रिपोर्ट के मुताबिक किम जोंग उन ने एआई तकनीक से लैस आत्मघाती ड्रोन बनवाए हैं। उत्तरी कोरिया की एजेंसी के मुताबिक किम ने कहा कि आधुनिक हथियारों के विकास में मानव रहित उपकरण और एआई तकनीक को सबसे ज्यादा महत्व देना चाहिए। उत्तर कोरिया के इस गैरजिम्मेदाराना व्यवहार से दुनिया बौखला गई है। अमेरिका सहित तमाम पश्चिम देश उत्तर कोरिया पर लगाने लगाने के लिए कई तरह के



प्रतिबंध लगा चुके हैं।

किम जोंग उन ने नए और उन्नत जासूसी ड्रोन का भी निरीक्षण किया। ये ड्रोन जमीन और समुद्र पर दुश्मन के ठिकानों और गतिविधियों का पता लगाने में सक्षम हैं। किम ने कहा कि हमें सेना को आधुनिक बनाने के लिए मानव रहित उपकरणों और एआई को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने यह भी जोर दिया कि सैन्य इस्तेमाल के लिए स्मार्ट ड्रोनों की होड़ में आगे रहने के लिए लंबे समय तक चलने वाला एक मजबूत राष्ट्रीय कार्यक्रम बनाना जरूरी है। राज्य मीडिया ने तस्वीरें जारी कीं, जिनमें एक ड्रोन को टैंक जैसे लक्ष्य पर हमला करते और उसमें विस्फोट करते दिखाया गया। किम अपने सहायकों के साथ एक बड़े ड्रोन के पास खड़े दिखे, जो आकार में सामान्य लड़ाकू विमान से बड़ा लग रहा था। इसके अलावा किम एक चार इंजन वाले बड़े विमान के पास भी नजर आए, जिसके ऊपर रडार लगा था। यह विमान हवा में जल्दी चेतावनी देने वाला (एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग) विमान बताया जा रहा है, जो उत्तरी कोरिया की पुरानी हवाई रक्षा प्रणाली को बेहतर कर सकता है।

उत्तरी कोरिया ने ड्रोन विकसित करने पर जोर दिया है, जिसमें आत्मघाती ड्रोन भी शामिल हैं। माना जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट पिछले एक साल से रूस के साथ बढ़ती सैन्य साझेदारी का हिस्सा है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग में उत्तर कोरिया के सैनिकों को ड्रोन युद्ध में शामिल होने की खबरें हैं, जिससे उन्हें जंग के मैदान का अनुभव मिल रहा है। किम ने अलग से जासूसी, खुफिया जानकारी जुटाने, इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग और हमले के लिए नए विकसित उपकरणों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इन तकनीकों को तेजी से विकसित करना और सेना में शामिल करना जरूरी है। उत्तरी कोरिया का यह कदम उसकी सैन्य ताकत को बढ़ाने की कोशिश का हिस्सा माना जा रहा है। पिछले कुछ समय से उत्तरी कोरिया और रूस के बीच सैन्य सहयोग बढ़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि रूस उत्तरी कोरिया को ड्रोन तकनीक में मदद दे रहा हो सकता है।

# ट्रंप के द्वारा निकाले गए सरकारी कर्मचारियों को खुफिया तरीके से चीनी कंपनियां कर रहीं भर्ती

**एजेंसी ■ वाशिंगटन**

वाशिंगटन स्थित एक थिंक टैंक और मीडिया की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। खुलासे में बताया गया कि चीनी द्वारा संचालित कंपनियों का एक खुफिया नेटवर्क हाल ही में नौकरी से निकाले गए अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों को भर्ती कर रहा है। इस अभियान के तहत फर्जी परामर्श और हेडहंटिंग फर्मों का उपयोग किया जा रहा है, जो विशेष रूप से पूर्व सरकारी कर्मचारियों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रिसर्चर्स को निशाना बना रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध नेटवर्क में चार कंपनियां शामिल हैं, जिनकी सार्वजनिक रूप से बहुत कम जानकारी मौजूद है। ये कंपनियां एक ही वेबसाइट सर्वर का उपयोग करती हैं और उनकी डिजिटल उपस्थिति आपस में जुड़ी हुई मिली है। इसमें से एक इंटरनेट सेवा कंपनी स्मियाओ इंटेलिजेंस की वेबसाइट रिपोर्टिंग के दौरान अचानक गायब हो गई। जांच में पाया गया कि इन कंपनियों के फोन नंबर या बंद थे या फिर गलत पते दर्ज किए गए थे। लिंक्डइन और अन्य प्लेटफॉर्म से नौकरियों के विज्ञापन भी हटा दिए गए। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि



यह नेटवर्क उन सरकारी कर्मचारियों की आर्थिक कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है, जो हाल ही में छंटनी के कारण बेरोजगार हुए हैं। वेवमैक्स इनोवेशन नाम की एक कंपनी ने क्रेग्सलिस्ट पर नौकरियों के विज्ञापन दिए थे, जिसमें हाल ही में निकाले गए अमेरिकी सरकारी कर्मचारियों को निशाना बनाया गया था। इसी तरह, रिवरमर्ज स्ट्रेटेजीज नामक एक और कंपनी ने खुद को भू-राजनीतिक जोखिम परामर्श फर्म बताकर लिंक्डइन पर उच्च पदों के लिए आवेदन मांगे।

हालांकि, अभी तक यह पुष्टि नहीं हो सकी है कि इन कंपनियों का चीन सरकार से कोई संबंध है या नहीं। लेकिन व्हाइट हाउस ने चेतावनी दी है कि चीन अमेरिका की खुली प्रणाली का फायदा उठाने के लिए जासूसी और अन्य रणनीति अपनाता है।

# तुर्बत में पाकिस्तानी सैन्य बलों पर विद्रोहियों का हमला, कई मार्गों पर किया कब्जा

**एजेंसी ■ इस्लामाबाद**


पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच अलगाववादी सशस्त्र विद्रोहियों ने बुधवार को सुरक्षाबलों के खिलाफ बड़े हमले किए हैं। प्रांत के कई जिलों में कई हमले हुए हैं। तुर्बत में पाकिस्तानी सैन्य बलों के मुख्य शिविर पर हमला किया गया है। विद्रोहियों ने कई शहरों को जोड़ने वाले रणनीतिक मार्गों पर कब्जा कर लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सशस्त्र विद्रोहियों ने केच जिले में चीन-पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) राजमार्ग पर कई ट्रकों पर हमला किया और चार ट्रकों को आग के हवाल कर दिया।

बलूचिस्तान के ग्वादर जिले में नाकेबंदी के दौरान 5 लोगों की हत्या कर दी गई है। तुर्बत शहर में देर शाम कई विस्फोट और गोलियों की आवाजें सुनाई दीं, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सशस्त्र समूहों के लड़ाके भारी संख्या में देखे गए हैं, जो सड़कों पर गश्त लगा रहे हैं।

# पाकिस्तान में बड़ा फैसला चाहे जितने निकाह करो, नहीं रोक पाएगी बीबी

**एजेंसी ■ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में कितने की निकाह किए जा सकते हैं और बीबी इस मामले में कोई अडंगा नहीं डाल पाएगी। यहां की शीर्ष धार्मिक संस्था, काउंसिल ऑफ इस्लामिक आइडियोलॉजी (सीआईआई) ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी मुस्लिम पुरुष की पहली पत्नी को अपने निकाय को रद्द करने का अधिकार नहीं है, भले ही उसका पति उसकी सहमति के बिना दूसरी शादी कर ले। यह निर्णय सीआईआई की बैठक के बाद जारी किया गया, जिसने



देश में बहुविवाह से संबंधित कानूनी और धार्मिक बहस को फिर से गरमा दिया है।

सीआईआई पाकिस्तान में कानूनों को इस्लामी सिद्धांतों के अनुरूप बनाने की सलाह देती है। इस संस्था ने कहा, पहली पत्नी को यह अधिकार देना कि वह अपने पति की दूसरी शादी के आधार पर अपनी शादी को रद्द कर सके, इस्लामी सिद्धांतों के खिलाफ है। परिषद के अनुसार, शरीयत पुरुषों को चार शादियों की इजाजत देती है और इसमें पहली पत्नी की सहमति की कोई शर्त नहीं है। सीआईआई के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद खान शीरानी ने कहा, शरीयत के तहत पुरुष को दूसरी शादी के लिए अपनी पहली पत्नी से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। यह कानून इस्लामी शिक्षाओं के अनुरूप नहीं है। यह फैसला उस समय आया है जब हाल ही में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दूसरी शादी के लिए पहली पत्नी की सहमति या आर्बिट्रेशन काउंसिल की मंजूरी जरूरी है। सीआईआई ने इस अदालती फैसले को गैर-इस्लामी करार देते हुए इसकी आलोचना की और सरकार से अपील की कि वह मुस्लिम फैमिली लॉ ऑर्डिनेंस, 1961 में संशोधन करे, जिसमें दूसरी शादी के लिए पहली पत्नी की सहमति अनिवार्य है।




# खाकी पर अपराधियों का रौब, जगह-जगह पिट रही है पुलिस

सरकार को सोचना होगा, पुलिस बल का प्रभाव आम जनता के बीच में कम क्यों होता जा रहा है। आम जनता पुलिस के ऊपर हमले क्यों कर रही है। जिस पुलिस के डर और भय से लोग स्वयं नियंत्रित हो जाते थे, अब वही लोग पुलिस के ऊपर हमला करने से भी नहीं डरते हैं। हाल ही में दर्जनों स्थानों पर पुलिस के ऊपर हमले हुए हैं। वर्दी के पीछे पुलिस कर्मियों की वेदना उनके लिए असहनीय होती जा रही है। वह अपनी वेदना शारीरिक रूप से व्यक्ति भी नहीं कर सकते हैं। पुलिस के ऊपर जिस तरह से राजनीतिक दबाव बढ़ता जा रहा है। राजनीतिक दलों एवं धार्मिक संगठनों के नेता एवं भीड़ जरा-जरा सी बात पर हिंसक आंदोलन खड़े कर देते हैं। आक्रामक तरीके से सड़क एवं धार्मिक स्थलों पर प्रदर्शन करते हैं। विशेष रूप से दो समुदायों के बीच जिस तरह से आरोप प्रत्यारोप का दौर चल पड़ा है। उसके कारण सारे देश में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार खराब होती चली जा रही है। पुलिस बल का रौब भी खत्म होता चला जा रहा है। रमजान का महीना चल रहा है। मुस्लिम समुदाय के रोजा और नमाज को लेकर एक विशेष वर्ग द्वारा लगातार एक धार्मिक समुदाय पर दबाव बनाया जा रहा है। समुदाय विशेष के धार्मिक क्रियाकलापों के संदर्भ में जिस तरह की बातें हो रही हैं। वह कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। रमजान ओर रामनवमी पर्व एक साथ होने के कारण कुछ संगठनों का उग्र रवैया आग में घी डालने का काम कर रहा है। जिसके कारण कई राज्यों की कानून व्यवस्था की स्थिति दिनों-दिन बिगड़ती चली जा रही है। 300 साल के इतिहास में नागपुर में पहली बार दंगा हुआ। इसका कारण भी पूर्णतः एक वर्ग विशेष के खिलाफ आंदोलन और प्रदर्शन के बाद जिस तरह की स्थिति निर्मित हुई, उसके कारण दंगा हो गया। कर्फ्यू लगाना पड़ा। पुलिस को कानून व्यवस्था नियंत्रित करने के लिए स्वतंत्र रूप से काम करने का मौका नहीं मिलता है। सरकार के दबाव मे काम करना पड़ता है। दो वर्गों के बीच के विवाद में एक वर्ग के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई करनी पड़ती है। एक वर्ग विशेष के मकानों को बुलडोजर से पुलिस की उपस्थिति में तोड़ दिया जाता है। राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण दूसरे पक्ष पर कोई कार्यवाही नहीं होती है।



जिसके कारण पुलिस के खिलाफ एक गुस्सा पनपता है। मुंबई में एक कॉमेडियन द्वारा एक कार्यक्रम में एक राजनेता के ऊपर व्यंग्य किया गया। उसके बाद एक वर्ग विशेष के लोगों ने कार्यक्रम स्थल पर तोड़फोड़ कर दी। राज्य सरकार और जिला प्रशासन कॉमेडियन के खिलाफ खड़ी हो गई।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 किस तरह चिंताओं और मुद्दों का समाधान करता है



▪ हर्ष रंजन

वक्फ संपत्तियां समुदाय के कल्याण के लिए होती हैं और यह कल्याण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या धार्मिक उद्देश्यों से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, जमीन हड़पने, फर्जी दावों और राजनीतिक रूप से जुड़े व्यक्तियों द्वारा दुरुपयोग के मामलों ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। गरीबों की मदद करने के बजाय, इन संपत्तियों का इस्तेमाल अक्सर निजी लाभ के लिए किया जाता रहा है।

यह नया विधेयक सुनिश्चित करता है कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा की जाए और उनका इस्तेमाल इच्छा के मुताबिक किया जाए। वक्फ संशोधन विधेयक 2024, वक्फ संपत्तियों में कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधायी कदम है। ये प्रस्तावित संशोधन पारदर्शिता बढ़ाने, कानूनी स्वामित्व सुनिश्चित करने और वक्फ बोर्डों के भीतर जवाबदेही व शासन के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने पर केंद्रित हैं। वक्फ संपत्ति प्रबंधन में मुख्य चिंता उचित पहचान और डिजिटलीकरण की कमी रही है। यह विधेयक धारा 54 और 55 के प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है, जो अतिक्रमण की रोकथाम से संबंधित हैं। वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यह विवादित संपत्तियों से संबंधित मुकदमों के शीघ्र निपटारे के साथ-साथ ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान और डिजिटलीकरण को अनिवार्य बनाता है। इस तरह डिजिटल रिकॉर्ड रखने से अनधिकृत दावों और फर्जी लेनदेन पर अंकुश लगेगा। यह भी सुनिश्चित होगा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग उनके इच्छित धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जा सके। 2013 में संशोधित वक्फ की मौजूदा परिभाषा, किसी भी व्यक्ति को वक्फ के रूप में संपत्ति दान करने की अनुमति देती थी, जिससे कई धोखाधड़ी वाले दावे होते थे। संशोधन विधेयक 2013 से पहले की स्थिति को बहाल करता है, जिसमें यह आवश्यक है कि केवल इस्लामी आस्था का व्यक्ति जो संपत्ति का कानूनी मालिक है, वह इसे वक्फ के रूप में घोषित कर सकता है, इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि वह कम से कम पांच साल से इस्लाम को मानता आया हो। यह उपाय संदिग्ध दान को रोकेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि केवल वास्तविक धार्मिक बंदोबस्ती को ही मान्यता दी जाए। यह प्रावधान उन मामलों को खत्म कर देगा जहां मूल मालिक के पास कानूनी स्वामित्व नहीं होने के बावजूद संपत्तियों को वक्फ के रूप में गलत तरीके से दावा किया गया था। एक अन्य महत्वपूर्ण सुधार उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ प्रावधान को हटाना है, जो पहले संपत्तियों को दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ के रूप में नामित करने की अनुमति देता था। इस प्रावधान के कारण कई मामले सामने आए थे जहां सरकारी स्वामित्व वाली संपत्तियों सहित अन्य कई संपत्तियों को गलत तरीके से वक्फ के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इस संशोधन के तहत, केवल औपचारिक वक्फ विलेख वाली संपत्तियों को ही वक्फ के रूप में मान्यता दी जाएगी, ताकि अनधिकृत दावों को रोका जा सके। हालांकि, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ के तहत मौजूदा पंजीकृत वक्फ संपत्तियों को संरक्षित किया जाएगा, जब तक कि वे विवाद में न हों या सरकारी स्वामित्व वाली न हों,




जिससे सामुदायिक हितों और सार्वजनिक संपत्ति अधिकारों के बीच संतुलन बना रहे। वक्फ बोर्डों द्वारा संपत्तियों के गलत तरीके से अधिग्रहण को रोकने के लिए विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वक्फ के समान उद्देश्यों के लिए मुसलमानों द्वारा स्थापित लेकिन अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत विनियमित ट्रस्टों को वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा। यह स्पष्टीकरण स्वतंत्र मुस्लिम धर्मार्थ ट्रस्टों के प्रशासन में वक्फ बोर्डों द्वारा अनुचित हस्तक्षेप को रोकेगा। यह विधेयक वक्फ बोर्डों के भीतर प्रशासनिक अक्षमताओं को भी दूर करता है। रिकॉर्ड को डिजिटाइज़ करने और उन्हें वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड करने में विफलता एक प्रमुख मुद्दा रहा है। संशोधन में कहा गया है कि सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाना चाहिए ताकि अधिक पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित हो सके।

एक और मुख्य चिंता, गलत तरीके से सरकारी संपत्तियों को वक्फ संपत्ति के रूप में घोषित करने की है, जैसा कि दिल्ली में 123 वक्फ संपत्तियों और सूरत नगर निगम से जुड़े विवादों के मामलों में देखा गया है। इसका मुकाबला करने के लिए धारा 3सी में प्रावधान है कि पहले या वर्तमान में वक्फ के रूप में घोषित की गई कोई भी सरकारी संपत्ति तब तक वक्फ की नहीं मानी जाएगी जब तक कि किसी नामित अधिकारी द्वारा सत्यापित न हो। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त यह अधिकारी जांच करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सरकारी संपत्ति सुरक्षित है।

विधेयक में लंबित वक्फ सर्वेक्षणों की जिम्मेदारी कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित करने का भी प्रस्ताव है, जो प्रक्रिया को पूरा करने के लिए राज्य के राजस्व कानूनों का पालन करेंगे। यह सुधार सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्ति सर्वेक्षण अधिक कुशलतापूर्वक और बिना किसी पक्षपात के किए जाएं। जवाबदेही की कमी, शक्ति का दुरुपयोग और बाहरी पक्षों के साथ मिलीभगत के लिए राज्य वक्फ बोर्डों की आलोचना की गई है। इन मुद्दों के निराकरण के लिए, विधेयक में राज्य वक्फ बोर्डों को मासिक बैठकें आयोजित करने, नियमित निगरानी और निर्णय लेने का आदेश दिया गया है। इसके अतिरिक्त, वक्फ पंजीकरण के लिए कोई भी आवेदन सत्यापन के लिए कलेक्टर को भेजा जाएगा, जिससे प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित होगी और वक्फ बोर्डों द्वारा मनमाने निर्णय लेने से रोका जा सकेगा। इसके अलावा, विधेयक धारा 40 को हटाकर वक्फ बोर्डों की किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने की विशेष शक्ति को तर्कसंगत बनाता है, जो पहले पूरी तरह से जांच के बिना ऐसी घोषणाओं की अनुमति देता था। वक्फ प्रबंधन की अखंडता के लिए, नए प्रावधानों में कदाचार में शामिल मुतवल्लियों (वक्फ संपत्तियों के संरक्षक) के लिए सख्त अयोग्यता मानदंड पेश किए गए हैं।

हितधारकों के लिए बेहतर कानूनी सहारा प्रदान करने के लिए, विधेयक में धारा 83(9) के तहत एक अपीलीय तंत्र शामिल है, जो यह सुनिश्चित करता है कि न्यायाधिकरण के फैसलों को चुनौती दी जा सके जिससे विधिक उपाय मजबूत होंगे। इसके अलावा, वक्फ विवादों के लिए सीमा अधिनियम की प्रयोज्यता अनिश्चितकालीन मुकदमेबाजी को रोकेगी, जिससे विवादों का समय पर समाधान हो सकेगा। अंत में, इस विधेयक में धारा 108ए को हटाने का प्रस्ताव है, जो पहले अन्य कानूनों पर अधिभावी अधिकार प्रदान करती थी। यह वक्फ शासन के लिए और अधिक समान और कानूनी रूप से सुदृढ़ दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है। कुल मिलाकर, वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, अनधिकृत दावों को रोकने और वक्फ संपत्तियों के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी सुधारों को पेश करता है। पारदर्शिता, कानूनी स्वामित्व सत्यापन और प्रशासनिक जवाबदेही पर जोर देकर, विधेयक मुस्लिम समुदाय और बाकी जनता दोनों के हितों की रक्षा करते हुए वक्फ बोर्डों की विश्वसनीयता बहाल करना चाहता है।

- वरिष्ठ पत्रकार

# कालेजियम कब तक कवच बनेगा मीलार्ड!

जिस देश की अदालतों में करीब साढ़े चार करोड़ मुकदमे फैसले का इंतजार कर रहे हैं लाखों लोगों को जीवन भर अदालतों की चौखट पर सिर पटकने के बाद भी न्याय नहीं मिल पाता है वहीं न्याय के देवता अकूत संपदा जमा कर ऐसी व्यवस्था बनाए बैठे हैं कि उनके कारनामों की सहज शुचिता भरी जांच भी उन्हीं के कुलदेवताओं की मर्जी पर टिकी है? क्या हमारी न्याय व्यवस्था विश्वास के संकट के दौर में नहीं है? न्यायालय के एक न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास के एक कमरे से कथित रूप से बेहिसाब नगदी की बरामदगी ने देश के जनमानस को न्यायिक तंत्र में पैर जमा रहे भ्रष्टाचार पर सोचने के लिए मजबूर कर दिया है वहीं आम आदमी के मन मस्तिष्क में न्याय पालिका के लिए बनी साख पर भी जबरदस्त कुठाराघात किया है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की एक जांच समिति गठित की है। वहीं पारदर्शिता सुनिश्चित करने और गलत सूचनाओं को दूर करने के लिये सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक की है। इस रिपोर्ट ने निष्कर्ष दिया है कि पूरे मामले की गहन जांच की आवश्यकता है। ऐसा जरूरी भी था क्योंकि उच्च न्यायपालिका की ईमानदारी और विश्वसनीयता दांव पर है। हालांकि, न्यायाधीश ने दावा किया है कि उनके या परिवार के किसी सदस्य द्वारा स्टोर रूम में कभी कोई नकदी नहीं रखी गई थी। कोई भी व्यक्ति जिसके घर दफ्तर या लाकर से बिना हिसाब किताब का आय से अधिक धन या सम्पत्ति मिलता है तो वह इसी तरह अपना बचाव करता है और यहाँ तो मामला चालीस साल से वकालत और न्यायिक अधिकारी के रूप में कार्यरत व्यक्ति से जुड़ा है तो उन्हें अपने बचाव के लिए ऐसा ही तमाम बातें बनानी होगी। इस बयान ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। सवाल उठाया जा रहा है कि कड़ी सुरक्षा में रहने वाले सरकारी आवास में क्या बिना जानकारी के पैसा रखा जा सकता है? तो क्या किन्हीं आवासीय कर्मचारियों या बाहरी लोगों ने ऐसा कृत्य किया? यदि यह वास्तव में जज को फंसाने की सजिश थी, तो उसमें कौन लोग शामिल थे? निश्चित रूप से ऐसे सवालों का जवाब मिलने में विलंब से अविश्वास की धुंध और गहरी होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपनाए गए ऐतिहासिक न्यायिक जीवन के मूल्यों का पुनर्कथन में यह निर्दिष्ट किया गया था कि किसी न्यायाधीश द्वारा ऐसा कोई कार्य या चूक नहीं होनी चाहिए, जो उनके उच्च पद और उस पद के प्रति सार्वजनिक सम्मान के अनुरूप न हो। निस्संदेह, न्यायपालिका में जनता के विश्वास को कम करने वाले किसी भी विवाद की गहरी जांच होनी चाहिए। साथ यह भी जरूरी है कि जांच निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूरी हो। वास्तव में सत्य, न्याय और न्यायिक जवाबदेही के हित में ऐसे मामलों में कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाने का दायित्व अदालतों और जांच एजेंसियों का है।



मनोज कुमार अग्रवाल

सवाल उठता है कि 14 मार्च को हुई आग लगने की घटना के साथ ही जज साहब के आवास के एक कमरे में बोरों में रखे करोड़ों के नोट धधक रहे थे तब इस बात के जाहिर होने के बाद भी जिम्मेदार व्यवस्था और न्यायपालिका के सर्वेसर्वा माननीय सीजेआई महोदय ने इस मामले की जांच या भ्रष्टाचार के खुलासा के लिए पर्याप्त सक्रियता दिखाई या नहीं दिखाइ और मामले पर पर्दा डालने की भरपूर कोशिश की गई। यदि ऐसा नहीं है तो 14 मार्च की इतनी बड़ी घटना को सात दिन तक मीडिया से छिपा कर क्यों रखा गया। फायर विभाग के कर्मचारियों द्वारा आग बुझाने के दौरान बड़ी मात्रा में अधजले नोटो की आग बुझाने की विडियो बना ली गई और अधिकारियों को जानकारी दी गई अधिकारियों ने पुलिस और प्रशासन को जानकारी दी न्यायपालिका के जिम्मेदार तंत्र को भी सूचित कर दिया गया लेकिन मामले पर पांच छह दिन तक अदालत और जज साहब से जुड़ा मामला होने का दबाव बना रहा लेकिन अंततः भांडा फूट गया जब कोलेजियम द्वारा संबधित जज साहब का दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट स्थानांतरण कर मामले को दबाने का नाकाम कोशिश की गई। सवाल उठे न्यूज चैनल पर सनसनी बनी सोशल मीडिया पर मीम बने तो एक बार फिर एक फायर सर्विस अधिकारी से बड़ी मात्रा में नोटों के बोरों की बरामदगी से इंकार कराया गया यहां तक कि जज साहब के ट्रांसफर को भी इस घटना से इत्र सामान्य तौर पर रूटीन ट्रांसफर बता कर पल्ला झाड़ने की कोशिश की गई।

सवाल उठता है कि क्या एक सिपाही को दो सौ रुपये की रिश्वत लेने पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने वाली कानून व्यवस्था के सरमाएदार अपने ही एक हाइकोर्ट के जज साहब के सरकारी आवास पर इतनी बड़ी करेंसी जलने की घटना पर मिट्टी क्यों डाल रहे हैं? क्या शीर्ष अदालत के जिम्मेदार पदों पर आसीन माननीय को अपनी निष्पक्ष छवि बनाते हुए मामले का पता चलते ही संबंधित जज साहब के आवास की जामा तलाशी नहीं करानी चाहिए थी जब एक कमरे में कथित करीब पंद्रह करोड़ की नकदी स्वाहा होने का अनुमान है तो बाकी कमरों की आलमारी और लाकरो में कितना ज्वैलरी बेनामी सम्पत्ति मिल सकती थी। यदि एक बारगी जज महोदय के स्पष्टीकरण बयान पर ही भरोसा किया जाए कि नकदी उनकी जानकारी में नहीं थी फंसाने का षडयंत्र हो सकता है क्या पता बाकी कमरों में भी किसी ने उन्हें फंसाने के लिए अकूत संपत्ति रख दी हो?

## राजकाज



### राज्यों की वित्तीय स्थिति बिगड़ी, सुप्रीम कोर्ट का सहारा

केंद्र सरकार और राज्यों की वित्तीय स्थिति दिनों दिन खराब होती चली जा रही है। हाल ही में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने रोना रो दिया।विकास के लिए पैसे नहीं हैं। सारा पैसा योजनाओं मैं खर्च हो रहा है। यही हालत महाराष्ट्र सरकार की हो रही है। मध्य प्रदेश की सरकार तो हर महीने कर्ज लेकर योजनाओं और राज्य के खर्चों को पूरा कर रही है। कमोवेश यही स्थिति सभी राज्यों की है।अब राज्य सरकारों और केंद्र सरकार का एकमात्र सहारा सुप्रीम कोर्ट है।सुप्रीम कोर्ट यदि लोक लुवाभन योजनाओं को बंद करने का आदेश देती है। तभी जाकर सरकारों की सांस वापस आएगी।अभी तो हर महीने सांस अटक रही है।

### कर्ज लेकर अब घी क्या मठा भी नहीं पी सकेंगे

केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को कर्ज और ब्याज की अदायगी में 25 से 30 फ़ीसदी राशि खर्च करनी पड़ रही है। 25 से 35 फ़ीसदी तक वेतन और पेंशन में खर्च हो जाते हैं। रही सही राशि लोक लुभावन योजनाओं में बंट रही है। पिछले वर्षों में जितने टैक्स बढ़ाए जा सकते थे, सब बढ़ा दिए गए हैं। अब टैक्स बढ़ाने की गुंजाइश ही नहीं बची है। अभी तो कर्ज लेकर राजनेता और नौकरशाह घी पी रहे थे। अब मठा भी पी पाएंगे कि नहीं, कहना मुश्किल है। विकास योजनाओं मे खर्च करने के लिए पैसे ही नहीं है। कहां से कमीशन आएगा और कहां से कमाई होगी।

### कॉमेडी की पैरोडी पर बवाल

अब तो हंसी मजाक करना भी मुश्किल हो गया है। हंसी मजाक करने पर लोग इतना बुरा मान जाते हैं। हंसी मजाक करने पर जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष करना पड़ सकता है।हाल ही में सच बोलने पर कॉमेडियन को जिस तरह से मुंबई में डराया धमकाया गया।मारा पीटा गया, तोड़फोड़ की गई।उसके बाद हंसना बहुत मुश्किल हो जाएगा। हां रोया जरूर जा सकता है। किसको कब कौन सी बात बुरी लग जाए, कहना मुश्किल है। कुणाल कामरा अभी तो दम भर रहे हैं। सरकार के सामने कितने दिन टिके रहेंगे, कहना मुश्किल है।

### इलाहाबाद मे जस्टिस वर्मा गंगा मे डुबकी लगाकर पाप धोएंगे

सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को दिल्ली से इलाहाबाद रवाना कर दिया है। इलाहाबाद में गंगा नदी है। इलाहाबाद में संगम भी है। जहां स्नान करने से सभी पापों का नाश हो जाता है।न्यायमूर्ति वर्मा के पाप ज्यादा हो गए थे। उन्हें ज्यादा बार गंगा में डुबकी भी लगानी पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी परेशानी को देखते हुए उन्हें इलाहाबाद भेज दिया है। गंगा में डुबकी लगाने के बाद, जब वह पापों से मुक्त हो जाएंगे। तो एक बार फिर न्यायमूर्ति वर्मा न्याय करने करने के लिए न्याय की देवी की गोद में बैठ जाएंगे। राम राज का सत्य न्यायमूर्ति वर्मा चरितार्थ करेंगे।

## फीचर



# संगीत में भी हैं कई संभावनाएं

संगीत अब केवल शौक नहीं रहा यह एक बाजार के रुप में विकसित हो गया है। तेजी से बदलते परिदृश्य में संगीत का क्षेत्र एक महत्वपूर्ण पेश बन गय है।

युवाओं में इस क्षेत्र का रुझान तेजी से बढ़ता जा रहा है। संगीत को अपना करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए महज संगीत में रुचि रखना ही काफी नहीं है। इसके अलावा उन्हें सृजनात्मक प्रतिभा का धनी, धुन का पक्का, मेहनती, संगीत की समझ, वाद्ययंत्रों का की जानकारी होनी चाहिये। इसके लिए ट्रेनिंग के साथ ही ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन के अतिरिक्त सर्टिफिकेट डिप्लोमा एवं पार्ट टाइम प्रकार के कोर्स्हो सकते हैं। नामी विश्वविद्यालयों से लेकर संगीत अकादमियों तक में इस प्रकार के ट्रेनिंग कोर्सेज स्कूली बच्चों और युवाओं के लिए उपलब्ध हैं। वर्तमान में देश-विदेश में युवाओं में म्यूजिक बैंड बनाने और परफॉर्म करने का ट्रेंड जोर पकड़ता जा रहा है। इस प्रकार के बैंडस में वोकल आर्टिस्ट (गायक) और इंस्ट्रूमैंट्रल आर्टिस्ट (वाद्ययंत्र कलाकार) दोनों का ही समन्वयन होता है। स्कूलों, कॉलेजों और अन्य छोटे स्तरों पर इस प्रकार के सैकड़ों हजारों बैंडस आज अस्तित्व में आ चुके हैं।


आम तौर पर यही माना जाता है कि संगीत को करियर का आधार बनाकर ज्यादा कुछ करने की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं पर वास्तविकता पर बात करें तो कम से कम आज के संदर्भ में स्थितियां बहुत भिन्न हैं और तमाम नए विकल्प उबरकर सामने आ रहे हैं।

म्यूजिक इंडस्ट्री ~ इस उद्योग में कई प्रकार के म्यूजिक आधारित प्रोफेशनलों की अहम भूमिका होती है, इनमें विशेष तौर पर म्यूजिक सॉफ्टवेयर प्रोग्रामर, कंपोजर, म्यूजिशियन, जैसे कार्यकलापों के अलावा म्यूजिक बुक्स की पब्लिशिंग, म्यूजिक अलबम रिकार्डिंग म्यूजिक डीलर, म्यूजिक स्टूडियो के विभिन्न विभागों इत्यादि का उल्लेख किया जा सकता है।

## प्रेरणा

# हनुमान से सीखें संस्कार

दूसरे का मान रखते हुए हम सम्मान अर्जित कर लें, इसमें गहरी समझ की जरूरत है। होता यह है कि जब हम अपनी सफलता, सम्मान या प्रतिष्ठा की यात्रा पर होते हैं, उस समय हम इसके बीच में आने वाले हर व्यक्ति को अपना शत्रु ही मानते हैं। महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए मनुष्य सारे संबंध दांव पर लगा देता है। आज के युग में महत्वाकांक्षी व्यक्ति का न कोई मित्र होता है, न कोई शत्रु। उसे तो सिर्फ अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति करनी होती है। हर संबंध उसके लिए शस्त्र की तरह हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो दूसरे की भावनाओं, रिश्ते की गरिमा और सबके मान-सम्मान को ध्यान में रखकर अपनी यात्रा पर चलते हैं। हनुमानजी उनमें से एक हैं। सुंदरकांड में एक प्रसंग है। हनुमानजी और मेघनाद का युद्ध हो रहा था। मेघनाद बार-बार हनुमानजी पर प्रहार कर रहा था, लेकिन उसका नियंत्रण बन नहीं रहा था। तब उसने हनुमानजी पर ब्रह्मास्त्र का प्रहार किया। हनुमानजी को भी वरदान था कि वह किसी अस्त्र-शस्त्र से पराजित नहीं होंगे। उनका नाम बजरंगी इसीलिए है कि वे वज्रांग हैं। जिसे कह सकते हैं स्टील बॉडी। जैसे ही शस्त्र चला, हनुमानजी ने विचार किया और तुलसीदासजी ने लिखा -



ब्रह्मास्त्र तेहि सांधा कपि मन कीन्ह बिचार।
जौं न ब्रह्मासर मानउं महिमा मिटइ अपार।।

अंत में उसने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया, तब हनुमानजी ने मन में विचार किया कि यदि ब्रह्मास्त्र को नहीं मानता हूं तो उसकी अपार महिमा मिट जाएगी।

## अपनी बात



शिवसेना नेता संजय निरुपम ने कहा जो लोग भोली-भाली छवि लेकर महाराष्ट्र पर राज करना चाहते हैं। वे रात के अंधेरे में कितने पाप करते हैं। उसका खुलासा जरूरी है। उन्हें उम्मीद है कि जिस तरह से नैतिकता के आधार पर धनंजय मुंडे ने इस्तीफा दिया। उसी प्रकार से आदित्य ठाकरे भी अपने पद से इस्तीफा दे दें ताकि दिशा सालियन मामले की निष्पक्ष जांच हो सके।



सीएम एमके स्टालिन ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने परिसीमन और तीन-भाषा नीति पर राज्य के रुख पर टिप्पणी की है। उन्होंने टिप्पणी को राजनीतिक ब्लैक कॉमेडी का सबसे काला दौर बताया। स्टालिन की यह टिप्पणी योगी द्वारा एक साक्षात्कार के बाद आई है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि डीएमके नेता क्षेत्र और भाषा के आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

# शनिचरी अमावस्याः मंगलोदय तीर्थ रुठियाई में महामस्तकाभिषेक कल

सत्ता सुधार ■ गुना

रुठियाई स्थित मंगलोदय तीर्थ में श्री मुनिसुब्रतनाथ भगवान का भव्य महामस्तकाभिषेक एवं विधान 29 मार्च को शनिचरी अमावस्या पर संपन्न होगा। यह धार्मिक अनुष्ठान प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश, अशोकनगर के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हुकुम जैन काका, अध्यक्ष, अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजी. एसके जैन, अध्यक्ष, पुण्योदय तीर्थ बजरंगगढ़ एवं अखिलेश जैन, अध्यक्ष, जैन समाज कुंभराज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। उल्लेखनीय है कि मंगलोदय तीर्थ का निर्माण आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य निर्यापक मुनि पुंगव सुधा सागरजी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं प्रेरणा से हुआ है। 2013 में गुना में पूज्य मुनिश्री का चातुर्मास संपन्न हुआ था, जिसके उपरांत बिहार करते हुए रुठियाई पहुंचे थे। जब मुनिश्री ने मंदिर की भूमि पर प्रवेश किया, तो उनके मुखारविंद से यह



वचन निकले कि यह भूमि धर्मभूमि तीर्थ क्षेत्र बनेगी। इस प्रेरणा से मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई, जिसका शुभारंभ 22 फरवरी 2014 को हुआ था। मुनिश्री के आशीर्वाद से 22 दिसंबर 2021 को अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी, खानपुर, राजस्थान से भगवान की प्रतिष्ठा संपन्न हुई, और मूलवेदी पर भगवान विराजमान हुए। भगवान की प्रतिमा अतिशयकारी और मनोज्ञ है, जिसके दर्शन मात्र से भक्तों का मन आनंदित हो जाता है। यह तीर्थ क्षेत्र निरंतर जैन साधु-संतों की उपस्थिति से पावन बना रहता है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। उल्लेखनीय है कि यह गुना जिले में मुनिश्री सुधा सागरजी महाराज के चातुर्मास के बाद स्थापित पहला नवतीर्थ क्षेत्र है, जहां भगवान मूलवेदी पर विराजमान हुए हैं। 29 मार्च को होने वाले महामस्तकाभिषेक एवं विधान का लाभ सकल जैन समाज को प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम धार्मिक आस्था एवं श्रद्धा का महत्वपूर्ण आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर धर्मलाभ अर्जित करेंगे।

### रुठियाई नवग्रह मंदिर में होगा हवन, अनुष्ठान और पूजन

वहीं आगामी 29 मार्च को रुठियाई कस्बे के शनिदेव व नवग्रह मंदिर पर शनिश्चरी अमावस्य के मौके पर विशेष जाप, अनुष्ठान किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी पं. कैलाशनारायण ज्योतिषी, सह पुजारी बृजेश महाराज ने बताया कि, अमावस्या के मौके पर शनिवार सुबह 7 बजे से तेल। महाअभिषेक के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद जाप, अनुष्ठान, पूजन और तेल अभिषेक आदि कार्यक्रम पूरे दिन चलेंगे। दोपहर 12 बजे सामूहिक महाआरती की जाएगी। मंदिर के पुजारी पं. ज्योतिषी के अनुसार वर्तमान में जिन राशियों पर शनिदेव की दृष्टि चल रही है उन जातकों को अमावस्या के दिन शनिदेव का तेल अभिषेक, जाप, अनुष्ठान और हवन कराने से काफी हद तक राहत मिलेगी। मंदिर पर धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियां चल रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### ढोल-नगाड़ों के साथ मुनि संघ का स्वागत, धर्मसभा में उमड़े श्रद्धालु

**गुना।** जैन समाज के लिए लगातार दूसरा दिन विशेष रहा, जब मुनि विनय सागर जी ससंघ के आगमन पर श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। समाजजनों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ एक भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरुआत हनुमान चौराहे से हुई, जहां बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग एकत्रित हुए। महिलाएं भक्ति गीत गाते हुए आगे बढ़ रही थीं, जबकि समाज के अन्य सदस्य मुनि संघ की अगुवाई कर रहे थे। यह शोभायात्रा हाट रोड और बताशा गली होते हुए चौधरी मोहल्ला स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। यहां मुनि संघ के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात, महावीर भवन में एक विशाल धर्मसभा आयोजित की गई। मुनि विनय सागर जी ने अपने धर्मोपदेश में अहिंसा, संयम और आत्मशुद्धि के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने और आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रेरित किया। इस दौरान, मुनि संघ ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आहार चर्या भी संपन्न की। कार्यक्रम के अंत में जानकारी दी गई कि मुनि संघ शाम 4 बजे गुना से बजरंगगढ़ के लिए विहार करेंगे। श्रद्धालुओं के लिए यह आयोजन आध्यात्मिक शांति और धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, जिसमें समाज के हर वर्ग के लोगों ने सहभागिता की।

### पीडीएस का जप्तशुदा 18 क्विंटल चावल एवं पिकअप वाहन शासन हित में राजसात

**गुना।** कलेक्टर किशोर कन्याल के आदेशानुसार जिले में जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत पारित आदेश अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित किये जाने वाले चावल को दिनांक 11 अक्टूबर 2022 को छोटू सेन पुत्र सुंदरलाल सेन निवासी दुर्गा कॉलोनी, नरेन्द्र पुत्र गणेशराम पाल निवासी पठार मोहल्ला द्वारा पिकअप वैन वाहन क्रमांक एमपी 08-3957 में अवैध रूप से 18 क्विंटल चावल सहित पुलिस थाना म्याना में जप्त की गई। वाहन में उपस्थित लोगों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा चावल के संबंध में कोई भी जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई। उक्त चावल मय वाहन के सार्वजनिक वितरण प्रणाली का होने के कारण जप्त किया जाकर ईसी एक्ट की धारा 3/7 के तहत प्रकरण कायम किया गया। प्रकरण में वाहन एवं चावल राजसात किये जाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक जिला गुना का प्रस्ताव प्राप्त हुआ। उक्त प्रस्ताव में नोटिस जारी कर सुनवाई की गई। सुनवाई उपरांत अनावेदक एवं पुलिस अधीक्षक जिला गुना द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। विचार उपरांत अनावेदकों के पास जप्त चावल अवैध परिवहन किये जाने का कृत्य म. प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन किया है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध होने के कारण जप्त 18 क्विंटल चावल को राजसात किया गया एवं वाहन पिकअप वैन क्रमांक एमपी 08-3957 को उक्त कृत्य में संलिप्त पाये जाने से शासन हित में राजसात किया गया है।

# जिले के पगारा, मावन और बेहटाघाट में चोरी की घटनाओं से ग्रामीण भयभीत

### एसपी को सौंपा आवेदन

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के पगारा, मावन और बेहटाघाट गांवों में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश व्याप्त है। आए दिन हो रही चोरी की वारदातों से परेशान ग्रामीणों ने गुरुवार को बड़ी संख्या में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर इलाके में बढ़ते अपराध पर रोक लगाने और चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कुछ समय से इन गांवों में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। चोर आए दिन




घरों और दुकानों को निशाना बना रहे हैं, जिससे क्षेत्र में आतंक का माहौल बना हुआ है। लगातार हो रही वारदातों के कारण लोग अपने घरों को सूना छोड़ने से डर रहे हैं। इस कारण ग्रामीणों को कई बार जरूरी कार्यों को भी छोड़कर घर की सुरक्षा करनी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार, चोरी की इन घटनाओं की सूचना पुलिस को दी गई है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस स्थिति से नाराज होकर ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन घटनाओं पर रोक नहीं लगी तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और जल्द ही चोरों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने यह भी कहा कि गश्त बढ़ाई जाएगी और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी, ताकि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

## नपाध्यक्ष वितरित करेंगी 400 नामांतरण स्वीकृति पत्र

### 29 मार्च को हितग्राहियों को मिलेगा स्वीकृति पत्र

**गुना।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता द्वारा 29 मार्च को हाल ही में स्वीकृत 400 नामांतरण प्रकरणों के स्वीकृति पत्र हितग्राहियों को वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि तत्कालीन कलेक्टर ने 30 दिसंबर को इन प्रकरणों की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए थे, जिसके तहत परिषद की बैठक में आवश्यक कार्रवाई पूरी कर अब स्वीकृति पत्र जारी किए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि विगत चार महीनों से यह प्रक्रिया रुकी हुई थी, जिससे प्रकरणों की संख्या बढ़ गई थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि अप्रैल माह में शेष सभी निर्विवाद प्रकरणों को भी पूर्ण कर हितग्राहियों को सूचना पत्र वितरित कर दिए जाएंगे। नामांतरण की जानकारी संबंधित हितग्राहियों को दूरभाष पर दी जाएगी, जिससे वे समय पर अपने स्वीकृति पत्र प्राप्त कर सकें। उन्होंने शहरवासियों से 29 मार्च, शनिवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अपने-अपने स्वीकृति पत्र प्राप्त करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने नगर पालिका से संबंधित जलकर, संपत्ति कर, भवन-भूमि किराया आदि का भुगतान समय पर करने का अनुरोध भी किया।



#### नामांतरण विवाद पर मचा था बवाल

गौरतलब है कि नगर पालिका में आयोजित सामान्य सभा और बजट पर विशेष बैठक के दौरान नामांतरण को लेकर जमकर हंगामा हुआ था। इस मुद्दे पर नगर पालिका अध्यक्ष को अधिकार देने को लेकर खुद भाजपा पार्षदों ने भी विरोध जताया था। विवाद बढ़ने पर पार्टी ने कड़ा रुख अपनाते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्म सोनी सहित आधा दर्जन भाजपा पार्षदों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अब 400 नामांतरण स्वीकृति पत्रों के वितरण के बाद इस विवाद पर विराम लगने की संभावना है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका कार्यालय अवकाश के दिन शनिवार और रविवार को भी खुला रहेगा ताकि नागरिक आसानी से करों का भुगतान कर सकें।

## भाग्यश्री विश्वकर्मा की संदिग्ध मौत की उच्चस्तरीय जांच की मांग



**गुना।** मैथिल ओझा समाज धर्मशाला ट्रस्ट एवं समस्त समाज बंधुओं ने गुरुवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्राम उमरछा, तहसील कुरवाई, जिला विदिशा निवासी भाग्यश्री विश्वकर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि 18 मार्च 2025 को भाग्यश्री का शव उसके घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। शव की स्थिति और उसके शरीर पर मिले घावों के निशान यह दर्शाते हैं कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या का मामला है। मृतका के शरीर पर गला दबाने के निशान तथा हाथ की नस कटी हुई पाई गई, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि उसे प्रताड़ित कर हत्या की गई है। बावजूद इसके, पुलिस द्वारा मामले में अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे परिजनों एवं समाज में आक्रोश व्याप्त है। मैथिल ओझा समाज ने प्रशासन से मांग की कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए तथा दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मेंद्र ओझा, कोषाध्यक्ष पंकज ओझा, मंत्री बलवीर ओझा सहित समाज के अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सरकारी एंबुलेंस बनी फल परिवहन का जरिया, स्थानीय लोगों ने रोका तो चालक भागा

सत्ता सुधार ■ गुना

मरीजों की आपातकालीन सेवा के लिए दी गई एक सरकारी एंबुलेंस का उपयोग फल ढोने के लिए किए जाने का मामला सामने आया है। यह घटना उस समय उजागर हुई जब स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को मंडी में खड़ा देखा और उसमें से फल उतारते हुए चालक को पकड़ने की कोशिश की। घटना गुरूवार सुबह शहर के पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में घटी, जब कुछ स्थानीय लोग मंडी के पास मौजूद थे। उन्होंने देखा कि सरकारी अस्पताल की एक एंबुलेंस में फल भरे हुए थे और चालक उन्हें मंडी में उतार रहा था। पहले तो लोगों को यह देखकर संदेह हुआ, लेकिन जब उन्होंने पास जाकर इस पर सवाल उठाया, तो स्थिति स्पष्ट हो गई।

स्थानीय लोगों द्वारा रोकने की कोशिश करने पर चालक घबरा गया और आधा सामान उतारकर एंबुलेंस लेकर भाग निकला। इस घटना से वहां मौजूद लोग हैरान



रह गए और उन्होंने इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। जानकारी के अनुसार, यह एंबुलेंस एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस थी और इसे जिले के अस्पताल को गंभीर मरीजों की मदद के लिए उपलब्ध कराया गया था। लेकिन इसका उपयोग गलत तरीके से किया जा रहा था, जिससे सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। फिलहाल, यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है, और लोग प्रशासन से इस पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस घटना ने सरकारी सुविधाओं के दुरुपयोग पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

### शुक्रवार को यहां रहेगी बिजली गुल

**गुना।** मेंटीनेंस के चलते शुक्रवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। सहायक प्रबंधक शहर से प्राप्त जानकारी अनुसार 33/11 के.व्ही. लाइन पर मेंटनेंस का कार्य होने से 28 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे पुरानी छावनी, सकतपुर रोड, हरिपुर रोड़ सरस्वती बिहार कॉलोनी, बूढ़े बालाजी, पवन कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड एवं मरघट शाला के पास वाला क्षेत्र, हनुमान टेकरी, शिवपुरम कॉलोनी आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी प्रकार प्रबंधक कैन्ट जोन से प्राप्त जानकारी अनुसार ए.बी. रोड पर 11 के.व्ही. लाइन शिफ्टिंग का कार्य होने से 28 मार्च 25 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक एमपी नगर, नानाखेड़ी, यादव रॉयल सिटी, पेंशनर मोहल्ला, ऊमरी हाउस, पुलिस कंट्रोल रूम, वृद्धाश्रम, भगतसिंह कॉलोनी, सामरसिंगा एवं गोपालपुरा आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## तलैया मोहल्ला में पहली बार चैत्र नवरात्रि पर नवदुर्गा झांकी

### देर रात उत्साह से हुई माता की अगवानी

सत्ता सुधार ■ गुना

इस बार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर तलैया मोहल्ला में भव्य नवदुर्गा झांकी का आयोजन किया जाएगा। जय मां पाताल भैरवी समिति के तत्वाधान में आयोजित यह कार्यक्रम भक्तों के लिए आध्यात्मिक अनुभव का एक नया आयाम जोड़ेगा। यह पहली बार है जब चैत्र नवरात्रि में इस मोहल्ले में विशाल झांकी स्थापित की जा रही है। इसके साथ ही, भक्तों के लिए विशेष शतचंडी यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। समिति के अनुसार, झांकी स्थल पर माता के विभिन्न स्वरूपों की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, और विशेष रूप से मूविंग सीन (चलित झांकी) को शामिल किया जाएगा, जिससे भक्तों को एक अनोखा अनुभव मिलेगा।

हाल ही में माता रानी की प्रतिमा



का नगर भ्रमण जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए झांकी स्थल तक पहुंचा, जहां भक्तों ने माता की आरती उतारी और जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना दिया। माता कालका के स्वरूप को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े, जिससे आयोजन की भव्यता और महत्व और भी बढ़ गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष विक्की छारी ने बताया कि इस आयोजन को भविष्य में भी जारी रखने की योजना बनाई जा रही है। आने वाले दिनों में झांकी स्थल पर भजन संध्या, हवन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। भक्तों के लिए यह आयोजन आध्यात्मिक आस्था और भक्ति के उत्सव के रूप में यादगार बनने जा रहा है।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, कलेक्टर ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सत्ता सुधार ■ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में विगत दिवस शाम को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एडीएम अखिलेश जैन, एसडीएम शिवानी पाण्डेय, जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य, सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया कि आगामी दिवसों में हनुमान जयंती पर मेले के दौरान नेशनल हाईवे की सर्विस रोड का अधिक उपयोग किया जाता हैं लेकिन सड़क की स्थिति सही नहीं हैं जिस पर कलेक्टर श्री




कन्याल ने नेशनल हाईवे की सर्विस रोड की मरम्मत कराने के निर्देश एनएचआई के अधिकारियों को दिये। बैठक में अवगत कराया गया कि नेशनल हाईवे 46 पर राघौगढ़ स्थित भरसूला चौराहा राघौगढ़ के नागरिकों के आवागमन का मुख्य रास्ता हैं जिसे पूर्व में सड़क दुर्घटना होने से बंद करा दिया गया था। कलेक्टर श्री कन्याल ने एनएचआई के अधिकारियों को चौराहे के लिये विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में शहर एवं देहात के मार्गो पर ज़ेब्रा क्रॉसिंग और डिवाइडर बनाने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर श्री कन्याल ने आगामी दिवसों में जयस्तंभ चौराहा, सदर बाजार, एबी रोड एवं हाट रोड पर दुकानदारों द्वारा किये गये अवैध अतिक्रमण को आगामी दिवसों में कार्यवाही कर हटाने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान कलेक्टर ने साइलेंसर (मोडिफाइड साइलेंसर) बेचने वाले प्रतिष्ठानों एवं ऐसे वाहन चालक जो इसका उपयोग करते पाये जाते हैं उन पर कार्रवाई करने के निर्देश यातायात प्रभारी को दिए। कलेक्टर ने हनुमान चौराहा स्थित ट्रैफिक सिग्नल पर काउंटडाउन टाइमर स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

# खेत में आग से बर्बाद हुई गेहूं की फसल, ट्रैक्टर भी जलकर खाक



सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के राघौगढ़ तहसील के परसौलिया गांव में एक किसान की मेहनत पर आग ने पानी फेर दिया। अचानक लगी आग में 10 बीघा खेत की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, वहीं खेत में खड़ा ट्रैक्टर भी पूरी तरह खाक हो गया। इस घटना से किसान को करीब 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गुरुवार सुबह किसान जसमाल भिलाला अपने परिवार के साथ खेत पर बने घर में थे। हाल ही में उन्होंने गेहूं की कटाई कर उसे खेत में ढेर लगाकर रखा था। अचानक धुआं उठता देख परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि आग पर काबू नहीं पाया जा सका। देखते ही देखते पूरी फसल जल गई और पास खड़ा ट्रैक्टर भी आग की चपेट में आ गया।

#### दमकल नहीं पहुंची समय पर

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत दमकल विभाग को फोन किया, लेकिन जब तक दमकल वाहन गांव पहुंचा, तब तक खेत में कुछ भी बचा नहीं था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की, लेकिन आग लगने के पीछे की वजह साफ नहीं हो सकी। खेत के आसपास कोई बिजली के तार भी नहीं थे, जिससे शॉर्ट सर्किट की संभावना न के बराबर है। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है, क्योंकि समय पर दमकल पहुंचती तो शायद नुकसान कम हो सकता था। किसान जसमाल भिलाला का कहना है कि इस नुकसान की भरपाई करना उनके लिए बेहद मुश्किल होगा। प्रशासन से उन्होंने मुआवजे की मांग की है।



# फैशन कम्युनिकेशन... क्षेत्र में हैं अच्छे अवसर

तेजी से बदलते फैशन के इस दौर में फैशन कम्युनिकेशन के क्षेत्र में भी अच्छी संभावनाएं हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट का काम अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है।

जब भी फैशन इंडस्टी की बात होती है तो लोग फैशन डिजाइनर या मॉडल बनने की ही चाहत रखते हैं। लेकिन यह एक ऐसी इंडस्टी है जिसमें पिछले काफी सालों में बदलाव आया है और इसी कारण अब इस क्षेत्र में करियर की नई संभावनाओं ने जन्म दिया है। फैशन इंडस्टी में एक ऐसा ही करियर है फैशन कम्युनिकेशन है। यह तेजी से उभरता क्षेत्र है और अब युवाओं का आकर्षण इस ओर बढ़ने लगा है।

### संभावनाएं

फैशन कम्युनिकेशन का कोर्स करने के बाद आप फैशन डिजाइनर ग्राफिक डिजाइनर फैशन पत्रकार प्रोफेसर डिजाइन सहायक फैशन सहायक फैशन मार्केटिंग मैनेजर फैशन एडिटर फैशन फोटोग्राफर कला निर्देश आदि भूमिकाएं अदा कर सकते हैं। इस कोर्स को करने के बाद कई इंडियन व इंटरनेशनल ब्रांड के साथ जुड़कर काम कर सकते हैं। इसके लिए डिप्लोमा या बैचलर डिग्री की जरुरत रहती है। इसके बाद आप फैशन कम्युनिकेशन में ही मास्टर और डॉक्टरेट भी कर सकते हैं।

### आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी आपके काम पर निर्भर करती है और अनुभव के साथ आमदनी भी बढ़ती है। वैसे शुरूआती दौर में आप सालाना 2 से 3 लाख रूपए आसानी से कमा सकते हैं।

### क्या होता है काम

एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट को कई काम करने होते हैं। वह अपने क्लाइंट या कंपनी की एक बेहतरीन छवि बनाता है। साथ ही वह अपने क्लाइंट के उत्पाद को टार्गेट कस्टमर्स तक सर्वोत्तम तरीके से पहुंचाता है। इतना ही नहीं वह ब्रांड के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के तरीकों पर भी नजर रखता है। अपने क्लाइंट व बिजनेस हाउस की तरफ से मीडिया के साथ कम्युनिकेट व डील करते हैं। एक फैशन कम्युनिकेशन एक्सपर्ट डिजाइन लेआउट वेब पेज और मल्टीमीडिया डिजाइन डेवलप करता है।

### स्किल्स

इस क्षेत्र में आपकी मार्केटिंग स्टेटजी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही आपमें कम्युनिकेशन व नेटवर्किंग स्किल्स भी बेहतरीन होने चाहिए इसके बिना आपको अपने क्षेत्र में कठिन संघर्ष करना पड़ सकता है।

### प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी विभिन्न केन्द्र
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन गुजरात
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन पुणे
- इंस्टीट्यूट ऑफ अपैरल मैनेजमेंट गुरूग्राम
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट नई दिल्ली

# रंग भी बताता है व्यक्तित्व

रंगों का भी हमारे जीवन में अहम स्थान है। रंगों को लेकर सबकी अपनी अलग-अलग पसंद होती है। ऐसा माना जाता है कि लोगों के पसंदीदा रंग केवल उनकी खुशी ही नहीं बल्कि उनके व्यक्तित्व के बारे में भी जानकारी देते हैं। आप किसी भी इंसान के पसंदीदा रंग के आधार पर उसकी पूरी शख्सियत का अंदाजा लगा सकते हैं। आइए जानते हैं कि कौनसा रंग क्या कहता है।

लाल रंग को पसंद करने वाले लोग जीवन को भरपूर आनंद के साथ जीना पसंद करते हैं और उन्हें प्रकृति से बेहद प्यार होता है। बड़े कदम उठाने या फैसले लेने में वे हिचकिचाते नहीं है और हर पल ऊर्जा तथा रोमांच से भरे रहते हैं।


नीला रंग को पसंद करने वाले लोग शांत स्वभाव के होते हैं और अपनी मंजिल को पाने के लिए वह बड़े रास्ते तय करना भी जानते हैं।

गुलाबी रंग विशेषकर लड़कियों को बहुत अधिक भांता है। यह मासूमियत और प्रकृति से लगाव को दर्शाता है। इस रंग को पसंद करने वाले लोग दान आदि कार्यों में रुचि रखते हैं। पीला रंग को पसंद करने वाले लोग तर्कसंगत होते हैं और जीवन के प्रति अपनी सोच के साथ बने रहते हैं। ये लोग कल्पनाशील भी होते हैं।

वहीं काला रंग मजबूत इरादों वाले और अपने जीवन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध बच्चों का पसंदीदा रंग काला होता है। इस रंग को पसंद करने वाले लोग अपनी सोच को लेकर सख्त मिजाज होते हैं और किसी भी रेस को जीतने के लिए बड़ा कदम उठाने से शर्माते नहीं हैं। वे सुंदरता और कभी न खत्म होने वाली शैली पर अधिक भरोसा रखते हैं।

हरा रंग को पसंद करने वाले लोग आत्मविश्वास से भरे और आकर्षक व्यक्तित्व केहोते हैं। वे किसी भी प्रम में आगे रहने के लिए अवसरों की तलाश करते हैं और किसी भी प्रकार की चुनौती का सामना करने से नहीं घबराते। वे प्रकृति प्रेमी भी होते हैं।

नारंगी रंग को पसंद करने वाले लोग मैत्रीपूर्ण व्यवहार रखने वाले और किसी भी माहौल में घुल-मिल जाने वाले लोगों का पसंदीदा रंग नारंगी होता है। ऐसे लोगों के प्रति हर किसी को लगाव होता है।





# प्रकृति के करीब हैं तो... गार्डन डिजाइनिंग करें

अगर आप प्रकृति के करीब हैं और आपकी रुचि पेड़ पौधों को लगाने और बगीचों को संवारने में है तो आप गार्डन डिजाइनिंग में भी अपना करियर बना सकते हैं। आज के दौर में युवाओं के सामने करियर बनाने के काफी विकल्प मौजूद हैं। अगर आपको प्रकृति से बेहद प्रेम हैं तो यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें करियर बनाकर अच्छी खासी कमाई हो सकती हैं। गार्डन डिजाइनिंग की मांग लगातार बढ़ रही है। गार्डन डिजाइनिंग में करियर के लिए होनी चाहिये ये योग्यताएं।

### क्रिएटिव होना जरूरी


गार्डन डिजाइनर बनने के लिए क्रिएटिव होना बेहद जरूरी है। इसके लिए आपको प्रकृति से प्रेम तथा लगाव होना आवश्यक है क्योंकि इसमें ज्यादा समय प्रकृति के बीच ही बीतता है। साथ ही गार्डन डिजाइनिंग में धैर्य की बहुत जरूरत होती है। अधिकांश वे लोग इस पेशे में आते हैं जिनके पास जिनके पास लैंडस्केप आर्किटेक्चर हॉर्टीकल्चर गार्डनिंग आदि में डिग्री होती है। भारत में कुछ इंस्टीट्यूट्स गार्डनिंग और लैंडस्केपिंग में शॉर्ट ऑर लॉन्ग टर्म कोर्स करवाते हैं। वहीं अगर आप कुछ एडवांस करना चाहते हैं तो फ्लोरीकल्चर और लैंडस्केप गार्डनिंग में सर्टिफिकेट कोर्स करने के अलावा लैंडस्केपिंग में मास्टर्स कर सकते हैं। सर्टिफिकेट कोर्स लिए स्टूडेंट्स का हायर सेकंडरी जबकि मास्टर्स के लिए आर्किटेक्चर में ग्रेजुएट होना जरूरी है। किसी भी गार्डन या लैंडस्केप की आर्ट डिजाइनिंग को गार्डन डिजाइनिंग कहते हैं। इस क्षेत्र में धैर्य की बहुत जरूरत होती है। इसमें आपको शारीरिक रूप से भी सक्षम होना होगा क्योंकि आठ से दस घंटे मैदान में काम करना पड़ सकता है। इसके अलावा अपने कस्टमर्स से अच्छे संबंध होने चाहिए ताकि वे बार-बार आपकी सेवा लेने आएं।



### विदेश में अच्छी संभावनाएं

भारत में एक गार्डन डिजाइनर 1.5 से 4 लाख रुपए के बीच आसानी से कमा सकता है। वहीं अनुभव होने पर तो और भी अधिक कमाई होती है। वैसे ऑस्ट्रेलिया या ब्रिटेन जैसे देशों में इससे ज्यादा पैकेज पर काम करने के विकल्प होते हैं। वहीं धीरे-धीरे भारत में इसका मार्केट अभी विकसित हो रहा है। कॉर्पोरेट कंपनीज भी वर्किंग प्लेस को एनवायर्नमेंट फ्रैंडली बनाने पर जोर देनी लगी हैं। गार्डन डिजाइनर्स लैंडस्केप कॉन्ट्रैक्टिंग गार्डन कंसल्टेंसी गार्डन राइटिंग और रिटेल नर्सरी जैसे सेक्टर्स में काम कर सकते हैं। अगर गार्डन डिजाइनर्स बनकर बाग -बगीचों की दुनिया में छाना चाहते हैं तो आप सिर्फ अपनी किएटिविटी पर ध्यान दें।

# फाइन आर्ट के क्षेत्र में भी हैं आसीम संभावनाएं



अगर आप कल्पना शील और क्रिएटिव होने के साथ साथ परिश्रमी भी हैं तो फाइन आर्ट यानि कला का क्षेत्र आपके लिए बेहतरीन कैरियर विकल्प बन सकता है। तकनीक के इस दौर में भी कला का क्षेत्र तेज से विकसित हो रहा है। फाइन आर्ट एक बेहतरीन करियर फील्ड है। इसमें सफलता के लिए होना भी जरूरी है। अच्छी पेंटिंग्स लाखों-करोड़ों में बिक रही हैं तथा कलाकारों को उसका पूरा फायदा भी मिल रहा है। इस तरह अच्छे कलाकार को पैसे तो मिलते ही हैं साथ ही लोकप्रियता भी मिलती है।

### कौन आ सकता है इस क्षेत्र में

यह क्षेत्र ऐसा है जो परिश्रम एवं समय मांगता है। अचानक कोई अचानक ही अच्छा कलाकार नहीं बन सकता। इसमें यह देखा जाता है कि छात्र अपनी भावनाओं एवं कल्पनाओं को किस हद तक कैनवस एवं कागज पर उकेर पा रहा है। इसके लिए कल्पनाशील व अपनी सोच से कुछ नया गढ़ने का गुण होना आवश्यक है। इसमें महारथ हासिल करने के लिए क्रिएटिव माइंड होना चाहिए ताकि आप अपने आर्ट में वह रंग भर दें कि लोगों को वह आकर्षित कर सके।

### काफी बड़ा है क्षेत्र

फाइन आर्ट में आजकल काफी प्रयोग देखने को मिल रहे हैं जिसका सकारात्मक फायदा इस क्षेत्र में कदम रखने वाले लोगों को मिल रहा है। यही कारण है कि इसमें रोजगार की संभावना सदैव बनी रहती है।

### बारहवीं के बाद ले सकते हैं प्रवेश

फाइन आर्ट से संबंधित कई तरह के पाठ्यक्रम मौजूद हैं। इसके लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं तय की गई है। कुछ संस्थान 10वीं के बाद ही कई तरह के डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स कराते हैं पर वह अधिक कारगर नहीं होते। बारहवीं के बाद जब छात्र के अंदर कला को समझने का कौशल विकसित हो जाता है तो उसे इस क्षेत्र में कदम रखना चाहिए। बैचलर ऑफ फाइन आर्ट में एडमिशन 12वीं के पश्चात मिलता है। यह चार वर्ष का पाठ्यक्रम होता है। बैचलर कोर्स में प्रवेश परीक्षा के बाद दाखिला मिलता है। कई संस्थान मेरिट के आधार पर दाखिला देते हैं। बीएफए के बाद मास्टर डिग्री के रूप में 2 वर्षीय मास्टर ऑफ फाइन आर्ट किया जाता है। यदि मास्टर कोर्स में 50 प्रतिशत अंक हैं तो पीएचडी का रास्ता भी खुल जाता है।

**कमाई:** कमाई का सारा दारोमदार अनुभव एवं कलाकृति की अपील पर टिका होता है। वहीं यदि छात्र नौकरी करना चाहते हैं तो उनके लिए कई विकल्प हैं जहां उन्हें 10-15 हजार की नौकरी मिल जाती है जबकि अनुभवी लोग अपने कारोबार के बल पर अच्छी खासी रकम वसूल रहे हैं।

# फूड प्रोसेसिंग में कुशल लोगों की कमी...



खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र तैयार करने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां बड़ी तादाद में भारत का रुख कर रही हैं। ऐसे में यह क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। जिसको देखते हुए इस क्षेत्र में पारंगत लोगों की मांग भी बढ़ रही है। इस क्षेत्र में कभी भी मंदी नहीं हो सकती। यही कारण है कि अब युवाओं की इसमें रुचि इसमें बढ़ती जा रही है। इस क्षेत्र को युवा अब आकर्षक कॅरियर के रूप में देख रहे हैं और इसके लिए जरुरी तकनीकी शिक्षा भी हासिल कर रहे हैं। कारोबार जगत के संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक फूड प्रोसेसिंग के कारोबार में भारत में कुशल लोगों की बेहद कमी है। आने वाले समय में फूड टेक्नोलॉजी का भविष्य बहुत ही सुनहरा होने वाला है। अगर आंकड़ों की मानें तो आने वाले कुछ सालों में यह उद्योग इस रफ्तार से बढ़ेगा कि नौकरियों की बहार होगी।

### जरुरी योग्यता

ऐसे में यदि आप इस उभरते क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं तो फिजिक्स केमिस्ट्री व बायोलॉजी अथवा मैथमेटिक्स विषयों के साथ 10+2 में कम से कम 50 प्रतिशत अंक जरूरी हैं। एमएससी कोर्स करने के लिए फूड टेक्नोलॉजी से संबंधित विषयों में स्नातक की डिग्री भी आवश्यक होती है।

### किस लिए है जरूरत

फूड टेक्नोलॉजिस्ट की जरूरत आज सभी देशों को है। इसका उदेद्श्य लोगों को ऐसी खाघ सामाग्री पहुंचाना है जो गुणवत्ता और स्वाद के साथ-साथ पोषक तत्वों से भी भरपूर हो।

इस क्षेत्र में किये जाने वाले प्रमुख कोर्स

- बीएससी फूड टेक्नोलॉजी
- बीटेक फूड टेक्नोलॉजी
- एमटेक फूड टेक्नोलॉजी

पीजी डिप्लोमा इन फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी

एमबीए( एग्री बिजनेस मैनेजमेंट

**अवसर:** इस कोर्स के बाद आपके पास नौकरी के कई सारे विकल्प होते हैं। आप फूड प्रोसेसिंग यूनिटों रिटेल कंपनियों होटल एग्री प्रोडक्टस बनाने वाली कंपनियों से जुड़ सकते हैं। या फिर खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता जांचने उनके निर्माण कार्य की निगरानी करने और खाद्य वस्तुओं को संरक्षित करने की तकनीकों पर काम करने वाली प्रयोगशालाओं से भी जुड़ सकते हैं।

**वेतनमान:** इस क्षेत्र में आप शुरुआती स्तर पर आप 8 से 15 हजार रुपये प्रतिमाह आसानी से कमा सकते हैं। सालों के अनुभव के बाद 30 हजार रुपये प्रतिमाह या इससे भी ज्यादा कमाया जा सकता है।



### फूड टेक्नोलॉजिस्ट का काम

फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के तहत वे सभी कार्य शामिल हैं जिनसे प्रोस्सेड फूड जैसे- मक्खन सॉफ्ट ड्रिंक जेम व जेली फ्रूट जूस बिस्कुट आइसक्रीम आदि की गुणवत्ता स्वाद और रंग-रूप बरकरार रह सके। इसके अलावा वह कच्चे और बने हुए माल की गुणवत्ता स्टोरेज तथा हाइजिन आदि की निगरानी भी करता है। वह कंपनी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। कच्चे माल से लेकर प्रोडक्ट तैयार होने तक कंपनी को उसकी हर स्तर पर जरूरत होती है। ग्लोबल स्तर पर कंपनी का भविष्य फूड टेक्नोलॉजिस्ट की योग्यता पर ही निर्भर रहता है।

**मैनुफैक्चर्ड प्रोसेसेज:** इस प्रक्रिया के जरिए कच्चे कृषि उत्पादों और मीट आदि पशु उत्पादों के भौतिक स्वरूप में बदलाव लाया जाता है। इससे यह उत्पाद खाने और बिक्री योग्य बन जाते हैं। वैल्यु एडेड प्रोसेसेज के जरिए कच्चे खाद्य उत्पादों में कई ऐसे बदलाव किए जाते हैं।

# ज्यादा मत उड़ को लेकर सुर्खियों में हेली शाह

हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज ज्यादा मत उड़ को लेकर अभिनेत्री हेली शाह सुर्खियों में हैं। इस शो को दर्शकों और समीक्षकों से बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है। हेली शाह ने इस शो में काजल का किरदार निभाया है, जो एक आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी युवती है। उनका यह किरदार उनके अब तक के निभाए गए किरदारों से बिल्कुल अलग और चुनौतीपूर्ण है। हेली शाह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह हमेशा ऐसी भूमिकाओं की तलाश में रहती हैं, जो उन्हें अभिनय के नए पहलुओं को तलाशने का मौका दें। उन्होंने कहा, एक साथ कई कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए कभी चिंता का विषय नहीं रहा, क्योंकि मुझे अपने काम पर भरोसा है। मुझे सबसे ज्यादा रोमांचित करता है खुद को ऐसे किरदारों से चुनौती देना, जो एक अभिनेता के तौर पर मेरी सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं।



हेली शाह ने अपने करियर की शुरुआत बहुत छोटी उम्र में की थी। उन्होंने पहली बार टेलीविजन पर 2010 में शो गुलाल के जरिए कदम रखा। इसके बाद वह दीया और बाती हम, अलक्ष्मी - हमारी सुपर बहू, खेलती है जिंदगी आंख मिचौली, खुशियों की गुल्लक आशी जैसे कई सीरियल्स में नजर आईं। हेली को असली पहचान स्वरागिनी में स्वरा माहेश्वरी का किरदार निभाने से मिली, जिसने उन्हें हर घर में लोकप्रिय बना दिया। इसके बाद उन्होंने देवांशी, सूफियाना प्यार मेरा, ये रिश्ते हैं प्यार के और इश्क में मरजावां 2 जैसे कई सफल शोज़ में अपने अभिनय का जादू बिखेरा।

उन्होंने झलक दिखला जा 9 में डांस का भी जलवा दिखाया। अब 'ज्यादा मत उड़' के जरिए हेली शाह एक बार फिर से नए अवतार में नजर आ रही हैं। उनकी इस वेब सीरीज को काफी पसंद किया जा रहा है और दर्शक उनके नए अंदाज की तारीफ कर रहे हैं। हेली का मानना है कि यह शो उनके करियर के लिए एक नया मोड़ साबित हो सकता है। बता दें कि ज्यादा मत उड़ की कहानी उन युवाओं के संघर्ष और आकांक्षाओं को दर्शाती है, जो समाज की रूढ़ियों को तोड़कर अपनी पहचान बनाने के लिए मेहनत करते हैं।


# गुरु रंधावा विदआउट प्रिज़ुडिस को रिलीज करने की तैयारी में



बालीवुड के प्रसिद्ध गायक और संगीतकार गुरु रंधावा ने अपने आगामी स्टूडियो एल्बम विदआउट प्रिजुडिस को रिलीज़ करने की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें कुल नौ ट्रैक होंगे। उन्होंने वॉर्नर म्यूजिक इंडिया के साथ आधिकारिक साझेदारी की घोषणा की है, जो उनके करियर में एक नया और रोमांचक अध्याय जोड़ने जा रही है।

एल्बम में अफ्रोपॉप और भारतीय पॉप का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा, जो संगीत प्रेमियों के लिए एक अनोखा अनुभव लेकर आएगा। इस एल्बम के प्रमुख गानों में स्नैपबैक, सिरा, न्यू एज, कताल, फ्रॉम एजेस, जानेमन, किथे वासदे ने, सरे कनेक्शन और गल्ला बातें शामिल हैं। खास बात यह है कि गुरु रंधावा ने इस एल्बम में ज़हर वाइब, एनएसईईबी, बॉब.बी रंधावा, किरण बाजवा और प्रेम लता जैसे कलाकारों के साथ कोलेबोरेशन किया है, जिससे इसका दायरा और भी व्यापक हो गया है।

एल्बम का पहला सिंगल गल्ला बातें 28 मार्च 2025 को रिलीज़ किया जाएगा, जिसका म्यूजिक वीडियो भी उसी दिन दर्शकों के लिए पेश किया जाएगा। गुरु रंधावा ने इस नए एल्बम को लेकर कहा, यह एल्बम केवल मेरा नहीं, बल्कि उस संगीत का भी विकास है, जिसे मैं बनाना चाहता हूं। विदआउट प्रिजुडिस सीमाओं को तोड़ने और वैश्विक स्तर पर नए श्रोताओं तक पहुंचने का एक प्रयास है। वहीं, वॉर्नर म्यूजिक इंडिया और सार्क के प्रबंध निदेशक जय मेहता ने भी गुरु रंधावा के साथ इस साझेदारी को लेकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, गुरु रंधावा ने पंजाबी संगीत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। हम उनके ब्रांड को और भी मजबूत बनाने में मदद करेंगे और उनके संगीत को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।गुरु रंधावा वर्तमान में भारत के सबसे प्रभावशाली और वैश्विक स्तर पर पहचाने जाने वाले कलाकारों में से एक हैं। स्पोटीफाय पर उनके 8 मिलियन से अधिक मासिक श्रोता हैं, और सभी प्लेटफार्मों पर उनके गाने 14 बिलियन से अधिक बार स्ट्रीम किए जा चुके हैं।



# जल्द हो सकता है 'गजनी 2' का ऐलान

खबर है की गजनी-2 का ऐलान जल्द हो सकता हैं क्योकि साउथ के जाने-माने निर्देशक एआर मुरुगादॉस और बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। चर्चा है कि दोनों 'गजनी 2' पर विचार कर रहे हैं और जल्द ही इस पर बड़ा ऐलान किया जा सकता है। यह फिल्म हिंदी और तमिल दोनों भाषाओं में बनाई जाएगी, जिसमें आमिर खान और तमिल स्टार सूर्या अपनी-अपनी भूमिकाएं दोहराते नजर आ सकते हैं। हालांकि, एआर मुरुगादॉस ने इस पर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया है कि इस पर चर्चा जारी है।

हाल ही में अपने एक साक्षात्कार में मुरुगादॉस ने कहा कि वह और आमिर खान इस प्रोजेक्ट पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल दोनों अपने-अपने प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। जैसे ही सही समय आएगा, वे इस पर आगे चर्चा करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि वह हाल ही में मुंबई आए थे, जहां उन्होंने सलमान खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग शुरू की और उसी दौरान आमिर खान से भी मुलाकात की। गौरतलब है कि 2008 में रिलीज हुई 'गजनी' बॉलीवुड की पहली ऐसी फिल्म बनी थी, जिसने 100 करोड़ रुपये की कमाई का रिकॉर्ड बनाया था। फिल्म में आमिर खान के साथ असिन लीड रोल में थीं, और इसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। यह फिल्म 2005 में आई तमिल फिल्म 'गजनी' की हिंदी रीमेक थी, जिसमें सूर्या मुख्य भूमिका में थे। अब अगर 'गजनी 2' बनती है, तो यह न केवल आमिर खान के करियर के लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म होगी, बल्कि इंडियन सिनेमा के लिए भी एक बड़ा प्रोजेक्ट साबित हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार फिल्म का बजट पहले से कहीं ज्यादा होगा और इसे 900-1000 करोड़ रुपये के ग्रैंड स्केल पर बनाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस ही करेंगे और इसे प्रोड्यूस करने की जिम्मेदारी अल्लू अरविंद ले सकते हैं, जिन्होंने पहले भी इस पर रुचि दिखाई थी।

# फिल्म जटाधारा की शूटिंग में व्यस्त है सोनाक्षी सिन्हा



हाल ही में अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपनी अगली फिल्म जटाधारा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म से वह तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रही हैं। उनके पहले लुक वाले पोस्टर में उन्हें पारंपरिक आभूषणों के साथ दिखाया गया है। सोनाक्षी का बोल्ड लुक गहरे काजल, लाल बिंदी और माथे पर तिलक से और भी प्रभावशाली नजर आया। पोस्टर पर लिखी शक्ति और शक्ति की शक्ति टैगलाइन ने फिल्म के रहस्यमयी और पावरफुल प्लॉट को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। इस फिल्म में सोनाक्षी के साथ सुधीर बाबू, शिल्पा शिरोडकर, रेन अंजलि और दिव्या विज मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन वेंकट कल्याण कर रहे हैं। सोनाक्षी अपने पति जहीर इकबाल के साथ तू है मेरी किरण में भी रोमांस करती नजर आएंगी।

यह फिल्म 2022 में आई डबल एक्सएक्सएल के बाद उनकी दूसरी ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी। फिल्म का निर्देशन करण रावल और संजना मल्होत्रा कर रहे हैं। इसके अलावा, सोनाक्षी की आने वाली फिल्मों में निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस भी शामिल है, जो एक मिस्ट्री-थ्रिलर होगी। बता दें कि हाल में सोनाक्षी ने अपने पति जहीर इकबाल के लिए एक प्यार भरा सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया, जिसमें दोनों की खूबसूरत तस्वीरें देखने को मिलीं। सोनाक्षी ने इन तस्वीरों में सफेद रंग की स्पेगेटी टॉप पहनी थी, जबकि जहीर ब्लैक शर्ट और मैचिंग टी-शर्ट में नजर आए। सोनाक्षी ने अपने पोस्ट में लिखा, हंसी के बिना बर्बाद हुआ एक दिन है!

यह कहना सुरक्षित है कि मैंने इस आदमी से मिलने के बाद से एक भी दिन बर्बाद नहीं किया है... आखिरी तस्वीर सब कुछ बयां कर देती है... कम से कम हमारे पास हंसी शुरू होने से पहले दो अच्छी तस्वीरें तो हैं। इस प्यारे पोस्ट पर फैंस और दोस्तों ने जमकर प्यार लुटाया। पिछले हफ्ते सोनाक्षी ने अपनी चमकती त्वचा का राज बताते हुए एक वीडियो शेयर किया था। इस वीडियो में वह अपनी स्किनकेयर रूटीन फॉलो कर रही थीं, तभी जहीर अचानक पीछे से आकर उन्हें डरा देते हैं। सोनाक्षी की हैरान करने वाली प्रतिक्रिया ने जहीर को जोर से हंसने पर मजबूर कर दिया। इस मजेदार पल को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन दिया, मेरी चमकती त्वचा का राज!



# अचानक परिवार के पास दिल्ली पहुंची राधिका मदान

अभिनेत्री राधिका मदान को जब अपने परिवार की याद सताने लगी तो वह अचानक दिल्ली पहुंच गईं। एक्ट्रेस ने अपने व्यस्त शेड्यूल से कुछ समय निकालकर अपने परिवार से मिलने का फैसला किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की और बताया कि वह अपने घर लौटकर कितनी उत्साहित हैं। राधिका ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने रणबीर कपूर की फिल्म 'रॉकस्टार' के गाने 'शहर में हूं मैं तेरे' को बैकग्राउंड में जोड़ा। इस वीडियो में वह मस्ती करती नजर आईं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, पैक-अप करो, घर जाना है। वीडियो में वह अपने परिवार और छोटे बच्चों के साथ समय बिताती नजर आईं। उन्होंने स्टैच्यू गेम खेलते हुए, गोलगप्पे खाते हुए, बाल कटवाते हुए और दिल्ली के लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए अपनी झलकियां साझा कीं। राधिका मदान की यह पोस्ट दिखाती है कि वह अपने परिवार से कितना जुड़ाव महसूस करती हैं। अभिनय की दुनिया में सफलता पाने के बावजूद वह अपनी जड़ों से गहराई से जुड़ी हुई हैं और परिवार को प्राथमिकता देना कभी नहीं भूलतीं। उनके इस वीडियो को फैंस ने खूब पसंद किया और उनकी सादगी की तारीफ की। इस बीच, 11 मार्च को उनकी फिल्म 'अंग्रेजी मीडियम' के पांच साल पूरे होने पर उन्होंने एक खास पोस्ट साझा की। राधिका ने इस फिल्म से जुड़ी कुछ पर्दे के पीछे की तस्वीरें और यादें साझा करते हुए दिवंगत अभिनेता इरफान खान को श्रद्धांजलि दी।



# अपने शौक के बारे में बात की रश्मिका मंदाना ने

हाल ही में लोकप्रिय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने अपनी एक खास सीरीज कोई भी मुझे वो काम करने से नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है शुरू की, जिसमें वह अपने शौक और पसंदीदा चीजों के बारे में बात कर रही हैं। इस सीरीज के दूसरे भाग में उन्होंने वर्कआउट के प्रति अपने प्यार को दर्शाते हुए कुछ तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में वह वर्कआउट के बाद की झलक दिखा रही हैं, जहां उनके एब्स और उनकी आकर्षक मुस्कान लोगों का ध्यान खींच रही है। रश्मिका ने इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, चाहे कहीं भी, कैसे भी, किसी भी अवस्था में क्यों न हो... मैं हमेशा वर्कआउट करने का कोई न कोई तरीका ढूंढ ही लूंगी। मुझे वो काम करने से कोई नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है... पार्ट-2। इससे पहले इस सीरीज के पहले भाग में उन्होंने अपने खाने के प्रति प्रेम को दर्शाया था। उस दौरान उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें वह आम के हलवे का लुत्फ उठाती नजर आई थीं। उस पोस्ट में वह ब्लैक टैंक टॉप और ब्लू डेनिम में बेहद स्टाइलिश लग रही थीं। उन्होंने मजेदार अंदाज में लिखा, कोई भी मुझे वो काम करने से नहीं रोक सकता जो मुझे पसंद है! पार्ट-1! रश्मिका की फिटनेस और उनकी डेडिकेशन उनके फैंस को प्रेरित करता है। वह जिम में घंटों पसीना बहाने के साथ-साथ योग और अन्य फिजिकल एक्टिविटीज को भी अपने रूटीन में शामिल करती हैं। उनकी इन तस्वीरों पर फैंस ने जमकर कमेंट किए और उनकी फिटनेस के प्रति समर्पण की सराहना की। अगर उनके वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका जल्द ही सलमान खान के साथ फिल्म सिकंदर में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन ए.आर. मुरुगादॉस कर रहे हैं और इसका निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। फिल्म में सलमान और रश्मिका के अलावा काजल अग्रवाल, सत्यराज, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 2014 की ब्लॉकबस्टर किक के बाद सलमान और साजिद की एक और बड़ी फिल्म होगी।

# नाना बनने पर भावुक हुए सुनील शेट्टी



बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी एवं क्रिकेटर केएल राहुल के घर खुशियों ने दस्तक दी है। दोनों एक क्यूट बेबी के माता-पिता बन गए हैं। इस खास मौके पर अथिया के पिता और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी बेहद भावुक नजर आए। वहीं, उनके भाई अहान शेट्टी ने भी इस मौके पर अपनी खुशी जाहिर की। बेटी के जन्म की जानकारी साझा करते हुए केएल राहुल और अथिया शेट्टी ने एक खूबसूरत पोस्ट लिखा, जिसमें उन्होंने अपनी नन्ही परी के आने की खुशी जताई। इस पोस्ट पर सुनील शेट्टी ने काले दिल और बुरी नजर से बचाने वाली इमोजी के साथ कमेंट किया। यह दर्शाता है कि नाना बनने की खुशी उनके दिल के कितनी करीब है। अहान शेट्टी ने भी अपनी बहन और जीजा को बधाई देते हुए पोस्ट पर रिएक्ट किया। बेटी के जन्म के बाद से पूरा परिवार जश्न के मूड में है और इस खुशी को अपने करीबियों के साथ साझा कर रहा है। जैसे ही इस खबर की घोषणा हुई, वैसे ही खेल और मनोरंजन जगत की कई हस्तियों ने इस जोड़े को बधाई दी। अर्जुन कपूर, कियारा आडवाणी, अनन्या पांडे, परिणीति चोपड़ा, मसाबा गुप्ता, करिश्मा कपूर, मलाइका अरोड़ा, टाइगर श्रॉफ, ईशा गुप्ता, सोनाक्षी सिन्हा, धनश्री वर्मा, शिखर धवन और सूर्यकुमार यादव सहित कई सेलेब्रिटीज ने सोशल मीडिया पर अपनी शुभकामनाएं भेजीं। केएल राहुल और अथिया शेट्टी ने 23 जनवरी 2023 को शादी की थी। यह शादी काफी चर्चा में रही थी और इसे परिवार और कुछ करीबी दोस्तों की मौजूदगी में संपन्न किया गया था। शादी के दो साल बाद, अब दोनों ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। पिछले साल नवंबर में उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की खबर साझा की थी, जिसके बाद से फैंस इस खास पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। प्रेग्नेंसी के दौरान अथिया अधिकतर समय अपने पति केएल राहुल के साथ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट सीरीज के दौरान रहीं। प्रेग्नेंसी के अंतिम महीनों में उन्होंने अधिकतर समय अपने परिवार के साथ बिताया। अब बेटी के जन्म के चलते केएल राहुल आईपीएल के शुरुआती मैचों में सीमित समय के लिए ही नजर आएंगे, ताकि वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ अधिक से अधिक समय बिता सकें।

## ब्रीफ न्यूज

### सब.ए.कद्र में रतजगा कर मुस्लिम समुदाय ने की इबादत

**खरगोन।** रमजान माह के दौरान मुस्लिम समाजजन रोजा रख अल्लाह की इबादत कर रहे है। 26 रोजे रात सब ए कद्र के रुप में मनाई गई। इस दौरान समूचे समाजजनों ने रतजगा कर अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हुए दुआएं की। इसे लैयलतुल कद्र की रात भी कहा जाता है। इसके साथ ही ईल उल फितर के त्यौहार की तैयारियां भी शुरु हो गई है। मस्जिदों को रोशन किया गया, वहीं बाजार भी सज गए है। देररात तक सजे बाजारों में कपड़े, सूखे मेवे, जूते चप्पल आदि की खरीददारी हो रही है। जमात इस्लाहूल मुस्लिमीन के नायब सदर नाजिम शेख ने बताया कि 30 मार्च की शाम चांद नजर आया तो 31 मार्च सोमवार को ईद होगी, नही तो 1 अप्रैल मंगलवार को ईद का त्यौहार मनाया जाएगा। ईदगाह में ईद की नमाज का वक्त सुबह 7.45 तालाब चौक में 8.15 और दारूउलूम में 8.45 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। मान्यता है कि इस्लामी पवित्र ग्रंथ को शबे कद्र के दिन आसमानी किताब कुरान सरीफ को जमीन पर उतारा गया था। साल में एक बार रमजान माह में आने वाली यह रात में इबादत करने से हजारों महीनों से अधिक इबादत करने का सवाब मिलता है।

### राम कथा की तैयारी हेतु समिति की बैठक सम्पन्न

**अशोकनगर।** रघुवंशी धर्मशाला के निकट श्री राम जानकी मंदिर में रामनवमी एवं श्री राम कथा की तैयारी हेतु समिति की बैठक की हुई। जगद्गुरु अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य देवमुरारी बापू के सानिध्य में विचार विमर्श कर व्यापक तैयारी संबंधित बैठक की गई 30 मार्च से 5 अप्रैल तक सात दिवसीय राम कथा होगी एवं 6 अप्रैल को कथा स्थल पर भव्य राम जन्म उत्सव मनाया जाएगा आज बैठक में प्रचार प्रसार हेतु जिम्मेदारियां सौंपी गई 29 मार्च तक संपूर्ण नगर में लोगों से संपर्क किया जाएगा। आज बैठक में डॉक्टर हरवीर रघुवंशी, अमर सिंह रघुवंशी, अशोक रघुवंशी, अजय सिंह रघुवंशी, बालचंद नरवरिया, श्रीकांत नायक एडवोकेट,नरेंद्र शर्मा, जितेंद्र सिंह, रघुवंशी सीताराम रघुवंशी, रघुवीर सिंह रघुवंशी लेक्चर, भुवन कुमार सोनी विकास रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

### आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा गणगौर का पर्व

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी माहेश्वरी महिला मंडल, अग्रवाल महिला मंडल, और सोनी महिला मंडल के तत्वाधान में शक्ति और भक्ति का पर्व गणगौर आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। आस्था और उत्साह के साथ महिलाओं ने ढोल-बाजे के साथ शहर के अमर टाकिज के चांडक परिवार के भवन में पहुंचकर पूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना के पश्चात सामूहिक रूप से झाले दिए। गणगौर महापर्व महोत्सव गणगौर का आगमन हुआ चांडक परिवार में जहां शोभा चांडक एवं परिवार मित्र मंडल द्वारा सभी का नृत्य गीतों के द्वारा स्वागत किया गया भगवान से अखंड सुहाग की कामना की गई और सभी ने खूब मंगल बधाइयां गई हैं इसी बीच हमारे शहर की पवित्र सीवन नदी जो की बहुत हद तक गंदगी से भरी हुई है उसमें पवित्रता का नाम मात्र भी रूप नहीं है इसलिए आज हमारे शहर के वरिष्ठ लोग इस कार्य का बीड़ा उठा रहे हैं।

मरीजों को मिले बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

# कलेक्टर बालागुरू के ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न कक्षों और अस्पताल में संचालित सेवाओं के साथ पूरे अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को दी जा रही सेवाएं-सुविधाएं देखी तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में चिकित्सकों से जानकारी ली। उन्होंने पंजीयन कक्ष, ओपीडी, सोनोग्राफी, दवा वितरण सहित अनेक कमरों में संचालित सेवाओं का निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के ने अस्पताल की साफ-सफाई पर घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए सिविल सर्जन डा प्रवीर गुप्ता को सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि प्रतिदिन नियमित अस्पताल का भ्रमण कर अस्पताल में स्वच्छता बनाये रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता, उपकरणों की स्थिति और मरीजों की जांच के बारे में जानकारी लेते हुए अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं और सेवाएं मरीजों को त्वरित और बेहतर ढंग से प्रदान करने के चिकित्सकों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर डेहरिया सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने यह दिए निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के ने नये भवन में ओपीडी प्रारंभ करने तथा मरीजों के ऑनलाइन पंजीयन एवं पर्ची प्रक्रिया को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार काउंटर बढ़ाए जाएं ताकि मरीजों को परेशानी न हो। उन्होंने अस्पताल की बंद लिफ्ट को शीघ्र चालू कराने तथा भवन की पुताई कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल और पूरे परिसर की सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने अस्पताल में आने वाले वाहनों की व्यवस्थित पार्किंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक और अस्पताल स्टॉफ अपने ड्यूटी टाइम में समय पर उपस्थित रहें तथा मरीजों और मरीजों के परिजनों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें। कलेक्टर बालागुरू के ने सीएमएचओ सहित सभी चिकित्सकों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन के लिए संचालित सभी योजनाओं का लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें।

# 47 वीं एवं 39 वीं राज्य स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का समापन आज

## सब जूनियर टीमों के सभी जनरल मैनेजरों को भी अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुये सम्मानित किया

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया के मुख्य आथिथ्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी एन के शुक्ला के आतिथ्य में पुरुस्कार वितरण करते हुए किया। तीन दिवसीय हैंडबाल ओपन टूर्नामेंट का समापन 26 मार्च 2025 को शहर के मुस्कान पब्लिक स्कूल ग्राउंड पर देर शाम 47 वीं जूनियर एवं 39 वीं हैंडबाल प्रतियोगिता की विजय होने बाली टीमों का किया जिसमें प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान पर विजयी टीमों को मैरिट सर्टिफिकेट,मैडल एवं ट्राफी प्रदान करते हुए। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने किया.जिसमें सब जूनियर वर्ग में विजेता अशोकनगर जिला, उपविजेता इंदौर जिला,एवं तृतीय स्थान पर दमोह जिला रहा,वहीं जूनियर वर्ग का विजेता.इंदौर जिला,उपविजेता अशोकनगर जिला तथा तीसरा स्थान रतलाम जिला बना.इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदौर के डॉ.एच एस रुप्पल सचिव और पर्यवेक्षक विजय रावल रतलाम ने और अशोकनगर हैंडबाल अध्यक्ष नितिन राठौर,उपाध्यक्ष अशोक सेन,सचिव बसीम खान ने दोपहर में कवाटर फाइनल मेचों का अवलोकन किया,समापन कार्यक्रम में ओ पी शर्मा,अरुण रघुवंशी भी उपस्थित रहे तथा प्रहलाद श्रीवास्तव पीटीआई ने समापन सत्र का संचालन किया। प्रदेश के 24 जिलों से आई हुई जूनियर एवं सब जूनियर बालक वर्ग की टीमों के ऑफिसिटिंग के लिए हेड ऑफिस इंदौर से 15 रेफरियों की नियुक्ति की गई जिनमें ग्वालियर से दीपक सिंह,कुंदन पाटीदार,नरेंद्र दांगी, इंदौर से राहुल चित्र, ऋषभ जरेले, किशन बाटू, सूरज यादव,आदित्य करोसिया,शशि पाल गोहट,गौरव,महेन्द्र रघुवंशी मोमेंटों प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं 24 जिलों से आई हुई जूनियर एवं सब जूनियर टीमों के सभी जनरल मैनेजरों को भी अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुये सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों को जिला हैंडबाल उपाध्यक्ष अशोक सेन,सचिव वसीम खान,महेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा विशेष स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार माना.कार्यक्रम के समापन के अंत में मध्य प्रदेश हैंडबाल संघ के प्रदेश सचिव ने 47 वीं एवं 39 वीं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सभी ऑफिसियल,अतिथियों, खिलाड़ियों और व्यवस्था से जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करते अच्छे आयोजन की प्रशंसा की।

## मंदसौर मिल भूमि के मुद्दे को परिषद की बैठक के एजेंडे में शामिल करने की मांग



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

नपा क्षेत्र में आने वाली मंदसौर मिल भूमि के ज्वलंत मुद्दे को परिषद की बैठक के एजेंडे में सम्मिलित कराने की मांग को लेकर पार्षद,नेता प्रतिपक्ष रितेश जैन आजाद ने गुरुवार को नपा अधिकारी को पत्र लिखा है। ज्ञात हो कि नपा परिषद की बैठक 28 मार्च को प्रस्तावित है। आवेदन में बताया गया कि नपा क्षेत्र के वार्ड 2/3 के अंतर्गत मंदसौर मिल के नाम से प्रचलित करीब 5 हैक्टर भूमि आती है। जिसका प्रकरण ग्वालियर उच्च न्यायालय पीठ में ड्ढक्क क्र 2260/2009 ÷मध्य प्रदेश सरकार बनाम संदीप बंदिवाल÷ के नाम से चल रहा है। मज़बूती से पक्ष ना रखने की बजह से 13 मार्च को आये फैसले में मप्र सरकार, अशोकनगर जिला प्रशासन यह केस हार गया । तभी से इस फैसले को लेकर आम जनता में रोष है, जो कि धीमे धीमे जन आंदोलन का रूप ले रहा है। जनता चाहती थी कि प्रशासन ये केस जीत जाए और अस्पताल यहीं बन जाये।लेकिन जिला प्रशासन ने जिला अस्पताल के लिए 5द्मद्ध दूर बरखेड़ी ग्राम में कोई जमीन चिन्हित की है। अत: आम जनता चाहती है कि नगर पालिका प्रशासन को भी इस प्रकरण में पक्षकार बनकर प्रशासन के साथ उस जमीन को बचाने का प्रयास करना चाहिए। ताकि जिला अस्पताल 5 किमी दूर न बने और यहीं शहर के बीचों बीच बन जाये। आवेदन के साथ नगर विकास समिति द्वारा भी इस मुद्दे पर दिया गया आवेदन संलग्न किया गया है। अब देखना है कि क्या नपा अधिकारी इस महत्पूर्ण मुद्दे को 28 मार्च की परिषद की बैठक के एजेंडे में प्रमुख रूप से सम्मिलित करेंगे। क्या नगरपालिका इस भूमि को भू-माफियाओं के चंगुल से बचाकर जनहित में उपयोग करवाने की पहल करेगी,या जिला प्रशासन की तरह भूमाफियाओं के इशारे पर काम करेगी।

# जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में ऑक्सीजन लाइन फटी

### सप्लाई बंद होने के बाद मची अफरातफरी, समय रहते सुधारी गई पाईप लाइन

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



जिला अस्पताल में गुरुवार सुबह एसएनसीयू वार्ड में ऑक्सीजन सप्लाई की लाइन अचानक फट गई। वार्ड में भर्ती सभी नवजात शिशु ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मेन स्विच से ऑक्सीजन सप्लाई बंद कर दी। सुरक्षा के लिए शिशुओं को एक बेड पर शिफ्ट किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल में अफरातफरी मच गई। घटना की जानकारी लगते ही बाहर बैठे परिजन अपने बच्चों की स्थिति जानने के लिए वार्ड के बाहर जमा हो गए। हालांकि, सुरक्षा कारणों से उन्हें अंदर जाने से रोक दिया गया। ऑक्सीजन सप्लाई बंद होने से बच्चों की जान को खतरा था। अस्पताल स्टाफ की लापरवाही व स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोगों ने कलेक्टर को सूचित किया।

**एसडीएम सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे:** प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। एसडीएम बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव, तहसीलदार रोहित रघुवंशी और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। टीम ने विद्युत सप्लाई और ऑक्सीजन पाइप की मरम्मत का काम शुरू किया। लगभग एक घंटे में स्थिति सामान्य हो गई।

**सभी बच्चे सुरक्षित:** जिला अस्पताल के डॉक्टर बी एल टैगोर ने बताया कि ऑक्सीजन पाइप की मरम्मत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि शिशुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी कदम उठाए गए। सभी बच्चे सुरक्षित हैं और उनकी स्थिति स्थिर है।

## निजी भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा



**सीहोर।** श्यामपुर तहसीलदार श्याम चंदेले के आदेशानुसार पटवारी एवं आर आई द्वारा जिले ग्राम करंजखेड़ा स्थित निजि भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया। उल्लेखनीय है कि ग्राम करंजखेड़ा निवासी सत्यनारायण शर्मा की इस निजि भूमि पर ग्राम नोनीखेड़ी निवासी रूपवती बाई एवं उनके पुत्रों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था, जिस कब्जे को हटवाकर सत्यनारायण को कब्जा दिलाया गया। यह कार्रवाई पटवारी मुकेश वर्मा, आरआई धीरेंद्र वर्मा सहित पुलिस आरक्षकों द्वारा की गई।

# यातायात पुलिस,नगरपालिका ने मिलकर हटाया अतिक्रमण, की चालानी कार्यवाही



**अशोकनगर।** यातायात पुलिस द्वारा नगरपालिका के साथ संयुक्त रूप से शहर के अस्पताल तिराहा से मंदसौर मिल एवं एफओबी के नीचे दुकानदारों द्वारा किये गये अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया,अनाधिकृत रूप से खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक स्नेहा ठाकुर, सूबेदार संतोष शर्मा, सउनि नारायण बुनकर द्वारा यातायात बल एवं नगरपालिका अमले के साथ संयुक्त रूप से अस्पताल तिराहा से कार्यवाही शुरू की गई, जहां अवैध रूप से बाहर सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही कर सामान जप्त किया गया। अव्यवस्थित रूप से लगे हाथ ठेलों पर कार्यवाही की गई, समझाइश दी गई कि मार्किंग लाईन के भीतर ही अपने-अपने हाथ ठेले लगायें। इसके पश्चात ऐसे वाहन जिन्हें चालक लापरवाही पूर्वक रोड पर पार्क कर छोड़ गये थे, उक्त वाहनों पर नो पार्किंग की धारा में चालानी कार्यवाही की गई।

### क्षेत्रवासियों को मिलेगी जर्जर सड़क से मुक्ति, 13 लाख की सौगात

**सीहोर।** क्षेत्रवासियों के द्वारा लंबे समय से वार्ड क्रमांक चार में गौशाला से सीवन लाइफ कालोनी तक का मार्ग नहीं होने और खस्ताहाल मार्ग होने के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसको लेकर वार्ड के पार्षद राजेश मांझी ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर को क्षेत्रवासियों की समस्याओं से अवगत कराया। गुरुवार को समस्या का निदान करते हुए करीब 13 लाख से बनाए जाने वाले रोड का भूमि पूजन करते हुए नपाध्यक्ष श्री राठौर ने संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य का समय सीमा में कार्य करने का निर्देश दिया है। वार्डवासियों ने नाली निर्माण के अलावा अन्य परेशानियों के बारे में नपाध्यक्ष श्री राठौर को अवगत कराया।

# मां कमाबाई जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न, भव्य शोभायात्रा निकली

सत्ता सुधार ■ सीहोर



हर साल की तरह इस साल भी साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मावाई की जयंती महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। नगर वासियों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा दोपहर 5 बजे स्थानीय राधेश्याम मंदिर, गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर इंडस्ट्रियल एरिया, मंडी थाने के पीछे स्थित हनुमान मंदिर तक निकाली गई। यात्रा के समापन स्थल पर मां कर्माबाई की भव्य आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के उत्कृष्ठ कार्यो को देखते हुए पत्रकार धीरज साहू एवं सुषमा साहै को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा शहर के अन्य पत्रकारों को भी समाज की गतिविधियों को उजागर करने और सकारात्मक पत्रकारिता के माध्यम से जनसेवा में योगदान देने हेतु सम्मानित किया गया।

आईपीएल | ओंकारेश्वर में पहली बार खाईवाल का नाम उजागर, आरोपी और उसका साथी फरार

# सट्टा किंग गजेंद्र अग्रवाल भाजपा-संघ और पत्रकारिता की आड़ में चला रहा था सट्टा

सत्ता सुधार ■ खंडवा



फूल-मालाओं की दुकान और गेस्ट हाउस संचालित करने वाला गजेंद्र अग्रवाल उर्फ गजु भैया सिर्फ एक व्यवसायी नहीं, बल्कि सट्टे की दुनिया का बड़ा नाम भी है। राजनीतिक संरक्षण, संघ और पत्रकारिता की आड़ में वह वर्षों से आईपीएल सट्टे का कारोबार चला रहा था। ओंकारेश्वर में पहली बार खाईवाल का नाम उजागर हुआ है, जिसने पूरे क्षेत्र में हलचल मचा दी है। पुलिस कार्रवाई के बाद गजेंद्र अग्रवाल और उसका साथी फरार हैं।

**राजनीतिक रसूख और प्रशासन पर पकड़:** गजेंद्र अग्रवाल मांधाता विधानसभा के बड़े भाजपा नेताओं का करीबी है और खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का %राइट हैंड% माना जाता है। वह ओंकारेश्वर मंदिर की व्यवस्थाओं से लेकर पुलिस थाने और प्रशासनिक सेटिंग तक हर क्षेत्र में अपनी पकड़ रखता है। किसी भी सरकारी काम में उसकी सीधी दखल रहती है। सूत्रों की मानें तो गजेंद्र पहले पूनम और अमर नामक दो बड़े सट्टा कारोबारियों के लिए सेटिंग करता था, लेकिन जब उसने देखा कि इसमें बड़ा पैसा है, तो उसने खुद खाईवाली शुरू कर दी। धीरे-धीरे पूनम और अमर हाशिए पर चले गए, और गजेंद्र ओंकारेश्वर का सबसे बड़ा सट्टा किंग बन गया।

**ओंकारेश्वर में पहली बार खाईवाल पर मामला दर्ज:** ओंकारेश्वर में आईपीएल सट्टे पर पहली बार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। वरना यहां खुलेआम सट्टा और जुआ वर्षों से नेताओं के संरक्षण में फल-फूल रहा था। पहली बार किसी खाईवाल पर प्रकरण दर्ज किया गया है। सूत्र बताते हैं कि पुलिस और सट्टा माफिया के बीच सेटिंग इतनी मजबूत होती है कि बड़े अधिकारियों को गुमराह करने के लिए हर महीने पुलिस कुछ छोटे गुर्गों पर केस बना देती है। इससे अधिकारियों को लगता है कि पुलिस कार्रवाई कर रही है, लेकिन असली खाईवाल हमेशा बच निकलते हैं।

**इस बार पुलिस ने तोड़ी सेटिंग, बड़े नाम उजागर:** हालांकि, इस बार आईजी और डीआईजी के निर्देश पर खंडवा एसपी मनोज कुमार राय ने सट्टा एक्ट और अन्य धाराओं में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल तक पहुंचाया। यही नहीं, पहली बार सट्टा खाईवाल का नाम आरोपियों से उगलवाया गया।

**मांधाता थाना पुलिस को क्लीन चिट, 24 घंटे में जांच पूरी:** आईपीएल सट्टे के खुलासे के बाद मांधाता पुलिस की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही थी। इसलिए आईजी और डीआईजी ने खंडवा पुलिस को मामले से अलग रखते हुए बड़वाह थाना पुलिस से कार्रवाई करवाई।

# विश्वरंग फाउंडेशन द्वारा निर्मित अनूठी फिल्म गणगौर गाथा

**खंडवा।** चैत्र नवरात्रि के पारंपरिक गणगौर पर्व के दौरान मध्य प्रदेश के निमाड़ क्षेत्र में फिल्म %गणगौर गाथा% विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई है। विश्वरंग फ़ाउंडेशन द्वारा निर्मित इस फ़िल्म का निर्देशन युवा फ़िल्मकार आदित्य उपाध्याय ने किया था, मैगज़ीन सुनील जैन ने बताया था कि द पोडियम टीम के युवा कलाकार इसमें शामिल हैं, हाल ही में एक गरिमामय समारोह में इस फ़िल्म का निर्देशन विश्वरंग के संस्थापक-निदेशक, साहित्य, संस्कृति और शिक्षा जगत के प्रमुख हस्ताक्षर आशुतोष ने किया था। गणगौर पर्व के दौरान इस फिल्म का प्रदर्शनों का शिखर खंडवा, महेश्वर, बड़वाह, खरगोन सहित पूर्व और पश्चिम निमाड़ के गांव-देहातों में हो रहा है। सांस्कृतिक वास्तुकला और देशज कलाओं के शोध और साहित्य की श्रृंखला में गणगौर लीजेंड का निर्माण एक अलौकिक पारंपरिक सौघाट है। इस फिल्म की परिकल्पना और शोध पुस्तक के साथ ही वाचक स्वर संस्कृति कर्मी-कला समीक्षक विनायक उपाध्याय का है। पोडियम टीम ने गत वर्ष गणगौर पर्व के अवसर पर पूर्व और पश्चिम निमाड़ के ग्रामीण क्षेत्र की सांस्कृतिक यात्रा की और इस पर्व से जुड़े अनुष्ठानों और अन्य पारंपरिक शैलियों का वास्तविक फिल्मांकन किया। यह फ़िल्म लगभग 20 मिनट की है।

## ब्रीफ न्यूज

### बजट से पहले पार्षदों की लगेगी क्लास

**इन्दौर।** निगम मुख्यालय स्थित अटल बिहारी वाजपेयी परिषद सभागृह में आयोजित बजट सम्मेलन में आगामी 3 अप्रैल को नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश होगा। बताया जा रहा है कि इसके पूर्व महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन संभावित है जिसमें शहर के सभी वार्ड पार्षदों को एक साल में उनके वार्ड में हुए विकास कार्यों की रिपोर्ट के साथ बुलाया जाएगा। और रिपोर्ट लेकर आगामी बजट से जुड़ी जानकारी उन्हे दी जाएगी। वहीं विगत एक वर्ष में सभी पार्षदों के वार्डो में हुए विकास कार्यों की जानकारी का भी अवलोकन किया जाएगा।

### मासिक बैठक के साथ किया उत्सव रंगों का आयोजन

**इन्दौर।** महावीर बाग में आयोजित जेएसएसजी प्राइम की तीसरी मासिक बैठक के दौरान कार्यक्रम उत्सव रंगों का आयोजन भी किया गया। इसमें किरण सिरोलिया के शानदार हास्य व्यंग्य से भरपूर प्रश्नों एवं गेम ने सबका मन मोह लिया। सारिका मेहता व तेजसिंह मारु ने गेम करवाए। मधुर गीतों व नृत्य सहित तंबोला खेला। इस मौके पर पवन चुराडिया, सुरेश डोसी, सुभाष चोपड़ा, मनोज जैन, आशा जैन, नरेंद्र संचेती सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### दो दिवसीय टेडेक्सडीएवीवी-2025 आज से

**इन्दौर।** सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा टेड इवेंट टेडेक्सडीएवीवी-2025 देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागार में आज 28 से शुरू होगा। इस दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन फ्ली मार्केट और ओपन माइक समेत मनोरंजक गतिविधियां होंगी। दूसरे दिन 29 मार्च को मोटिवेशनल स्पीच और मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन विवेक समतानी के कामेडी भरे परफॉर्मेंस के साथ इवेंट का संगीतमय समापन होगा।

### चंद्रप्रभु महिला मंडल का भक्तिमय आयोजन

**इन्दौर।** आदिनाथ जयंती के शुभ अवसर पर प्रारंभ हुई सामूहिक संगीतमय भजन के साथ नृत्यमय भक्ति की श्रृंखला में चंद्रप्रभु महिला मंडल मल्हारगंज की सदस्याओं ने हरे परिधान धारण कर भगवान के समक्ष सामूहिक संगीतमय भजन के साथ नृत्यमय भक्ति की। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाओं ने भाग लिया। डॉली झांझरी ने बताया कि संगीतमय भक्ति की यह पावन श्रृंखला आदिनाथ जयंती के शुभ अवसर से प्रारंभ हुई थी और सतत बीस दिन महावीर जयंती तक अनवरत रूप से जारी रहेगी।

### अरविंद गुप्ता एनएआर इंडिया के उपाध्यक्ष नियुक्त

**इन्दौर।** रियल एस्टेट लेन-देन सलाहकारों के लिए भारत की शीर्ष प्रतिनिधि संस्था और अधिवक्ता समूह नेशनल एसोसिएशन आफ रियाल्टर्स इंडिया के वर्ष 2025-26 के लिए इंदौर रियाल्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एनएआर इंडिया एसोसिएशन नेशनल आफ रियाल्टर्स उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा रियल एस्टेट व्यापार संघ है। एनएआर इंडिया रियल एस्टेट पेशेवरों के बीच नेटवर्किंग और सहयोग को बढ़ावा देता है।

---

राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन एवं विज्ञान उत्सव का शुभारंभ

# देशभर के 100 से अधिक शीर्ष वैज्ञानिक भारतीय ग्राम परंपरा, आधुनिक विज्ञान पर करेंगो चर्चा

**सत्ता सुधार ■ उज्जैन**




महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा विक्रमादित्य, उनके युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर एकाग्र विक्रमोत्सव 2025 अंतर्गत राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं विज्ञान उत्सव (विकास की बात-विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के साथ) का शुभारंभ 27 मार्च को पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल, कालिदास अकादमी में हुआ। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि विक्रमोत्सव अंतर्गत 27 मार्च से राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं विज्ञान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को तीन भागों में बांटा गया है। पहला है राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन, दूसरा है 40वां मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन और अंतिम है विज्ञान उत्सव। निदेशक ने बताया कि राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन की थीम 'विकास की बात विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के साथ' पर आधारित है। जिसमें देशभर के 100 से अधिक शीर्ष वैज्ञानिक भागीदारी कर रहे है। सम्मेलन में वैज्ञानिकों द्वारा आधुनिक विज्ञान और भारतीय प्राचीन विज्ञान परंपरा पर विभिन्न सत्रों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, खगोल विज्ञान, जीआईएस एंड रिमोट सेंसिंग अनुप्रयोग, कृषि एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी, स्टारर्टअप, इनोवेशन एवं स्किल डेवलपमेंट, भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा तथा आधुनिक प्रौद्योगिकी विषयों पर परिचर्चा होगी। इसके अलावा विज्ञान चौपाल का आयोजन भी होगा। उन्होंने बताया कि 40वां मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन अंतर्गत युवा शोधार्थियों द्वारा शोध पत्रों का वाचन होगा। उत्कृष्ट शोध पत्रों को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं फेलोशिप प्रदान की जायेगी। विभिन्न विषयों में 30 से अधिक युवा वैज्ञानिक पुरस्कार जिसमें प्रथम पुरस्कार राशि 25000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 20000 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 15000 रुपए प्रदान की जायेगी।

विज्ञान उत्सव में विद्यार्थी और वैज्ञानिकों के बीच संवाद, साइंस शो, साइंटिफिक मॉडल कॉम्पटीशन, टेलिस्कोप से आकाश दर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, तारामंडल में विशेष 3डी-4 के शो, प्रदर्शनी, कार्यशालाएं, खगोलीय वेधशाला डोंगला का भ्रमण एवं स्टार्टअप-इनोवेटर्स समिट शामिल है।

---

# भावना हत्याकांडः दुबई भागने वाले थे आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

## 50 से ज्यादा एटीएम कार्ड और 50 से अधिक बैंक खातों की पासबुक बरामद हुई

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**




भावना उर्फ तनु सिंह हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी स्वास्तिका, आशु यादव और मुकुल पुलिस की गिरफ्त में हैं। पुलिस के मुताबिक, गोली मुकुल ने चलाई थी। उसके और भावना के बीच तेज आवाज में गाना बजाने को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोपियों के फ्लैट की तलाशी ली, जहां से 28 मोबाइल, 4 लैपटॉप, 50 से ज्यादा एटीएम कार्ड और 50 से अधिक बैंक खातों की पासबुक बरामद हुई हैं। दो मैगजीन और कारतूस भी मिले हैं। आरोपी ऑनलाइन सट्टे का काम करते हैं। आरोपी ने दुबई भागने की प्लानिंग की थी। 21 मार्च को इंदौर के महालक्ष्मी नगर में एक फ्लैट में ग्वालियर की रहने वाली भावना गोली लगने से घायल हो गई थी। तीन लोग उसे लेकर कार से बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचे और छोड़कर भाग गए। इलाज के दौरान भावना की मौत हो गई थी। पुलिस को जानकारी मिली थी कि आरोपी भोपाल से थार जीप से भागे हैं। गिरफ्तारी को लेकर पहले जानकारी मिली कि तीनों आरोपियों को ग्वालियर से पकड़ा गया है। फिर बताया गया कि दतिया से गिरफ्तारी हुई है, हालांकि दतिया एसपी ने इस मामले में कोई भी जानकारी होने से मना कर दिया। इसके बाद जानकारी मिली कि पुलिस ने आरोपियों को हिमाचल प्रदेश के कसौली से पकड़ा है। इसकी भी पुष्टि नहीं की गई है।

### नेपाल के रास्ते दुबई भागना चाहते थे आरोपीः

भावना हत्याकांड के आरोपियों पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस को आशंका थी कि आरोपी विदेश भी भाग सकते हैं। इसे देखते हुए उनके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर भी जारी किया गया था। डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा के मुताबिक, आरोपी इंदौर के रास्ते भोपाल गए। फिर ट्रेन से झांसी पहुंचे। झांसी से दिल्ली, फिर कसौली और उसके बाद उत्तराखंड गए। वहां से वे नेपाल के रास्ते दुबई भागने की योजना बना रहे थे। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि पुलिस ने उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर दिया है। इसके बाद वे ग्वालियर आ गए।

### आरोपियों पर था 10 हजार का इनाम

इंदौर डीसीपी जोन-2 अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि भावना सिंह नाम की महिला को गोली लगने की सूचना पर लसूड़िया थाने में केस दर्ज किया गया था, जिसमें धारा 302 जोड़ी गई थी। इसके बाद से ही लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। आरोपियों पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। इधर, भावना के मुंहबोले भाई पंकज ठाकुर ने ग्वालियर में कैंडल मार्च निकालकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस हत्याकांड में दो सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए थे। एक फुटेज में भावना अपनी कार एक स्थान पर खड़ी कर पैदल जाती हुई दिखाई दे रही है, जबकि दूसरे फुटेज में एक आरोपी बुलेट पर किसी के साथ जाते हुए नजर आ रहा है।

**पहले अस्पताल का फुटेज आया सामनेः** घटना वाली रात को घायल हालत में भावना को लेकर तीन लोग बॉम्बे हॉस्पिटल पहुंचे थे। अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज में वे मारुति कार से घायल भावना को उतारकर स्ट्रेचर पर लेटाकर अस्पताल के अंदर ले जाते दिखे। इसके बाद वे वहां से भाग गए थे। अस्पताल में इलाज के दौरान भावना की मौत हो गई थी।

---

# मानसिंह चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोहागढ़ गायरी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने



**सत्ता सुधार ■ उज्जैन**

राष्ट्रीय गायरी महासभा के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. प्रभु चौधरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर मानसिंह चौधरी (नरवर) को एवं राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष पद पर लाखन सिंह लोहागढ़ को नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर समाज के सभी लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त की है।

यह जानकारी महासभा के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. प्रभु चौधरी ने पत्रकारवार्ता के दौरान उनको नियुक्ति पत्र देते हुए उनका पुष्पहारों से स्वागत कर उनके उज्जवल कार्यकाल की बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. चौधरी ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि समाज हित में यह कार्य करेंगे और समाज को संगठित कर मजबूत करेंगे। सामूहिक सम्मेलनों का प्रचार प्रसार एवं गरीब असहाय व्यक्तियों को सहायता, शिक्षा के लिए विशेष रूप से बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन मृत्यु भोज एवं विवाह कार्यक्रमों में अपव्यय रोकने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय गायरी महासभा में एक महासचिव, छह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, छह राष्ट्रीय सचिव एक कोषाध्यक्ष तथा 11 सदस्यों की नियुक्तियां शीघ्र ही की जाएगी। 30 अप्रैल तक सदस्यता अभियान पूर्ण कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष मानसिंह चौधरी ने बताया कि प्रदेश और अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। जो अपने-अपने प्रदेशों में कार्यकारिणी का गठन करेंगे और समाज हित में जो निर्णय लिये जाएंगे, उन्हें क्रियान्वित करने कार्य करेंगे।

लाखन सिंह लोहागढ़ ने बताया कि मां अहिल्या देवी की जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

---

# ड्रेनेज की समस्या से परेशान मूसाखेड़ी आईडीए मल्टी के रहवासियों का फूटा गुस्सा

## नगर निगम झोन क्रमांक 18 पर प्रदर्शन के बाद किया चक्का जाम

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**



देश का सबसे स्वच्छ इंदौर आठवीं बार स्वच्छ शहर होने का दावा करने के लिए तैयार है, लेकिन वास्तविकता देखी जाय तो स्थिति बदहाल है। मूसाखेड़ी स्थित जोन क्रमांक 18 वार्ड 52 में स्कीम नंबर 94, आईडीए बिल्डिंग परिसर में कई दिनों से ड्रेनेज की समस्या है। ड्रेनेज के गंदे पानी को लेकर जिम्मेदार रहवासी अधिकारियों, पार्षद सुदामा चौधरी और दरोगा सौरभ को कई बार शिकायत कर चुके। बावजूद आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

गुरुवार सुबह 11 बजे नगर निगम झोन क्रमांक 18 पर बड़ी संख्या में रहवासी एकत्रित होकर झोनल अधिकारी से शिकायत लेकर पहुंचे तो वहां पर झोनल अधिकारी ही नदारद था। परेशान रहवासियों ने तीन इमली ब्रिज के पास रिंग रोड पर चक्का जाम करते हुए प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन और नगर निगम के अधिकारयों ने चक्का जाम कर रहे रहवासियों को आश्वासन दिया अभी यहां से रास्ता साफ कर दो हम आपकी समस्या का समाधान कर देंगे। कुछ देर बाद झोनल अधिकारी आए और प्रदर्शन कर रहे रहवासियों के पास पहुंचकर समस्या जानी। उन्होंने भी अश्वासन दिया कि जल्द आपकी समस्या का समाधान कर देंगे।

रहवासियों का कहना है कि ड्रेनेज की समस्या कई महीनों से चल रही है। रहवासियों को इस गंदगी में रहना पड़ रहा है। सड़क पर ड्रेनेज का गंदा पानी बहने से पूरे क्षेत्र में लोग बदबू से परेशान हो रहे हैं। बदबू और गंदगी के कारण क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। गौरतलब है कि सफाईकर्मियों द्वारा रहवासियों से पैसे मांगे जाते हैं।

### कर्ज से परेशान युवक ने किया सुसाइड, मां-पिता घर लौटे तो फंदे पर लटका मिला

**इंदौर।** द्वारकापुरी में रहने वाले एक वीडियोग्राफर ने सुसाइड कर लिया। बताया जाता है कि उसने कुछ लोगों से कर्ज लिया था। जो उसे लगातार परेशान कर रहे थे। इसके चलते वह डिप्रेशन में था। रात में माता-पिता ने उसे फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार अमित (35) पुत्र महेश चावड़ा ने बुधवार रात अपने घर में फांसी लगा ली। पिता महेश ने बताया कि वह पत्नी के साथ अपनी भांजी के यहां खाना खाने गए थे। रात करीब 11:30 बजे बेटे का कॉल आया। उसने बाहर खाना खाने जाने की बात कही। रात करीब 12 बजे जब दंपति घर पहुंचे तो कमरे की लाइट चालू थी। दरवाजा अंदर से बंद था। बेटे को आवाज दी। लेकिन उसने गेट नहीं खोला। रोशनदार से झांककर देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद पुलिस को मौके पर बुलाया। उन्होंने दरवाजा खोलकर शव को जिला अस्पताल भेजा।पिता महेश के मुताबिक अमित उनका इकलौता बेटा है। वह वीडियोग्राफी का काम करता है। दो माह पहले ही वह द्वारकापुरी में किराए से रहने आए थे। अमित के वीडियोग्राफी के काम से मिलने वाले रुपए मार्केट में उलझे हुए थे।

---

# भारत विकास परिषद ने किए मध्यभारत दक्षिण प्रांत के प्रांतीय अधिकारी घोषित

## वीरेंद्र जैन धार अध्यक्ष, विजय नामदेव धामनोद महासचिव, अजय कामले कोषाध्यक्ष

**सत्ता सुधार ■ धामनोद**







भारत विकास परिषद सेवा और संस्कारों को समर्पित एक गैर राजनीतिक, राष्ट्रवादी संगठन है, जो समृद्ध और प्रबुद्ध लोगों के सहयोग से वंचित लोगों की सेवा करता है। इसी तारतम्य में भारत विकास परिषद केंद्रीय कार्यालय दिल्ली द्वारा समूचे देश में परिषद के 88 प्रांतों के प्रांतीय अधिकारियों की अधिसूचना जारी की है।

अधिसूचना के तहत भारत विकास परिषद मध्यभारत दक्षिण प्रान्त के प्रांतीय अध्यक्ष हेतु वीरेंद्र जैन धार, प्रान्त महासचिव हेतु, विजय नामदेव धामनोद एवं प्रान्त वित्त सचिव के दायित्व हेतु अजय कामले इंदौर के नाम घोषित किए गए। वीरेंद्र जैन धार शाखा के अध्यक्ष रह चुके है और प्रांत अध्यक्ष के दायित्व का विगत 2 वर्षो से निर्वहन कर रहे हैं। विजय नामदेव को धामनोद शाखा के 3 वर्ष अध्यक्ष सहित प्रांत संस्कार प्रमुख 2 वर्ष, प्रांत वित्त सचिव 1 वर्ष एवं प्रांत महासचिव के दायित्व का 2 वर्षो का अनुभव है। वहीं अजय कामले को तिलक शाखा इंदौर के शाखा अध्यक्ष, शाखा सचिव के दायित्व का 4 वर्षो का अनुभव है। इन दायित्वधारियों का कार्यकाल 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा। तीनों पदाधिकारियों के इस मनोनयन पर केंद्रीय, राष्ट्रीय, रीजनल, प्रांतीय एवं शाखा दायित्वधारियों के अलावा अनेक परिषद साथियों ने उन्हें बधाइयां और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

---

# बार एसोसिएशन उज्जैन का चुनाव हुआ रोचक, अध्यक्ष पद के सात प्रत्याशी मैदान में

**सत्ता सुधार ■ उज्जैन**

मण्डल अभिभाषक संघ के वर्ष 2025-26 की निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है और सभी प्रत्याशी जोरशोर से चुनाव प्रचार में लग गए है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय गिरिया द्वारा उपनिर्वाचन अधिकारीगण डॉ. प्रकाश डाबी, सुभाष यादव के साथ ही स्वच्छ एवं पारदर्शी निर्वाचन करवाने हेतु लगभग तीस सहायक निर्वाचन अधिकारीगण की नियुक्ति की गई है। जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नामांकन भरने वाले प्रत्याक्षियों का नाम वापसी का समय 25 मार्च को दोपहर 2 बजे तक था। नाम वापसी के अंतिम समय के उपरांत अध्यक्ष पद हेतु अभी तक के चुनाव में पहली बार सर्वाधिक सात प्रत्याशी मैदान में है।

अन्य पदों पर उपाध्यक्ष हेतु तीन प्रत्याशी, सचिव पद पर चार प्रत्याशी, कोषाध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी, सहसचिव अधिवक्ता कल्याण पद हेतु दो प्रत्याशी व सहसचिव पुस्तकालय पदा हेतु भी दो प्रत्याशी चुनावी समर में है। कार्यकारिणी ग्यारह पद हेतु सोलह उम्मीदवारों ने अपने नामांकन दाखिल किए है, जिनमें एक प्रत्याशी द्वारा आज नाम वापसी के बाद कार्यकारिणी के पद हेतु पंद्रह प्रत्याशी शेष है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न राज्यों के अधिवक्ता संघों में महिलाओं को न्यूनतम आरक्षण दिया गया है, तथा इस आधार पर महिला अभिभाषकों की मांग पर इस वर्ष कार्यकारिणी में चार पद एवं सहसचिव पुस्तकालय का पद महिला अभिभाषक हेतु आरक्षित रखा गया है। ज्ञातव्य रहे कि, अभिभाषक संघ उज्जैन शहर की सबसे पुरानी व सबसे प्रतिष्ठित संस्था है और इसके निर्वाचन पर न सिर्फ अभिभाषकों अपितु सम्पूर्ण शहर एवं राजनेताओं तक की निगाह रहती है। इस बार अध्यक्ष पद हेतु सात प्रत्याशी मैदान में होने से निर्वाचन बेहद रोचक और दिलचस्प हो गए है।

---

**प्रभात फेरी** बैंड-बाजों के साथ मंदिर परिसर से आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कराया गया

# महावीर दिगंबर जैन मंदिर से निकली जैन समाज की प्रभात फेरी

**सत्ता सुधार ■ इंदौर**



दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद , इंदौर, सोशल ग्रुप फेडरेशन एवं महावीर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सुबह प्रभात फेरी श्री महावीर दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, महालक्ष्मी नगर से निकली। समाज के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी ने बताया कि प्रभात फेरी में पालकी में भगवान महावीर स्वामी जी की प्रतिमा को विराजित कर बैंड-बाजों के साथ मंदिर परिसर से आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कराया गया। इस दौरान तुलसी नगर जैन समाज के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में मंदिर प्रांगण में एकत्रित होकर प्रभात फेरी में सम्मिलित हुए। महिलाएं भक्ति नृत्य करते हुए चल रही थी। समाज के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि महालक्ष्मी नगर जैन मंदिर प्रांगण पर राजकुमार पाटोदी , अनिल मोदी, राजेश जैन, आर के जैन , हंसमुख जैन, सरला सामरिया, कुमुद जैन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर समाज एम के जैन, सुशील पांड्या, राकेश विनायका, राजेंद्र सोनी, डॉ. अशोक पाटनी, भरत शास्त्री, राजीव निराला, आशीष जैन, दिनेश जैन, पवन सिंघई, अनिल जैन इटको ,संजय पापड़ीवाल, गिरीश रारा, मनीष जैन, ऋषभ जैन, सोशल ग्रुप- ग्रेटर विजयनगर एवं अहिंसा के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। सतीश जैन ने बताया कि कल प्रातः प्रभात फेरी सुबह 6:45 पर दिगंबर जैन मंदिर स्कीम नंबर- 78, सलैया वालों का मंदिर *से निकलकर आसपास के क्षेत्रों में घूम कर पुनः वहीं पहुंचेगी।

## ब्रीफ न्यूज

### प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा 28 मार्च को मुरैना आयेंगे

**मुरैना।** प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री एवं मुरैना जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा दो दिवसीय प्रवास पर 28 मार्च को मुरैना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री वर्मा 28 मार्च को सायं 05:20 बजे भोपाल से ट्रेन द्वारा प्रस्थान कर रात्रि 11:25 बजे मुरैना आयेंगे और विश्राम करेंगे। मंत्री श्री वर्मा 29 मार्च को प्रातः 11:30 बजे एसएएफ ग्राउंड मुरैना में चल रहे स्वास्थ्य शिविर में भाग लेंगे। प्रभारी मंत्री सायं 4:40 बजे मुरैना से ट्रेन द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### हेल्थ कैम्प में कलेक्टर ने स्पेशिलस्ट डॉक्टरों को किया सम्मानित

**मुरैना।** रोटरी मेगा कैम्प में दिल्ली से मुरैना आये 03 डॉक्टरों ने गुरूवार को मरीजों का चैकअप कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिलाया। इसके बाद दिल्ली वापस जाते समय कलेक्टर अंकित अस्थाना ने उन्हें सम्मानित किया। जिनमें एम्स से रिटायर्ड हुये ऑर्थोपेस्टि डॉक्टर प्रकाश कोतवाल के द्वारा गुरूवार को पुलिस परेड ग्राउंड में 150 मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें स्वस्थ्य लाभ देने के लिये मेडीसन उपलब्ध कराई। इसी प्रकार एक्सकोट हॉस्पीटल के डॉ. कौशल कांत ने ज्वाइंट प्लेसमेन्ट के 60 मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवा उपलब्ध कराई। दिल्ली से मुरैना पधारे 40 एक्सकोर्ट हॉस्पीटल नई दिल्ली के हार्ट सर्जी स्पेशलिस्ट डॉ. शिवकुमार चौधरी ने 30 लोगों को हार्ट मरीजों का चैकअप किया और उन्हें स्वास्थ्य लाभ देने के लिये इलाज किया। दिल्ली जाते समय कलेक्टर अंकित अस्थाना ने डॉ. शिवकुमार चौधरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### शनि मेले में रेल विभाग चलायेगा दो ट्रेन

**मुरैना।** 29 मार्च को शनिश्चरी अमावस्या पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन में असुविधा के चलते रेल विभाग ने कलेक्टर अंकित अस्थाना के आग्रह पर दो ट्रेन चलाने की अनुमति दी है। जिनमें ट्रेन नंबर 51887 व 51888, 51889 और 51890 ये ट्रेन 28 से 30 मार्च तक चलेंगी, जिनमें 04 अतिरिक्त जनरल कोच रहेंगे। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 11903 व 11904 वीजीएलजे ईटीडब्ल्यू दैनिक एक्सप्रेस का एसएसी पर अतिरिक्त दो अस्थाई ठहराव 28 से 30 मार्च तक रहेगा। इसके अलावा एक रैक स्पेयर में ग्वालियर में रखा गया है।

# प्रतिदिन लाखों रुपया जीएसटी चोरी कर मंगाया जा रहा करोड़ों रुपए का परचून का सामान, एक्साइज ड्यूटी की भी कर रहे चोरी

## व्यापारियों ने ट्रांसपोर्टर को दे दी है जिम्मेदारी और संगठित होकर व्यापारी के साथ मिलकर सरकार को लगा रहे चूना

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर एवं जिले की सभी तहसीलों में प्रतिदिन दिल्ली आगरा से जीएसटी की चोरी कर एक सैकड़ा के लगभग गाड़ियां परचून, कॉस्मेटिक, होजरी, शूज, जर्दा पान मसाले, सिगरेट आदि करोड़ों रुपए का माल प्रतिदिन आ रहा है, लेकिन जीएसटी विभाग जीएसटी की चोरी करने वाले व्यापारियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, जबकि बड़े व्यापारियों पर जीएसटी विभाग की हमेशा नजर बनी रहती है। हालांकि इस मामले में जीएसटी विभाग ने कुछ दिन पूर्व कार्रवाई की है और वर्तमान में भी गोपनीय जांच चल रही हैं लेकिन रिजल्ट सामने नहीं आ पा रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुरैना जिले में जीएसटी विभाग का खुफिया तंत्र पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है, जिस कारण जीएसटी चोरी करने वाले व्यापारियों की जानकारियां अधिकारियों तक नहीं पहुंच रही है, परिणाम स्वरूप मुरैना जिले में दिल्ली आगरा से प्रतिदिन एक सैकड़ा गाड़ियां विभिन्न प्रकार का परचून, कॉस्मेटिक, पान मसाले, सिगरेट आदि भरकर ला रहे हैं और व्यापारियों के गोदाम में पहुंच




रहे हैं। इनके द्वारा प्रतिदिन लाखों रुपए की जीएसटी की चोरी कर राज्य सरकार को चूना लगाया जा रहा है। आगामी दिनों में नवरात्र आने वाले हैं और खाद्य पदार्थों के साथ-साथ अन्य वस्तुओं की खपत अधिक होनी है, जिसके चलते व्यापारियों द्वारा गोदाम में माल का स्टॉक किया जा रहा है। लगभग दो दर्जन गाड़िया परचून से भरी प्रतिदिन मुरैना एवं जिले की तहसीलों में पहुंच रही हैं, वहीं अन्य माल की गाड़ियां भी आ रही हैं, जिनकी संख्या लगभग एक सैकड़ा बताई जाती है। मुरैना जिले में गुटखा पान मसाला, सिगरेट, कॉस्मेटिक सामान की खपत जिले भर में प्रतिदिन 3 से 5 करोड़ के लगभग बताई जाती है, वहीं ऐसे भी व्यापारी हैं, जो पांच-पांच कंपनियों की डीलरशिप चला रहे हैं और जीएसटी विभाग को प्रतिदिन लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं। इसके अलावा जिले भर के व्यापारियों द्वारा एक्साइज ड्यूटी की भी चोरी की जा रही है, जबकि मुरैना जिले के बानमोर थाना क्षेत्र में सेंट्रल एक्साइज डिपार्टमेंट का दफ्तर बना हुआ है और उसका काम नारकोटिक्स को भी देखना है, लेकिन एक्साइड डिपार्टमेंट द्वारा कभी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### व्यापारियों ने सारा टेंशन ट्रांसपोर्टों पर छोड़ा

प्रतिदिन की परेशानी से बचने के लिए विभिन्न प्रकार के व्यापार करने वाले मुरैना जिले के व्यापारियों द्वारा जीएसटी की चोरी कर मंगाया जा रहा परचून, कॉस्मेटिक, होजरी, शूज आदि सहित अन्य सामान ट्रांसपोर्टर के माध्यम से मनाया जाता है और जीएसटी विभाग से बचने के लिए उन्होंने अपना लोड ट्रांसपोर्टर को दे दिया है। स्थिति यह है कि व्यापारियों से मोटा माल मिलने के कारण ट्रांसपोर्टर संगठित हो गया है और कई बार दबंगई भी दिखा देता है। ऐसा ही एक रोचक किस्सा कुछ दिन पहले देखने और सुनने में आया, जब जीएसटी विभाग की टीम ने हाईवे पर एक गाड़ी को रोका तो वहां एक दर्जन लोग आ गए, जीएसटी की टीम को देखकर वह समझ गए। जीएसटी का मैटर नहीं है तो वहां से चुपचाप निकल गए। मतलब यह है कि जहां खतरा देखा वहां व्यापारियों और ट्रांसपोर्टर के लोग दबाव बनाने के लिए पहुंच जाते हैं। बताया जाता है कि व्यापारी कच्चे पक्के का मिक्स कार्य करते हैं। कई बार कंडीशन यह होती है, इन्हें पता चल जाता है कि जांच चल रही है तो पक्के में माल निकालना शुरू कर देते हैं कुछ समय के लिए, बाकी समय तो वह चोरी कर ही रहे होते हैं।

### क्या कहते हैं उपायुक्त जीएसटी विभाग

व्यापारियों द्वारा की जा रही गस्त चोरी के मामले में उपयुक्त जीएसटी सत्येंद्र चौरसिया का कहना है कि जीएसटी में क्षेत्र 68 है, जब कमिश्नर ऑथराइज्ड करते हैं जांच करने के लिए कि आप इनकी जांच करें की जो कच्चे में माल आ रहा है आप उसको पकड़े स व्यापारियों का एक सिंडिकेट बना हुआ है, अभी हमारी जांच चार-पांच दिन से चल रही है रेगुलर। जैसे ही हम लोग फील्ड में निकलते हैं तो इनके लोग पायलटिंग करते हैं और उस पीरियड में गाड़ियों को रोक लेते हैं। हमारे पास रेगुलर निर्देश पावर नहीं रहते। कमिश्नर साहब के निर्देश पावर रेगुलर रहें तो हम अपने मुखबिर जुटा सकते हैं। अभी 4 -6 महीने में कार्रवाई करने से इनफॉरमेशन नेटवर्क कमजोर पड़ जाता है और सूचनायें नहीं मिल पाती, जबकि व्यापारियों का नेटवर्क काफी मजबूत है। अभी दूसरे अधिकारी जांच में लगे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के जैसे निर्देश आते हैं, पावर देते हैं, उस बेस पर हम जांच करते हैं। हम लोग प्रयासरत हैं। धीरे-धीरे हमारा पेनल्टी का मान बढ़ रहा है और ज्यादा कार्रवाई भी कर रहे हैं।

# हाईवे के दो मुख्य थानों के अलावा कई थाने निरीक्षक विहीन, पुलिस चौकियों में संसाधनों की कमी से जूझ रहा स्टाफ

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले में दो दर्जन से अधिक थाने एवं 10 पुलिस चौकियां मौजूद हैं, लेकिन कुछ मुख्य थाने अभी भी निरीक्षक विहीन है, जिससे पुलिसिंग कार्य प्रभावित हो रहा है, वहीं चौकियो में संसाधनों की कमी का सामना पुलिस स्टाफ को करना पड़ रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा काफी समय से खाली पड़े निरीक्षक स्तर के थानों में निरीक्षक की पदस्थी नहीं की गई है और सब इंस्पेक्टर थानों को संचालित कर रहे हैं। पुलिसिंग कार्य को बेहतर बनाने के लिए खाली पड़े थानों में निरीक्षकों की पदस्थी आवश्यक है जिससे पेंडेंसी मामलों का निराकरण हो सके और पुलिस कार्यवाहियां तेज गति से चल सकें।

बताया जाता है कि वर्तमान में कई निरीक्षक पुलिस लाइन में बैठे हुए हैं और हाईवे के दो मुख्य स्थान के अलावा कई अन्य थाने सब इंस्पेक्टर के भरोसे चल रहे हैं। शहर से लगे मुख्य सिविल लाइन थाना




एवं बॉर्डर पर स्थित सराय छोला थाना काफी समय से निरीक्षक की बाट जोह रहे हैं लेकिन पुलिस अधिकारियों को उक्त थानों में निरीक्षक पदस्थ करने में क्या दिक्कत आ रही है यह समझ से परे है। इसके अलावा माता बसैया थाना अभी लंबे समय से निरीक्षक विहीन है तथा और भी अन्य थाने सब इंस्पेक्टर के भरोसे चल रहे हैं। बताया जाता है कि जिले में अनेक चौकियां बनी हुई है, लेकिन वहां पेट्रोलिंग के लिए गाड़ियां भी उपलब्ध नहीं है, जिससे थाना इंचार्ज एवं स्टाफ को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मुलजिम को कोर्ट लाने ले जाने के लिए कई-कई घंटे इंतजार करना पड़ता है अथवा किराए से गाड़ी लेनी पड़ती है या फिर बस व दो पहिया वाहन से जाना पड़ता है। कुछ थाना चौकियों में कंप्यूटर ऑपरेटर की समस्या है तो वहीं स्टेशनरी का अभाव बना रहता है, जिससे चौकी पर काम करने वाले पुलिस कर्मचारियों को परेशानी उठानी पड़ती है।

### उम्रदराज पुलिसकर्मी थानों में और युवा बैठे हैं लाइन तथा सीआईडी में


मुरैना जिले में देखने में आ रहा है कि तमाम युवा पुलिस कर्मचारी या तो पुलिस अधिकारियों की अनदेखी के कारण पुलिस लाइन सीआईडी विभाग तथा अन्य शाखाओ मैं काम कर अपना टाइम पास कर रहे हैं, तो वही उम्रदराज पुलिस कर्मचारी मुख्य थानों में पदस्थ हैं, जबकि उन पर काम भी नहीं होता। पुलिस अधीक्षक को चाहिए कि उम्र दराज पुलिस कर्मचारियों को पुलिस लाइन या ऐसी शाखाओं में भेजा जाए, जहां वह आसानी से कार्य कर सके और जो युवा इन शाखाओ में बैठे हैं, उन्हें पुलिस थानों में पदस्थ किया जाए तो पुलिसिंग कार्य में तेजी लाई जा सकती है।

### इनका कहना है.....

जिले में कुल 25 थाने एवं 10 चौकियां हैं और पूरे जिले का अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक 1500 के लगभग पुलिस बल है। लाइन में केवल तीन निरीक्षक हैं, जिसमें से एक कंट्रोल रूम में है और दो लाइन में है।

-कनक सिंह चौहान, रक्षित निरीक्षक, मुरैना

# एक टीचर की अनैतिक गतिविधियों से क्षुब्ध गंगा पब्लिक स्कूल के 4 शिक्षकों ने नौकरी से दिया इस्तीफा



### इस्तीफा देने वाले शिक्षकों ने कहा हम बच्चियों के साथ गलत कार्य देखकर व्यथित हैं

सत्ता सुधार ■ मुरैना

शहर के हृदय स्थल नाला नंबर दो पर स्थित गंगा पब्लिक स्कूल में एक शिक्षक द्वारा छात्राओं के साथ अनैतिक गतिविधियों से क्षुब्ध चार शिक्षकों ने गुरुवार को विद्यालय के शिक्षक पद से इस्तीफा दे दिया और बताया कि प्रबंधन को कई बार अवगत कराया, लेकिन प्रबंधन द्वारा कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। हम बच्चियों के साथ इस तरह का कृत्य नहीं देख सकते, हमारा स्वाभिमान हमें बचाना है, इसलिए शिक्षक पद से इस्तीफा देकर जा रहे हैं। 24 वर्ष से पदस्थ एक शिक्षक ने कहा कि बहुत कुछ देखा है, लेकिन अब यहां ऐसा कुछ चल रहा है कि देखा नहीं जा सकता, इसलिए मन गवांरा नहीं कर रहा और अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

गुरुवार की सुबह गंगा पब्लिक स्कूल में उस समय हलचल मच गई, जब चार शिक्षकों ने अपने पद से इस्तीफा देते हुए प्राचार्य को पत्र सौंप दिया और मीडिया को बुला लिया। शिक्षक देवेंद्र प्रताप शिवहरे, अवधेश शर्मा, दीपक दुबे एवं विकास शर्मा ने बताया कि यहां पदस्थ एक शिक्षक अमन सिकरवार लगातार अनैतिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है और इस संबंध में उनके द्वारा प्राचार्य एवं प्रबंधन को अवगत कराया गया। सीसीटीवी फुटेज दिखाए गए, लेकिन इसके बाद भी शिक्षक के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे विद्यालय का माहौल बिगड़ रहा है। ऐसी स्थिति में हम अपने जमीर को मारकर यहां काम नहीं कर सकते, इसलिए शिक्षक पद से इस्तीफा दे रहे हैं। सभी चार शिक्षकों ने इस्तीफा का लेटर सामूहिक रूप से प्राचार्य को दिया है। जब इस संबंध में शिक्षकों से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि अभिभावक जागरूक रहें, कहीं कोई अनहोनी घटना ना हो जाए।

### क्या कहता है स्कूल प्रबंधन

इस संबंध में स्कूल संचालक राजेंद्र गोयल से बातचीत की गई तो उनका कहना है कि जब हम शिक्षकों को निकालने को बैठे थे, तभी उन्होंने इस्तीफा दे दिया। कोई भी गंभीर आरोप लगा दें, कोई क्या कर सकता है। सबूत दिया नहीं कोई भी, हमने देखा है कह रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में भी कुछ नहीं मिला है। स्कूल की कोई छवि धूमिल नहीं हो रही है, साफ स्वच्छ है हमारा स्कूल। सभी टीचर से पूछ लिया किसी ने कुछ नहीं देखा है। कोई कुछ नहीं बता रहा, हमने पूरा क्लेरिफिकेशन कर लिया है।

# नपा अध्यक्ष माहेश्वरी ने विकास से जुड़े मुद्दों पर किया विचार-विमर्श

**मुरैना।** स्व. श्रीमती मोहन प्यारी माहेश्वरी की स्मृति में रोटरी मेडिकल मिशन राहत -2 हैल्थ कैंप में राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, जौरा विधायक पंकज उपाध्याय, जिला पंचायत मुरैना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आइ.ए.एस. कमलेश कुमार भार्गव से मुलाकात कर नगर पालिका जौरा के अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने जौरा क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हुए अनुरोध किया कि आप सभी की विशेष पहल पर जौरा अंचल के समग्र विकास की धारा को और भी अधिक गतिशील बनाया जा सकता है। श्री माहेश्वरी ने जौरा के क्षेत्र के हित में सभी से अंचल के ज्वलंत मुद्दों का हल निकालने का भी अनुरोध करते हुए कहा कि अंचल के विकास को अमलीजामा पहनाने हेतु आप सभी के सहयोग से यह अंचल विकास के नये आयाम स्थापित कर सकता है। नपाध्यक्ष माहेश्वरी के विनम्र अनुरोध को सभी माननीयों ने सहर्ष स्वीकार करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि अंचल के विकास हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर श्री माहेश्वरी के साथ उद्योगपति अशोक सिंह भदौरिया, अनुज सिंह सिकरवार, दिनेश सिंह भी मौजूद रहे।



# बाइक सवार 10 लोगों को ट्रैक्टर लगाकर दो दर्जन लोगों ने लाठी फरसा से किया घायल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के सबलगढ़ थाना अंतर्गत टोंगा गांव के पास बुधवार की सुबह वीरपुर से बच्ची को देखने आ रहे 10 लोगों पर गांव के दो दर्जन से अधिक लोगों ने ट्रैक्टर लगाकर रास्ता रोक लिया और लाठी फरसा से हमला कर दिया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पीड़ित राजू आदिवासी के अनुसार आरोपियों द्वारा गर्भवती महिला को भी चोट पहुंचाई गई, वहीं एक युवक को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है तथा दो लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

टोंगा गांव निवासी राजू आदिवासी ने बताया कि उसके रिश्तेदार बुधवार की



सुबह वीरपुर से बच्ची को देखने के लिए आ रहे थे, तभी गांव के पास आरोपी लज्जाराम, सुरेंद्र, नीरज मोगिया सहित 20-25 लोग ट्रैक्टर ट्रॉली से आए और रास्ते में ट्रैक्टर ट्रॉली अडाकर लाठी परसा से पुरुषों एवं महिलाओं पर हमला बोल दिया। इस हमले में पांच लोगों की हालत गंभीर है तथा एक को ग्वालियर रेफर किया गया है। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सबलगढ़ से मुरैना रेफर कर दिया गया है। राजू आदिवासी ने बताया कि आरोपियों द्वारा कुछ नगदी रुपए एवं जेवर भी छीन लिए गए हैं, वहीं पुलिस द्वारा इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई न करते हुए केवल दो आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

# कलेक्टर ने शनि मंदिर पर चल रही तैयारियों का किया गया अवलोकन



सत्ता सुधार ■ मुरैना

शनिश्चरी अमावस्या 29 मार्च, 2025 को है। जिसे ध्यान में रखते हुये कलेक्टर अंकित अस्थाना ने गुरूवार को शनि मंदिर पहुंचकर चल रही तैयारियों का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने शनि मंदिर परिसर का भ्रमण किया एवं तैयारियों के विषय में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसलिये उन्होंने पानी टेंकर, पार्किंग, लाइटिंग की पूर्ण व्यवस्था हो, इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि आज सायं तक जो भी कार्य अपूर्ण है, उन्हें पूरा कर लिया जाये। इसी के चलते कलेक्टर ने टेंट व्यवस्था, ग्वालियर मार्ग पर रोड़ को दुरूस्त कराने, बेरिकेटिंग, मंदिर परिसर में नाई व्यवस्था आदि सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करके कार्य करने के निर्देश दिये एवं कहा कि मेले में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डाबर, एसडीएम मुरैना बीएस कुशवाह सहित अन्य अधिकारी एवं मंदिर प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# दलित उत्पीड़न की घटनाओं के विरोध में माकपा ने धरना देकर जताया विरोध, दिया ज्ञापन

**मुरैना।** जिले में तेजी से बढ़ रही दलित उत्पीड़न की घटनाओं पर विरोध प्रकट करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एवं दलित शोषण मुक्ति मंच के बैनर तले गुरुवार को नेहरू पार्क पर धरना देकर मुख्यमंत्री और स्थानीय प्रशासन के नाम ज्ञापन दिया गया। तहसीलदार ने धरना स्थल पर आकर ज्ञापन लिया और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। धरना स्थल पर हुई सभा को संबोधित करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अखिलेश यादव ने कहा कि दलित उत्पीड़न की घटनाएं भाजपा के राज में तेजी से बढ़ी है। आम आदमी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। त्वरित कार्रवाई नहीं होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। धरनार्थियों को माकपा नेता, किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुरैना जिले में दलित उत्पीड़न की स्थिति बहुत ही खराब है, जुल्म की इंतहा हो गई है। विरोध करने पर महिलाओं की नाक



तक काट दी जाती है। बारात निकालना भी मुश्किल हो गया है। दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रांतीय संयोजक वरिष्ठ वामपंथी नेता जे के पिप्पल, श्रीकृष्ण यादव माकपा नगर सचिव, अशोक कुमार युवा नेता, राजेंद्र सिंह आदि ने भी जिले की स्थिति पर गंभीर चिंता प्रकट करते हुए विरोध प्रकट किया। ज्ञापन के बाद माकपा नेताओं ने कहा है कि 15 दिवस में प्रभावी कार्यवाही नहीं होती है तो आगामी दिनों में जोरदार आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी और जुझारू आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कैलारस में गयाराम सिंह धाकड़ के नेतृत्व में ज्ञापन दिए गए तथा सबलगढ़ में माकपा जिला सचिव मुरारी लाल धाकड़ के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को ज्ञापन प्रस्तुत किए गए।

# दिनदहाड़े सड़क पर कुशवाहा एवं त्यागी समाज के एक सैकड़ा लोगों में चले लाठी डंडे, तीन घायल, वीडियो हुआ वायरल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के जौरा थाना अंतर्गत मंडी गेट के सामने बॉयज स्कूल के पास बाइक हटाने को लेकर कुशवाह समाज एवं त्यागी समाज के कुछ लोगों में विवाद हुआ और थोड़ी ही देर में इसने उग्र रूप धारण कर लिया। दोनों ओर से लगभग एक सैकड़ो लोग लाठी डंडे लेकर एक दूसरे पैर टूट पड़े, जिससे वहां पर दहशत फैल गई। इस हमले में तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं, जबकि जौरा पुलिस द्वारा साधारण मारपीट का मामला क्रॉस दर्ज किया गया है। घटना कितनी बड़ी है, यह सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो से पता चलता है, लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा आजकल ऐसे मामले साधारण धाराओं में दर्ज किये जा रहे हैं। प्राप्त



जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर 12:00 के लगभग दिनेश कुशवाह पुत्र हाकिम सिंह कुशवाह उम्र 42 साल निवासी नीमकच्छा थाना देवगढ हाल बछू की तिवरिया के पास वार्ड क्र. 18 ब्लकपुरा जौरा का मंडी गेट के सामने रामवरन त्यागी व मंजेश त्यागी नि.ग्राम शेखपुर हाल बॉयज स्कूल के पास जौरा से मोटरसाइकिल हटाने को लेकर गाली-गलौज होने लगा। देखते ही देखते दोनों पक्ष के एक सैकड़ा से अधिक लोग मौके पर आ गए और फिर जमकर लाठी डंडे चले, जिससे मुख्य मार्ग पर भगदड़ मच गई और रास्ता जाम हो गया। इस झगड़े में दोनों पक्ष के तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं। काफी देर तक हंगामा होता रहा और लोग वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते रहे। इस मामले में जौरा थाना प्रभारी उदयभान सिंह ने बताया कि साधारण मामला है और दोनों तरफ से मारपीट का क्रॉस मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मंजेश त्यागी की रिपोर्ट पर से आरोपी दिनेश कुशवाह पुत्र हाकिम सिंह कुशवाह, सुमित कुशवाह, हाकिम कुशवाह, विनोद कुशवाह नीमकच्छा थाना देवगढ हाल बछू की तिवरिया के पास वार्ड क्र. 18 ब्लकपुरा जौरा एवं दिनेश की रिपोर्ट पर से मंजेश त्यागी, सलीम खां नि. ग्राम शेखपुर हाल बॉयज स्कूल के पास जौरा एवं दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध साधारण मारपीट का मामला क्रॉस दर्ज किया गया है।

## ब्रीफ न्यूज

### सूर्य उपासना कार्यक्रम के लिये सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**हरदा।** सृष्टि आरंभ दिवस, नववर्ष प्रतिपदा, विक्रम सम्वत् 2082 के शुभारंभ अवसर पर आगामी 30 मार्च को पूर्वान्ह में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सूर्य उपासना संबंधी कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर सूर्य उपासना कार्यक्रम 30 मार्च को प्रातः 10 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में आयोजित होगा। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया ने सूर्य उपासना कार्यक्रम के आयोजन के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हरदा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद हरदा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होने निर्देशित किया है कि सहायक नोडल अधिकारी शासन के निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2025 के संबंध में जारी शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रम का आयोजन करेंगे।

### ब्यौहारी सड़क हादसे में युवक की मौत

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के गुरा घाटी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की जान चली गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए। घटना का विवरण बताते हुए पुलिस ने बताया कि तीन युवक घोरसा गांव से बाइक में सवार हो कर ब्यौहारी जा रहे थे। तभी अचानक सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और पीछे बैठे संतोष चर्मकार (32) सड़क पर गिर गए। तभी पीछे से आ रहे एक तेज़ रफ्तार ट्रक ने संतोष को कुचल दिया। हादसे में संतोष की मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गुड़ी पड़वा से नव वर्ष प्रारंभ हो रहा है, हाथी पर सवार होकर मां जगदंबा पधारेंगी: पं. दुबे

**हरदा।** रविवार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा से विक्रम संवत 2082 प्रारंभ हो जाएगा इस बार चैत्र शुक्ल नवरात्रि रविवार से प्रारंभ हो रहा है। इस बार माता नवदुर्गा जगत जननी राजराजेश्वरी हाथी पर सवार होकर जगत का कल्याण करने के लिए संवत्सर को मंगलय बनाने के लिए हाथी पर सवार होकर भक्तों का कल्याण करने के लिए आ रही है। पं. संजय दुबे ने बताया कि हाथी पर सवार होकर जब माता जगदंबा आती है तो देश में अच्छी वर्षा अनाज अच्छा उत्पन्न होता है कृषि के क्षेत्र में व्यापार के क्षेत्र में एवं सभी प्रकार से अच्छे संकेत हैं इसी दिन कॉल युक्त नाम का संवत्सर प्रारंभ हो जाएगा । इस संवत्सर के राजा सूर्य हैं और मंत्री पद भी सूर्य के पास है सूर्य उन्नति का प्रतीक है नवग्रह में सूर्य का राजा होना एवं मंत्री पद भी सूर्य के पास होना यह भी ज्योतिष शास्त्र के हिसाब से बहुत ही मंगलय संकेत हैं। 30 मार्च रविवार प्रातः घट स्थापना के साथ ही नवरात्र मां जगदंबा की आराधना प्रारंभ हो जायेगी।

### स्थानान्तरित उप संचालक जनसम्पर्क श्री मर्सकोले को दी गई भावभीनी विदाई

# धन्य भाग्य सेवा का अवसर पाया : उप संचालक गुलाब मर्सकोले

**सत्ता सुधार ■ शहडोल**



संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय शहडोल में लगभग 14 वर्षो से पदस्थ उपसंचालक जनसम्पर्क श्री गुलाब सिंह मर्सकोले को आज उनके संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय सागर स्थानान्तरित होने पर संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय शहडोल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए शहडोल संभाग में अपने 14 वर्षीय कार्यकाल की यादों को साझा करते हुए उप संचालक श्री गुलाब सिंह मर्सकोले ने कहा कि मेरे धन्य भाग्य हैं जो मैने जनजातीय बाहुल शहडोल संभाग में अपनी सेवाएं देने का अवसर पाया। उन्होनें कहा कि शहडोल संभाग के सीधे, सच्चे, शालीन और सभ्य लोग मेरी स्मृति पटल में सदैव रहेंगे। शहडोल संभाग की वादियां, यहां की खूबसूरती , शहडोल संभाग का प्राकृतिक सौन्दर्य मेरी यादों में सदैव रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में मैं शहडोल संभाग में पदस्थ हुआ था, तब यहां कार्य करने की बहुत सारी चुनौतियां थी। मैने टीम वर्क के साथ कार्य किया और मेरे कार्यों को समय-समय पर प्रशंसा भी मिली। मैं शहडोल संभाग के लोगों और मीडिया कर्मियों का सदैव आभारी रहूंगा कि उन्होनें मुझे सदैव सहयोग दिया और मेरा मार्गदर्शन किया। शहडोल संभाग की पत्रकारिता सकारात्मक पत्रकारिता है। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग के 14 वर्षीय कार्यकाल में मैने शहडोल संभाग के जनजातीय संस्कृति को गहराई से देखा और इस संस्कृति से अभिभूत होकर मैने कर्मा, दादरिया, रीना शैला जैसे जनजातीय परपंरिक नृत्यों और लोकगीतों को सीखने का प्रयास किया। इस अवसर पर शहडोल संभाग में स्थानातंरित उप संचालक जनसम्पर्क श्री गुलाब सिंह मर्सकोले द्वारा दी गई सेवाओं का स्मरण करते हुए सहायक जनसम्पर्क अधिकारी संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय शहडोल श्री अरूणेंद्र सिंह ने कहा कि स्थानांतरित उप संचालक जनसंपर्क ने अपने कार्यकाल के दौरान जनसंपर्क विभाग को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान जनसंपर्क विभाग को और अधिक प्रभावी और गतिशील बनाने के लिए कई नए कार्यक्रम और योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि उप संचालक जनसम्पर्क श्री गुलाब सिंह मर्सकोले की एक खसियत थी कि उन्होंने टीम वर्क के साथ काम किया और कर्मचारियों को अपने कार्यकाल में कुछ न कुछ सीखने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन में किये गए बड़े से बड़े आयोजनों को हम बेहतर ढंग से क्रियान्वित कर पाए। उन्होंने कहा कि उप संचालक जनसम्पर्क के साथ कार्य करने के लिए ज्यादा समय तो नही मिला लेकिन जितना भी समय मिला वह सराहनीय था और मुझे बहुत कुछ सीखने को भी मिला इससे मुझे अपने सेवाकाल के दौरान कार्य करने में काफी सहयोग मिलेगा। विदाई समारोह के दौरान स्थानांतरित उप संचालक श्री गुलाब सिंह मर्सकोले को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह को जनसम्पर्क कार्यालय के श्री प्रेमलाल पनिका, श्री रामपाल पनिका श्री ओम जायसवाल, श्री राजेश बैगा,श्री रामावतार कोरी, पवन वर्मा, संतोष वर्मा, श्री रामबली यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

# सिराली में पोस्टमार्टम सुविधा की वर्षों से दरकार, रात भर परेशान होते हैं लोग

### पोस्टमार्टम सुविधा नहीं होने के कारण यहां के लोगों को खिरकिया जाना पड़ता है

**सत्ता सुधार ■ हरदा/सिराली**

जिले के खिरकिया ब्लाक अंतर्गत सिराली में पोस्टमार्टम सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। सिराली प्रतिनिधि गोलू मंसूरी ने बताया कि बारंबार मांग को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा भूमि भी आवंटित की जा चुकी है, किंतु आगे की कार्यवाही लंबे समय से लंबित है। पोस्टमार्टम सुविधा नहीं होने के कारण यहां के लोगों को खिरकिया जाना पड़ता है और रात भर लोगों को परेशान होना पड़ता है। सिराली के नगर परिषद, थाना, बैंक, तहसील, मंडी सारी सुविधाएं हैं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम ऑपरेशन थियेटर महिला चिकित्सक आदि की समस्या है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों समाज सेवियों ने आवाज उठाई और आश्वासन भी मिला फिर भी अभी तक व्यवस्था नहीं शुरू हो पाई है। अब देखना है वर्तमान कांग्रेस विधायक युवराज अभिजीत शाह इस पर क्या पहल करते हैं।

#### परेशान हो रहे लोग

पोस्टमार्टम सुविधा नहीं होने के कारण लोग परेशान होते हैं। कभी-कभी तो तत्काल पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण रात भर लोग लाश के साथ बैठे रहते हैं। कई दफे ऐसी स्थिति निर्मित हो चुकी है। कडाके की ठंड में रात भर लोगों को इंतजार करना अखर जाता है। एक तो कष्ट का समय दूसरे लंबे इंतजार के बाद पोस्टमार्टम हो पता है। इसी परेशानी को देखते हुए लंबे अर्से पोस्टमार्टम सुविधा चालू करने के भवन बनाने की मांग की जा रही है। भूमि आवंटन के बाद आगे की कार्यवाही नहीं शुरू हो रही है। इससे मांग करने वालों को निराशा हाथ लग रही है।







#### आश्वासन पर अमल नहीं

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम सुविधा शुरू करने के संबंध में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल से भी आश्वासन मिला था फिर भी उसे पर आज तक अमल नहीं हो पाया है । समूचे क्षेत्र के लोग परेशान हैं जब भी घटना होती है और रात भर लोग परेशान होते हैं तो जनप्रतिनिधियों शासन प्रशासन को कोसते हुए समय बिताते हैं चुनाव के दौरान सांसद विधायक सभी आश्वासन देते हैं जब समय बीत जाता है तो आश्वासन को भूल जाते हैं।

#### जिला कलेक्टर से कार्यवाही की मांग

स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर का ध्यान इस और आकृष्ट करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम सुविधा शुरू करने की कार्यवाही को आगे बढ़ाने की पहल करने की मांग की है जोवंत समस्याओं के समाधान में जिला कलेक्टर महान रुचि रखते हैं लोगों को पूरा विश्वास है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाधान की पहल की जाएगी।

#### चिकित्सा सुविधा का नहीं हो रहा विस्तार

सिराली अस्पताल का वर्षों पहले उन्नयन हुआ था चिकित्सा स्टाफ को बढ़ाने पोस्टमार्टम ऑपरेशन थिएटर बड़े-बड़े की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। नगर परिषद और तहसील हो जाने के बाद भी सुविधाओं का विस्तार नहीं किया जा रहा है जबकि इसकी आवश्यकता का ध्यान में रखते हुए लंबे समय से मांग की जा रही है ज्ञापन आवेदन निवेदन हर तरह से मांग की जा रही है फिर भी इस कोई मतलब नहीं निकला है।

## पुस्तक स्टेशनरी व गणवेश मेले का आयोजन का किया गया शुभारंभ



**दमोह।** जिले में पहली बार पुस्तक स्टेशनरी व गणवेश मेला का आयोजन शहर के एमएलबी स्कूल में आज से प्रारंभ किया गया है, इस मेले की अंतिम तिथि 31 मार्च बताई जा रही है।जिसमें पुस्तकों, पढ़ाई लिखाई वाली सामग्री, की स्टेशनरी लगाई गई है. जिसमें आज शुभारंभ अवसर पर एडीएम मीना मसराम, विकासखंड अधिकारी वाईके कोरी, केशव राम पांडेय हसन, अनिल जैन, अशोक अग्रवाल सीएम राइज हटा, सीमा अग्रवाल एम एल बी, विशेष रूप से मौजूद हैं साथ ही फुटवियर दुकान भी शामिल हैं। इस दौरान स्टेशनरी में सेवा कंपटीशन बुक हाउस×स्टेशनरी, चित्रांश स्टेशनरी, अंजलि जनरल स्टोर, स्टूडेंट स्टोर्स, गणेश, पारस स्टेशनरी, दीपक जनरल स्टोर, कपिल जनरल स्टोर, संगम जनरल स्टोर्स, आशा जनरल स्टोर,विजय फुटवियर विद्या जनरलस्टोर, स्कूल ड्रेस के इंद्रश्री गारमेंट्स, लिबास, क्रीर्ति, असाटी अप्सरा ड्रेस के अलावा और भी स्टेशनरी की दुकान लगाई गई है, जिसमें सभी स्टूडेंट और उनके माता-पिता पहुंचकर पुस्तक और भी सामग्री उचित दामों पर खरीद रहे। पुलिस व्यवस्था में कोतवाली से प्रधान आरक्षक नरेंद्र, टीआर पटेल, आरक्षक रामकुमार व शैलेंद्र सहित पुलिस बल मौजूद।

### इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ चयन

**हरदा।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई विद्यालय इंदौर रोड के दो छात्र यश चौधरी पिता शेर सिंह चौधरी कक्षा सातवीं एवं राजवीर तिवारी पिता सौरभ तिवारी कक्षा आठवीं का उनके बेस्ट आइडिया के लिए भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए हरदा जिले के लिए सत्र 2024–025 में चयन हुआ। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है कि विगत 3 वर्षों से लगातार जिले की सूची में सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी सीबीएसई विद्यालय इंदौर रोड का चयन होता रहा है।

# जल संरक्षण: 30 मार्च को जल गंगा संवर्धन अभियान का होगा शुभारम्भ

**हरदा।** जनभागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारम्भ करने का निर्णय लिया है। इस अभियान का शुभारम्भ आगामी 30 मार्च को नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट पर आयोजित होगा। जिला स्तर पर भी जल गंगा संवर्धन के शुभारम्भ कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे तथा जिले के प्रत्येक नगरीय निकाय व प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन समुदाय की उपस्थिति में जल संरक्षण के एक-एक कार्य का क्रियान्वयन प्रारम्भ किया जाएगा। जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिये जिला स्तर पर नोडल अधिकारी कलेक्टर रहेंगे तथा अभियान के क्रियान्वयन के लिये गठित समिति में कलेक्टर अध्यक्ष रहेंगे तथा सीईओ जिला पंचायत समन्वयक के रूप में कार्य करेंगे। अनुविभाग स्तर पर गठित समिति एसडीएम अध्यक्ष तथा जनपद के सीईओ समन्वयक रहेंगे।

समिति में जल संसाधन विभाग, नर्मदा घाटी विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, उद्यानिकी विभाग, किसान कल्याण विभाग, पीएचई, पर्यावरण, स्कूल शिक्षा, संस्कृति, वन, राजस्व व जन अभियान परिषद के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे।कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान नये खेत तालाबों का निर्माण किया जाएगा तथा नये अमृत सरोवर बनाये जायेंगे। जल स्त्रोतों और देवालयों की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार के साथ-साथ पवित्र नदियों के जल से मंदिरों में जलाभिषेक किया जाएगा। अभियान के तहत पुराने तालाबों, चेक डेम और स्टाफ डेम की मरम्मत और जीर्णोद्धार के कार्य कराए जाएंगे। भूजल पुनर्भरण के लिए बंद पड़े हैंडपंप और नलकूपों की पहचान कर वर्षा जल पुनर्भरण के लिए रिचार्ज पिट तैयार की जाएंगी। अभियान के दौरान तालाबों की पिचिंग और घाट मरम्मत के कार्य भी कराए जाएंगे। नगरीय क्षेत्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन विषय पर निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैली

**हरदा।** शहर के नेहरू स्टेडियम क्षेत्र में डॉ. अमित चौधरी के पूर्व क्लिनिक के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान संतोष पिता जगदीश नागले लगभग उम्र 55 वर्ष निवासी के रूप में हुई है। मृतक के बेटे ने बताया कि उनके पिता बिजली विभाग में कार्यरत थे और प्रतिदिन हरदा कार्य करने आते थे। शव के हाथों में बोतल के निशान भी पाए गये हैं, जिससे संदिग्ध परिस्थितियों की आशंका बताई जा रही है। मृतक पिछले दो दिनों से जिला चिकित्सालय में भर्ती था, लेकिन आज गुरूवार सुबह अचानक बिना बताए कहीं चला गया थे। बाद में उनका शव नेहरू स्टेडियम क्षेत्र में पाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

# पुलिस अधीक्षक सोमवंशी ने 05 फरार आरोपियों पर, किया 17 हजार से अधिक का ईनाम घोषित

**सत्ता सुधार ■ दमोह**

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 05 प्रकरण में फरार आरोपियों पर 17 हजार 500 रूपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना पथरिया के अपराध क्रमांक 95/25 धारा 109 बीएनएस इजाफा धारा 230, 60बीएनएस, 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत फरार आरोपी विक्रम लोधी पिता मलखान लोधी उम्र 26 साल निवासी ग्राम हिनौतीघाट थाना कोतवाली एवं फरार आरोपी नवीन बौद्ध पिता दीनदयाल बौद्ध उम्र 28 साल निवासी बड़ा पुरा थाना कोतवाली जिला दमोह पर चार-चार हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना कोतवाली के



अपराध क्रमांक 89/25 धारा08/18 एनडीपीएस एक्ट 111(4) बीएनएस के तहत फरार आरोपी लकी ऊर्फ एजाज पिता अमजद खान उम्र 25 साल निवासी करके मोहल्ला थाना कोतवाली दमोह एवं थाना बटियागढ़ के अपराध क्रमांक 35/25 धारा 332 (बी), 64, 351 (2) बीएनएस के तहत फरार आरोपी रितिक ऊर्फ मयूर करोसिया निवासी अजमेरी बाग इकलेहरा थाना बड़कुही तहसील परासिया जिला छिदवाड़ा पर 3500-3500 सौ रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना तेजगढ़ के अपराध क्रमांक 298/24 धारा 137 (2), 64 (2) एम, 87, 96, 351 (3) बीएनएस 5/6, 16/17 पाक्सो एक्ट के तहत फरार आरोपी देवेन्द्र अहिरवार पिता अच्छे लाल अहिरवार निवासी ग्राम पड़रिया थाना दमोह देहात पर 2500 सौ रूपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/ कर्मचारी/ अधिकारी आरोपी को गिरफ्तार करेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की शुरूआत हुई



**सत्ता सुधार ■ दमोह**

भाजपा सरकार की मंशा अनुसार आज 26/03/25 चंपत पिपरिया वेयरहाउस व श्री केशव जी वेयरहाउस पिपरिया दिगंबर गेहूं खरीदी केंद्रों पर पहुंचकर ,भगवान बलराम जी ,अन्नपूर्णा देवी व धर्म-कांटों का पूजन किया गया ,तत्पश्चात किसान भाइयों का फूल-माला पहनकर सभी के पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश पटेल, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दीनदयाल पांडे ,बिहारी पटेल किसान संघ के जिलाध्यक्ष श्री राम पटेल व अन्य भाजपा के जेस्ट-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही साथ ही सभी पदाधिकारी ने खरीदी केंद्र के प्रभारी ,अन्य कर्मचारी सर्वेयरों व कंप्यूटर ऑपरेटर को समझाइश देते हुए चर्चा की गई खरीदी केंद्र पर सभी किसानों को शासन द्वारा निर्धारित सुविधा दी जाएं।

### कॉलोनाईजरों से नियत तिथि तक मांगे गये दस्तावेजों सहितः कलेक्टर

**दमोह।** न्यायालय कलेक्टर के संज्ञान में यह तथ्य लाया गया है कि दमोह जिले में कॉलोनाईजरों द्वारा ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र अंतर्गत कॉलोनियों का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने संबंधितों को निर्देशित किया है कि न्यायालय कलेक्टर के कक्ष क्रमांक 43 में निर्धारित तिथि की शाम 4 बजे तक उपस्थित होकर मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 तथा मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कालोनियों का विकास) नियम 2014 के तहत यथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी कॉलोनाईजर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र की प्रति, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकास अनुज्ञा पत्र की प्रति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जारी डायवर्सन आदेश की प्रति, नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा स्वीकृत अभिन्यास की प्रति एवं भूमि स्वामी स्वामित्व के दस्तावेज तथा भोपाल स्थित रेरा कार्यालय का रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज सहित जबाब प्रस्तुत किया जाये।

## सत्ता न्यूज

### साखी गांव में गरजा प्रशासन का बुल्डोजर

# तीन एकड़ शासकीय भूमि को कराया गया कब्जा मुक्त

**सत्ता सुधार ■ शहडोल**

जैतपुर के साखी गांव में शासकीय विद्यालय की भूमि पर किए गए अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने ठोस कदम उठाया है। तहसीलदार अर्चना मिश्रा और नायब तहसीलदार शिवकुमार सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में तीन एकड़ से अधिक शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने विद्यालय की शासकीय भूमि पर कच्चे मकान और बड़ी बाउंड्री का निर्माण कर लिया था। इस अतिक्रमण की जानकारी सबसे पहले विद्यालय के प्रचार और स्थानीय निवासियों ने तहसील कार्यालय में दी थी। शिकायत के आधार पर प्रशासन ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई की योजना बनाई। इस संदर्भ में तहसीलदार अर्चना मिश्रा ने कहा कि हमने स्थानीय लोगों की शिकायत पर तेजी से कार्रवाई की। यह भूमि शासकीय और इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। हम किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं करेंगे। नायब तहसीलदार शिवकुमार सिंह ने भी कहा कि यह कार्रवाई उन लोगों के लिए चेतावनी है जो सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद था। जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को हटाने का कार्य पूरा किया गया, जिससे शासकीय भूमि को फिर से उपलब्ध कराया जा सका। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि हमारे गांव की भूमि पर अवैध कब्जा करना गलत था और अब जब प्रशासन ने कार्रवाई की है तो हम सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यह हमारी और आने वाली पीढ़ियों की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि कुछ स्थानीय लोग इस कार्रवाई को लेकर असंतोष जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने पहले से स्थानीय निवासियों से बातचीत की होती तो शायद स्थिति को संभाला जा सकता था। इस पर तहसीलदार अर्चना मिश्रा ने कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा शासकीय संपत्ति की रक्षा करना है और हम आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रखेंगे।



# भारत गौरव ट्रैन से करें अमृतसर और वैष्णोदेवी की तीर्थ यात्रा - भोपाल मंडल के स्टेशनों से मिलेगी सीधी सुविधा

## रानी कमलापति, इटारसी, विदिशा और बीना से होकर गुजरेगी विशेष ट्रैन - तीर्थ यात्रियों के लिए सुनहरा अवसर




सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

आई.आर.सी.टी.सी. द्वारा ÷उत्तर दर्शन के साथ गुरुकृपा (अमृतसर) यात्रा÷ के लिए भारत गौरव पर्यटक ट्रैन का संचालन किया जा रहा है,जो भोपाल मंडल के प्रमुख स्टेशनों रानी कमलापति, इटारसी, विदिशा एवं बीना से होकर गुजरेगी। यह यात्रा विशेष रूप से मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत सुविधाजनक और लाभकारी है।27 मई 2025 को रीवा से रवाना होने वाली यह विशेष पर्यटक ट्रैन, रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, विदिशा, बीना और झाँसी होते हुए चलेगी। इन स्टेशनों से यात्री इस पवित्र यात्रा में शामिल हो सकते हैं।

09 रातें / 10 दिन की इस धार्मिक यात्रा में यात्रियों को मथुरा, हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर और वैष्णो देवी के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।इस यात्रा का शुल्क प्रति व्यक्ति 17,600/- (स्लीपर - इकॉनॉमी श्रेणी), 28,700/- (3AC - स्टैण्डर्ड श्रेणी), एवं 37,800/- (2AC - कम्फर्ट श्रेणी) निर्धारित किया गया है। इस शुल्क में भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी कोच में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड एवं ऑफ-बोर्ड शाकाहारी भोजन, पर्यटन स्थलों तक गुणवत्तायुक्त वातानुकूलित बस सुविधा, यात्रा कार्यक्रम अनुसार आवास व्यवस्था,अनुभवी टूर एस्कॉर्ट्स की सेवा, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा एवं हाउसकीपिंग जैसी सभी सुविधाएँ सम्मिलित हैं।यह एक पूर्णतः सर्वसमावेशी टूर है।

इस पवित्र यात्रा में भाग लेने के इच्छुक यात्री अपनी बुकिंग आई.आर.सी.टी.सी. की वेबसाइट www.irctctourism.com पर ऑनलाइन या किसी अधिकृत एजेंट के माध्यम से करा सकते हैं।यह ट्रैन न सिर्फ धार्मिक दृष्टिकोण से लाभकारी है, बल्कि भोपाल मंडल के यात्रियों को उनके नजदीकी स्टेशनों से ही सीधी सुविधा भी प्रदान करती है,जिससे यात्रा और भी सुगम और सुलभ हो जाती है।

# दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सरकार संकल्पित : विधायक लारिया



सत्ता सुधार ■ सागर

दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार संकल्पित है और इसके लिए लगातार कार्य कर रही है। उक्त विचार नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने जिला चिकित्सालय परिसर में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये।

विधायक लारिया ने कहा कि दिव्यंगता अभिशाप नहीं है।सरकार लगातार दिव्यांगों के हितों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सभी समस्याओं के हल के लिए सरकार द्वारा योजनाओं के माध्यम से क्रियान्वयन किया जा रहा है। दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं और इसके लिए सरकार संकल्पित है।कलेक्टर श्री संदीप जी आर के मार्गदर्शन में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र सागर में दिव्यांगों को BPCL भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड बीना के छ्स्क्र प्रोजेक्ट सक्षम अंतर्गत निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया ।

आयोजन में एलिम्को की टीम एवं बीना रिफाइनरी से जी.एम. एच.आर. रोहित यादव, एमआर- एच.आर.शयन तथा सामाजिक न्याय दिव्यांग जन सशक्तिकरण जे.डी. डॉ. डी.एस.यादव, प्रशासनिक अधिकारी दिव्यांग पुनर्वास केंद्र श्री शानू हर्षे तथा सामाजिक न्याय विभाग एवं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद थे। शिविर में दिव्यांगजनों को 35 मोट्रेड ट्राई साइकिल , 14 ट्राई साइकिल,18 बैसाखी , 22 कान की मशीन ,14 व्हीलचेयर एवं 15 लोगों को कृत्रिम अंग कैलीपर्स का वितरण किया गया।

## विधायक लारिया ने मकरोनिया विकास को लेकर की अनुविभागीय कार्यालय में बैठक



### मकरोनिया चौराहा से छतरपुर-बण्डा रोड की ओर दोनों किनारे पर दो-दो मीटर का होगा चौड़ीकरण

गुरुवार को नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया ने अनुविभागीय कार्यालय में उपनगर मकरोनिया के विकास को लेकर बैठक की।बैठक में मुख्य रूप से नपा निकाय अंतर्गत भूमि का सीमांकन कराने, गौशाला निर्माण हेतु गंभीरिया में भूमि आरक्षित कराने, पीएम, सीएम आदि की सभाओं हेतु मकरोनिया स्टेडियम के सामने भूमि आरक्षित कराने, यातायात को सुगम बनाने हेतु धार्मिक स्थलों के विस्थापन सहित मकरोनिया के अन्य विकास कार्यों पर चर्चा हुई। बैठक में यातायात सुगमता के लिए मकरोनिया चौराहा से छतरपुर- बण्डा मार्ग की ओर दोनों किनारों पर दो-दो मीटर का चौड़ीकरण किया जाएगा। उक्त मार्ग पर डिवाइडर निर्माण कर सौन्दर्यीकरण कराये जाने का निर्णय लिया गया। नपा निकाय क्षेत्रांतर्गत चाट चौपाटी, हॉकर्स जॉन निर्माण एवं अन्य विकास कार्य प्रारंभ है उनको शीघ्र पूर्ण कराने निर्देशित किया गया बैठक में एसडीएम अदिति यादव, सीएमओ पवन कुमार शर्मा, नपाध्यक्ष मिहीलाल, टीआई रावेन्द्र सिंह चौहान, पार्षद बलवंत सिंह, उपयंत्री सत्यम देवलिया, सनी जैन सहित पटवारी और अधिकारी मौजूद रहे।

# सांसद डॉ.लता वानखेड़े ने सांसदों के साथ कमल सखी मंच कार्यक्रम में भाग लिया



सत्ता सुधार ■ सागर

नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा गोयल द्वारा एक पार्टी - एक परिवार की अवधारणा को सशक्त करने की मंशा से अपने निवास पर आयोजित कमल सखी मंच÷ कार्यक्रम किया गया, कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमति रेखा गुप्ता ने भी भाग लिया।इस कार्यक्रम में सागर सांसद डॉ. लता वानखेड़े सहित भाजपा परिवार की सभी महिला सांसद उपस्थित रहकर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया।दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री श्रीमती निमूबेन बांभणिया के निवास पर डॉ. वानखेड़े ने मुलाकात की इस मुलाकात के दौरान सांसद कंगना राणावत, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, एवं सुमित वाल्मीकि उपस्थिति रही जिन्होंने मंत्री महोदय से विभिन्न विकास कार्यो के संबंध में चर्चा की और अपने अनुभव साझा किये।

## प्रोजेक्ट दृष्टि के तहत ग्राम आगासौद में निशुल्क चश्माओं का किया गया वितरण



**बीना(सागर)।** आगासौद रिफाइनरी द्वारा प्रोजेक्ट दृष्टि के माध्यम से बीना की 64 ग्राम पंचायत के 166 ग्रामों में निशुल्क नेत्र शिवरों का आयोजन किया जा रहा है उसी के तहत आगासौद प्रोजेक्ट दृष्टि के तहत कमजोर दृष्टि वालों को निशुल्क चश्मा का वितरण किया गया एवं स्वास्थ परिक्षण भी किया गया।जिसमें विशेष रूप से बपीसीएल से राहुल पवार, विवेक असाटी, यश जगाती हरिओम मिश्रा ने आगासोद मे प्रोजेक्ट दृष्टि अंतर्गत निःशुल्क चश्मे वितरित किये।

# गर्दन-कमर दर्द, साइटिका एवं स्लिप डिस्क से बचा जा सकता है : डॉ. राजपाल सिंह



सत्ता सुधार ■ सागर

पतंजलि योग समिति सागर के तत्वाधान दि में 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने पहुंचे डॉ राजपाल सिंह ने प्रशिक्षु ओ को शरीर विज्ञान को बताते हुए कहा कि रीढ़ की हड्डी के मनको को वर्टिब्रा कहते हैं,जिनके बीच गद्दी नुमा डिस्क होती है।इन मनकों के बीच से स्पाइनल कॉर्ड निकलती है और डिस्क इन्हें झटकों से बचाती हैं।आधुनिक लाइफ स्टाइल, ऑफिस वर्क, मोबाइल का अधिक उपयोग, सामने झुकने वाले कार्यों की अधिकता एवं पीछे झुकने वाले कार्यों तथा व्यायाम की कमी के कारण रीढ़ की हड्डियों में लचीलापन कम होता जाता है एवं डिस्क की संरचना में बदलाव के कारण नर्वस पर दबाव पड़ता है जिसके कारण गर्दन और कमर दर्द, हाथ या पैर में सुन्नपन, झिनझिनी, दर्द होना, सायटिका, स्लिप डिस्क जैसी अनेक समस्याएं देखने को मिलती हैं। साथ ही हृदय, लिवर, पेनक्रियाज, किडनी जैसे अंगों की क्रियाशीलता भी प्रभावित होती है।अगर योगासनों,सूक्ष्म व्यायाम एवं प्राणायाम का सम्यक अभ्यास किया जाए तो रीढ़ की हड्डी का लचीलापन बनाए रखा जा सकता है और ऊपर वाली समस्याओं से बचा जा सकता है।अगर रीढ़ एवं जोड़ संबंधी कोई बीमारी हो भी गई है तो योग्य शिक्षक की देख रेख एवं पंचकर्म, षड्कर्म, एक्यूप्रेशर एवं न्यूरोथैरेपी के माध्यम से उन्हें सुधारा जा सकता है।रीढ़ की हड्डियों एवं जोड़ के लिए *फायदेमंद आसान-मकरासन, भुजंगासन, मर्कटासन, सूक्ष्मव्यायाम,प्राणायाम - अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी आदि।पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, सलाद एवं मोटे अनाज का उपयोग, तिल, अलसी एवं गाय के घी का उपयोग बहुत लाभकारी है।

# बेरखेड़ी माफी में खड़ी फसल में लगी आग फसल जलकर हुई खाक



**बीना(सागर)।** बीना भानगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बेरखेड़ी माफी के किसान रतन सिंह पिता लंम्पू, राजेश पिता रतन एवं राकेश लोधी गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लगने से फसल जलकर खाक हो गई गांव वालों ने तत्काल नगर पालिका परिषद बीना को सूचना दी जिस पर फायर ब्रिगेड ने तत्काल पहुंचकर आग बुझाने में मदद की किंतु जब तक फसल जलकर खाक हो चुकी थी, सूचना मिलने पर पूर्व विधायक महेश राय,अमर प्रताप सिंह,तहसीलदार, आर आई, पटवारी पहुंचे।

# टीन सेट हटाने से कुछ नहीं होगा जब तक रोड़ो का अतिक्रमण नहीं हटता: सुरेश तिवारी

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)



नगर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन से लेकर आम जनता परेशान नजर आती है किंतु यातायात व्यवस्था दिन प्रतिदिन बिगड़ती ही जा रही है।लोग जहां-तहां वाहन खड़े करके चले जाते हैं ना तो उनके लिए रोकने वाला है ना ही कोई हिदायत देने वाला जिसके चलते आज दिन यातायात व्यवस्था बिगड़ती ही जा रही है।लोग अपने वाहन रोड पर खड़े करके चले जाते हैं।जिसके चलते यातायात व्यवस्था बिगड़ती ही जा रही है। प्रशासन द्वारा दुकानदारों को हिदायत दी गई है की अपना टीन सेट खुद हटा ले अन्यथा प्रशासन को हटाने पर मजबूर होना पड़ेगा।इसी बात को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुरेश तिवारी ने कहा कि गर्मी के समय टीन सेट हटाना यह उचित प्रतीत नहीं होता बल्कि शासन और प्रशासन को उन लोगों पर कड़ी कार्रवाई उन लोगों पर करना चाहिए जो सामान सड़कों पर रखते हैं। और फिर टीन सेट कुछ दिनों के लिए हटेगा फिर लग जाएगा।प्रशासन को चाहिए कि वह बैंक अधिकारियों को निर्देशित करें कि वह पार्किंग की व्यवस्था करें लोग जहां-तहां बैंकों के सामने वहां खड़े करके अव्यवस्थाएं फैलाते हैं इसके अलावा उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर ब्रिज पर भी लोग अपने वाहन खड़े करके यहां वहां चले जाते है ऐसे लोगों पर चालानी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही नगर पालिका को जगह-जगह प्रशासनिक रूप से सूचना पटल लगवाना चाहिए ताकि लोग यहां वहां वाहन खड़े करने से पहले सोचें।

### मूर्ति खंडित करने वाले के ऊपर हो कठोर कार्रवाई हिंदू संगठन ने सोपा ज्ञापन

# नई बस्ती मुक्तिधाम पर पर शिव जी की मूर्ति को खंडित कर धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाई

### शराब पीकर मुक्तिधाम में शिव प्रतिमा तोड़ीः चौकीदार से की जमकर मारपीट

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)





इस वक्त असामाजिक तत्वों के हौसले काफी बुलंद है जिसके चलते आए दिन कोई ना कोई अप्रिय घटना घटित होती है जिसके चलते समय रहते यदि शीघ्र कठोर कार्रवाई नहीं होती तो कोई अप्रिय घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

गुरुवार को हिंदू संगठन के लोग अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नितेश पटेल ने ज्ञापन सौंपा।जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि किसी और असामाजिक तत्व द्वारा नई बस्ती मुक्तिधाम पर शिवजी की प्रतिमा को खंडित कर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए साथ ही मुक्तिधाम पर पुलिस की ग्रस्त भी हो। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेंद्र यादव, अभिषेक राय, राजेश प्रजापति, शुभम सेन, ऋषि तिवारी, आशीष सचदेव, सूरज नायक, अभय पाल, अंकित आदित्य, केलवानी लोग उपस्थित थे।दरअसल बीना के नई बस्ती मुक्तिधाम में स्थापित भगवान शिव की प्रतिमा को अज्ञात लोगों ने खंडित कर दिया है। मुक्तिधाम की सुरक्षा और देखभाल के लिए नियुक्त चौकीदार कालू वाल्मीकि से भी मारपीट की गई है।

कालू वाल्मीकि ने बताया कि मुक्तिधाम में रात के समय शराबखोरी होती है।असामाजिक तत्व यहां आकर रोज विवाद करते हैं।शराब पीने से रोकने पर वे मारपीट पर उतर आते हैं। इसी क्रम में राजेश नामक व्यक्ति ने चौकीदार के साथ मारपीट की और शिव प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया। इसी तरह की समस्या इटावा स्थित मुक्तिधाम में भी सामने आ रही है। वहां भी रात के समय शराबी पहुंचते हैं। वे मुक्तिधाम में लगे ट्री गार्ड और अन्य सामान चोरी कर ले जाते हैं।

# सुरेश जैन लगातार 5वीं बार जैन मिलन मकरोनिया के अध्यक्ष बने

सत्ता सुधार ■ सागर



जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 के वर्ष 2025-26 के वार्षिक चुनाव डा.अशोक जैन प्राचार्य चुनाव अधिकारी प्रोफेसर अमर जैन सहायक चुनाव अधिकारी राजेश सिंघई बैंक अधिकारी सहायक चुनाव अधिकारी एवं अशोक जैन पटवारी मुख्य संयोजक सह अध्यक्ष ट्रस्ट कमेटी अंकुर कॉलोनी एवं महेश जैन एसडीओ राष्ट्रीय संयोजक भारतीय जैन मिलन के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में श्री विद्या भवन अंकुर कॉलोनी में निर्विरोध संपन्न हुए, जिसमें सुरेश जैन बीज निगम को लगातार पांचवीं बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। साथ ही रविंद्र जैन को मंत्री सुमित जैन को कार्यकारी अध्यक्ष एवं हेमचंद जैन को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। इस चुनाव प्रकिया में 112 सदस्यों ने भाग लेकर सभी पदाधिकारीयों को सर्व सहमति के आधार पर निर्वाचन पदाधिकारियों ने परिणाम घोषित किये, निर्देशित किया की शेष कार्यकारिणी का गठन सभी की सहमति से कर लेवे।चुनाव प्रक्रिया में जैन मिलन के सदस्यों के साथ-साथ प्रेरणा ग्रुप एवं ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा सुरेश जैन ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहां की सभी सदस्य आपसी मतभेद भूल कर जैन मिलन शाखा को देश की सर्वश्रेष्ठ शाखा कायम रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे एवं आयोजित बैठकों में भाग लेकर आगे की रूपरेखा सभी के सहयोग से बनाई जा सके साथ ही साल भर में किए गए कार्यों को बताया एवं साल भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया जिसे सभी ने सर्वसम्मति से ताली बजाकर अनुमोदित किया।इस अवसर पर अशोक जैन पटवारी गुलझारी लाल जैन हीरालाल जैन नीलेश जैन भूसा राजेश जैन प्राचार्य हीरालाल जैन अध्यक्ष देवस्थानम हेमचंद जैन रविंद्र जैन सुमित जैन महावीर ट्रांसपोर्ट अरुण जैन शैलेंद्र जैन महेंद्र जैन मणी दीपक जैन शीतल जैन संपत जैन आलोक बरायठा महेंद्र जैन डागीडहर महेंद्र जैन मुनीम साहब अजीत जैन मडदेवरा समीप शिक्षक कोमल चंद्र जैन पीसी जैन आशीष जैन नारद बिलानी सुकमाल नैनधरा नीतेश जैन पेथोलाजी अरुण जैन अनुपम जैन चेतन क्रांतिश जैन प्रवीण सिंघई जिनेंद्र जैन राजेश देवरी सुमत ट्रांसपोर्टअरविंद जैन अजीत जैन लाइब्रेरियन सुनील जैन बीमा महेश जैन राकेश जैन प्रदीप जैन महेश सुर्खी वीरेंद्र रजाखेड़ी अनिल कर्रापुर संदीप जैन शैलेंद्र जैन संतोष जैन बैंक नितेश पैथोलॉजी शैलेंद्र जैन डॉक्टर एच एल जैन एमके जैन शीतल जैन बंडा सुरेंद्र सुर्खी वीरेंद्र जैन आलोक जैन डायरेक्टर बंसल क्लासेस अनूप कुमार जैन प्रदीप सिंघई मुकेश मोहिनी मनीष पारस आनंद एम एलजैन बीएसएनल वीरेंद्र जैन अशोक जैन संपत जैन सुनील जैन दीपक बंडा विजय मोदी जी सी नायक मुकेश जैन संजय शिक्षक ऋषभ शाहगढ़ कमलकांत जैन राजेश जैन राजेश परसोरिया राजीव भारिल्ल राजेश शिक्षक राजेश मलैया एम सी जैन मृगेंद्र जैन ऋषभ बरखेड़ा महेश जैन एसडीओ राकेश पटमोना राकेश छुल्ला जिनेश बहरोल शांति कुमार जैन दीपेश अनुश्री संदीप जैन राजेश सिंघई अजय जैन राकेश जैन सुनील शाहगढ़ अरुण जैन प्रदीप मंगलम निशिकांत सिंघई प्रशांत जैन रेलवे के सी जैन रेलवे आदि बहुत से सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम के अंत में वीर रविंद्र जैन मंत्री द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### अंक तालिका में सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष, रॉयल्स अंतिम स्थान पर

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सत्र में गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आंखिरकार पहली जीत मिल ही गयी है। केकेआर ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर इस सत्र का पहला मुकाबला जीता। इस जीत के बाद भी हालांकि टीम अंक तालिका में शीर्ष 5 से बाहर हैं। वहीं लगातार दूसरी हार से राजस्थान रॉयल्स अंतिम स्थान पर पहुंच गयी है। इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर है। इसका कारण उसका रन रेट बेहतर होना है। वहीं दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) है। आरसीबी के भी सनराइजर्स की तरह ही दो अंक हैं पर उसका नेट रन रेट कम है। वहीं अन्य चार टीमों के भी दो--दो अंक हैं पर नेट रन रेट के करण वह अंक तालिका में पिछड़ गयी हैं। नंबर तीन पर पंजाब किंग्स, नंबर चार पर चेन्नई सुपर किंग्स, पांच पर दिल्ली कैपिटल्स और छठे नंबर पर कोलकाता नाइट राइडर्स है। सातवें स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स है, जिसे करीबी मैच में दिल्ली से हार मिली थी। आठवें स्थान पर मुंबई इंडियंस है, जबकि 9वें नंबर पर पॉइंट्स टेबल में गुजरात टाइटन्स है। वहीं अंतिम स्थान पर राजस्थान रॉयल्स है।

### हरभजन बोले, हिंदी कमेंट्री की गुणवत्ता को बेहतर बनाएंगे

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर रहे हरभजन सिंह आजकल कमेंट्री के क्षेत्र में सक्रिय है। हरभजन आईपीएल में कमेंट्री कर रहे हैं। इसी दौरान हरभजन ने हिंदी कमेंट्री की गुणवत्ता पर सवाल उठाने वाले एक प्रशंसक को भी जवाब दिया है। इससे पहले इस प्रशंसक ने सोशल मीडिया में कहा था कि पहले हिंदी कमेंट्री काफी अच्छी थी पर आजकल ऐसा नहीं रहा है। इसमें जानकारी कम और व्यंगात्मक टिप्पणियां अधिक होती हैं। इसी को लेकर हरभजन ने इस प्रशंसक को दिये जवाब में कहा कि इसमें सुधार किया जाएगा। इस पूर्व भारतीय स्पिनर ने सोशल मीडिया में लिखा, जानकारी के लिए धन्यवाद। हम इस सुझाव पर काम करेंगे।

### प्रशंसक के मैदान में ओन से ट्रोल हुए पराग

**गुवाहाटी।** आईपीएल में यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ हुए मैच में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे रियान पराग का एक प्रशंसक उन्हें देखने के लिए सुरक्षा घेरा तोड़कर करीब पहुंचा गया। इस व्यक्ति को किसी प्रकार सुरक्षाकर्मियों ने पकड़कर बाहर किया। इस प्रशंसक ने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग के पैर छुए थे। यह घटना केकेआर की पारी के दौरान जब हुई तब पराग गेंदबाजी कर रहे थे। ये प्रशंसक पराग तक पहुंचा, उनके पैर छुए और गले लगाया। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे मैदान से बाहर कर दिया। गुवाहाटी रियान का घरेलू मैदान भी है क्योंकि वह असम के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। प्रशंसक के मैदान पर घुसकर पैर छूने को लेकर पराग ट्रोल होने लगे। उनका मजाक उड़ाते हुए सोशल मीडिया पर कई मीम्स भी आये हैं जिसमें कहा गया है कि रिराग ने इस व्यक्ति को पैसे दिये होंगे ताकि वह सुरक्षा घेरा तोड़कर उनके पास पहुंचे। उस व्यक्ति ने भी मैदान पर पहुंचकर पराग के प्रति आभार ही जताया होगा।

#### इस मैदान पर दशकों से क्रिकेट और ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग मुकाबले होते रहे हैं

# एशेज सीरीज के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से हट जाएगा गाबा मैदान

एजेंसी ■ ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन स्टेडियम में अब प्रशंसकों को क्रिकेट मुकाबले देखने को नहीं मिलेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एशेज सीरीज के बाद यह मैदान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले लेगा। इस मैदान पर दशकों से क्रिकेट और ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग (एएफएल) मुकाबले होते रहे हैं। को 2032 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के बाद ध्वस्त कर दिया जाएगा। गाबा स्टेडियम को क्रिकेट और फुटबॉल का गढ़ माना जाता है पर अब क्वींसलैंड सरकार ने इस ऐतिहासिक मैदान की जगह विक्टोरिया पार्क में एक नया, अत्याधुनिक स्टेडियम बनाने की घोषणा की है। यह स्टेडियम करीब 63,000 दर्शकों की क्षमता वाला होगा और भविष्य में बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए उपयोग में लाया जाएगा।



गाबा स्टेडियम को क्रिकेट की दुनिया में ऑस्ट्रेलिया का एक ऐसा मैदान माना जाता है जहां उसे हमेशा ही जीत मिलती रही है हालांकि साल 2021 में भारतीय क्रिकेट टीम ने इस मैदान पर जीतक मेजबान टीम का अजेय वाला रिकार्ड तोड़ दिया था। भारतीय टीम ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया को साल 1988 के बाद पहली बार इस मैदान पर पराजित किया था।

गाबा स्टेडियम लंबे समय से पुरानी संरचना और सीमित सुविधाओं के कारण निशाने पर बना हुआ था। इसे मैदान के पुनर्निर्माण की पहले योजना थी पर भारी भरकम खर्च को देखते हुए रद्द कर दिया गया। लोग इस स्टेडियम के भी भारी रकम खर्च करने के खिलाफ थे जिसे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया दबाव में था। वहीं सरकार ने अब तय किया है कि गाबा की जगह एक नया अत्याधुनिक स्टेडियम बनाया जाएगा, जो आधुनिक खेल सुविधाओं से परिपूर्ण होगा और इससे क्वींसलैंड के खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिलेंगे। नए स्टेडियम के निर्माण में लगभग 3.8 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की लागत आएगी। इसे क्रिकेट, एएफलएल फुटबॉल और अन्य अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाएगा। क्वींसलैंड के प्रीमियर डेविड क्रिसफुली ने इस परियोजना की घोषणा करते हुए कहा कि यह नया स्टेडियम क्रिकेट और अन्य खेलों के लिए एक शानदार मंच बनेगा। इस मैदान पर भविष्य में आईसीसी टूर्नामेंट, बिग बैश लीग और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। गाबा स्टेडियम का क्रिकेट इतिहास बेहद समृद्ध रहा है। यहां 1931 में पहला टेस्ट मैच खेला गया था और तब से लेकर अब तक इस मैदान पर कुल 67 पुरुषों के टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं।

# आरसीबी और सीएसके में आज रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

### शाम 7.30 बजे से होगा मैच

एजेंसी ■ चेन्नई

आईपीएल में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। इस मैच में सीएसके जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। इसका कारण है कि वह अपने घरेलू मैदान पर खेल रही है जिसका लाभ उसे मिलेगा। इसके अलावा टीम का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है। उसने शुरुआती मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ अच्छी जीत दर्ज की थी। वहीं आरसीबी की टीम इस मैदान में अब तक केवल एक बार ही जीती है। वह भी 17 साल पहले साल 2008 में। इसके बाद से ही आरसीबी को यहां एक भी जीत नहीं मिली है। ऐसे में आरसीबी का लक्ष्य इस बार किसी भी हाल में जीतना रहेगा। साल 2008 सत्र में जब आसीबी को जीत मिली थी। उस टीम से अब केवल विराट कोहली ही एकमात्र खिलाड़ी हैं जो वर्तमान टीम में हैं।




ऐस में आरसीबी का लक्ष्य इस मैच को जीतना रहेगा हालांकि ये उसके लिए आसान नहीं होगा क्योंकि सीएसके की टीम के स्पिनरों का सामना करना उसे लिए आसान नहीं होगा। इस मैदान पर पिच स्पिनरों की सहायक रही है। सीएसके टीम के पास रविंद्र जडेजा आर अश्विन जैसे अनुभवी स्पिनर हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को भी टीम में उसने शामिल किया है। इन गेंदबाजों ने कुछ दिन पहले ही पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। इसको देखते हुए आरसीबी के लिए रन बनाना आसान नहीं होगा।

आरसीबी के बल्लेबाजों को सीएसके के स्पिनरों के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक होने के लिए काफी ध्यान से खेलना होगा। इस मामले में विराट को बल्लेबाजी की कमान संभालनी होगी। स्पिन का सामना करना हालांकि उनका मजबूत पक्ष नहीं रहा है लेकिन पिछले दो वर्षों में उन्होंने इस विभाग में काफी सुधार दिखाया है। इस बदलाव का मुख्य कारण स्पिनरों के खिलाफ अधिक स्वीप और स्लॉग स्वीप खेलने की उनकी इच्छा है और कोहली को इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

कोहली का इसमें फिल सॉल्ट, कप्तान रजत पाटीदार, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को साथ देना होगा। इस पिच को देखते हुए आरसीबी टिम डेविड की जगह जैकब बेथेल को अंतिम एकादश में रख सकती है। इससे टीम को बाएं हाथ का एक स्पिनर भी मिल जाएगा। इस मैच में टीम की नजरें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की फिटनेस पर भी रहेंगी। वह फिट नहीं होने के कारण कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले मैच से बाहर थे। अगर वह फिट हुए तो उन्हें रसिख सलाम की जगह एकादश में जगह मिल सकती है। वहीं सीएसके की जीत के लिए उसके मध्यक्रम को रन बनाने होंगे। पहले मैच में शिवम दुबे, दीपक हुड्डा और सैम कुरेन असफल रहे थे। उन्हें रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के अलावा अनुभवी महेंद्र सिंह धोनी से टीम इस मैच में अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद करेगी। सीएसके के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना अगर फिट हुए तो इस मैच में उनका खेलना तय है।

#### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी और आंद्रे सिद्दार्थ।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल सॉल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिख सलाम, सुयश शर्मा, कृणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वस्तिक चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह और मोहित राठी।

# हेडन बोले, ये खिलाड़ी बदल देते हैं मैच



एजेंसी ■ सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने कहा है कि इस बार आईपीएल में अभिषेक शर्मा, विराट कोहली, ट्रेविस हेड सहित इन पांच खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहेगा। हेडन ने आक्रामक बल्लेबाजी, खेल को बदलने की क्षमता और दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए इन खिलाड़ियों की प्रशंसा की है।

**अभिषेक शर्मा (सनराइजर्स हैदराबाद) :** अभिषेक ने अपने आक्रामक अंदाज में पहले ही मुकाबले में तेजी से शॉट लगाकर अपनी टीम को अच्छी शुरूआत दी है। अभिषेक ने पिछले सत्र में 16 मैचों में 32 की औसत से 484 रन बनाए थे। उनकी स्ट्राइक रेट 202 रही है जबकि उन्होंने इस दौरान 36 चौके और 42 छक्के लगाये थे। इस बार भी माना जा रहा है कि वह अपने आक्रामक अंदाज से काफी रन बनाएंगे।

**विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर) :** हेडन ने कहा कि विराट ने सत्र के अपने पहले ही मैच में 39 गेंदों पर 59 रन बनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता है। वह लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी टीम को सफलता दिलाते हैं।

**ट्रेविस हेड (सनराइजर्स हैदराबाद) :** हेड ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले ही मुकाबले में तेजी से अर्धशतक लगाया था। जिससे उनकी टीम 286 रन तक पहुंचने में सफल रही। उन्होंने पिछले सत्र में अभिषेक के साथ मिलकर अच्छी साझेदारियां की थी जिससे उनकी टीम फाइनल तक पहुंची थी। इस बार भी वह जबरदस्त फॉर्म में नजर आते हैं।

**हेनरिक क्लासेन (सनराइजर्स हैदराबाद) :** क्लासेन ने इस सीजन के पहले मुकाबले में 14 गेंदों पर 34 रन बनाए थे। उन्होंने पिछले सत्र में 16 मैचों में 39 की औसत से 479 रन बनाए थे। टी20 में 36 मैचों में ही उनके नाम 1000 रन हैं। पिछले सत्र में उनका स्ट्राइक रेट 171 रहा था।

**महेंद्र सिंह धोनी (चेन्नई सुपर किंग्स) :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक हैं। उनकी कप्तानी में टीम ने पांच बार खिताब जीता है। अब भले ही वह टीम के कप्तान नहीं है पर उनके अनुभवों से टीम को लाभ होता है।

# आईपीएल 2025 के सबसे महंगे खिलाड़ियों का अब तक का प्रदर्शन

एजेंसी ■ मुम्बई

इंडियन प्रीमियर लीग का 18 सत्र खेला जा रहा है। इसमें भाग ले रहे सबसे महंगे खिलाड़ियों की बात करें तो इसमें ऋषभ पंत से लेकर श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इसमें श्रेयस अय्यर को छोड़ दें तो अब के मैचों में अन्य सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन खराब रहा है। 5 सबसे महंगे खिलाड़ियों में से 3 पंजाब किंग्स के ही हैं।

**ऋषभ :** लखनऊ सुपर जॉइंट्स के कप्तान ऋषभ को फेंचाइजी ने 27 करोड़ में खरीदा था पर पहले मैच वह पूरी तरह से असफल रहे और शुन्य पर ही आउट हो गये। इसके अलावा उनकी कप्तानी भी अच्छी नहीं रही। वह बल्लेबाजी के अलावा विकेट कीपिंग में भी प्रभावित नहीं कर पाये। इससे उनकी टीम दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में हार गयी। विकेट कीपिंग करते वक्त वह अंतिम ओवर में एक स्टंपिंग भी नहीं कर पाये जिसकी मैच उनकी टीम के हाथों से निकल गया।

**श्रेयस :** 26.75 करोड़ में बिके दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस का प्रदर्शन शानदार रहा। अय्यर ने पहले ही मैच में गुजरात के खिलाफ 42 गेंदों में 97 रनों की आक्रामक नाबाद पारी खेली। कप्तानी में भी वह जबरदस्त रहे। जब वह 97 पर थे तब 6 गेंदें शेष थी और स्ट्राइक पर शशांक सिंह थे पर उन्हेंने शतक की जगह पर शशंक से तेजी से रन बनाने को कहा।

**वेंकटेश :** वेंकटेश नीलामी में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा। आईपीएल के इस सत्र का पहला मैच कोलकाता और बेंगलुरु के बीच खेला गया था। इसमें कोलकाता की 7 विकेट से हार हुई थी। वेंकटेश इस मैच में 7 गेंदों पर केवल 6 रन बना पाये।

**अर्शदीप:** अर्शदीप इस आईपीएल सत्र के चौथे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। उन्हें पंजाब किंग्स ने 18 करोड़ रुपये में खरीदा। इस सीजन का पहले ही मुकाबले में उन्होने गुजरात के खिलाफ 4 ओवर में 36 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए। वह मैच में अपनी टीम की तरफ से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे।

### राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप : मीनाक्षी और अनामिका फाइनल में पहुंची

**ग्रेटर नोएडा।** गत विजेता मीनाक्षी और अनामिका हुड्डा 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गयी हैं। 48 किग्रा वजन वर्ग में मीनाक्षी ने दिल्ली की संजना को तीसरे दौर में हरारक हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं 51 किलो वजन वर्ग में अनामिका ने तमिलनाडु की कलैवानी एस को हराया। मीनाक्षी का सामना अब सिक्किम की यासिका राय से होगी जबकि अनामिका की भिड़ंत हरियाणा की तमन्ना से होगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप 20 से 27 मार्च, 2025 तक उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हो रही है। इस टूर्नामेंट में 24 राज्य इकाइयों के 180 मुक्केबाज दस भार श्रेणियों में भाग ले रहे हैं। इसमें विश्व मुक्केबाजी के नियमों के तहत ही एक मिनट के ब्रेक के साथ तीन-तीन मिनट के राउंड शामिल हैं।



बोस्टन में महिलाओं की आईएसयू फिगर स्केटिंग चैम्पियनशिप में भाग लेती हुई जापान की काओरी सकामोटो।

### आईपीएल में टॉस जीतकर इस कारण पहले गेंदबाजी कर रही टीमें

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अब तक हुए शुरुआती मुकाबलों में देखा गया है कि टॉस जीतकर सभी छह टीमों ने पहले गेंदबाजी की। इसमें से चार टीमों को जीत जबकि दो को हार मिली। टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का यह सिलसिला पहले ही दिन से शुरू हुआ तो अब तक बना हुआ है। अगले 5 मैचों में राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपरकिंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइटराइडर्स ने भी टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। अब तक केवल दो टीमें राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस ऐसी टीमें हैं, जो टॉस जीतकर भी हार गईं। टॉस जीतकर पहले गेंदबाज का करने का कारण ये सामने आया है कि रात के मैचों में ओस का प्रभाव रहता है। इससे बाद में गेंदबाजी करना कठिन होता है।

### निडर होकर खेल रहे युवा भारतीय क्रिकेटरों से प्रभावित हैं स्टोइनिस

**नई दिल्ली।** आईपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने भारत के युवा क्रिकेटरों की जमकर प्रशंसा की है। स्टोइनिस ने कहा कि जिस प्रकार से भारतीय युवा खिलाड़ी निडर होकर खेल रहे हैं वह सराहनीय है।

दैनिक
सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075

**अभ्यास** दिग्गज ड्रैग फ्लिक ताइके ताइकेमा दे रहे टीम को परीक्षण

# भारतीय महिला हॉकी टीम लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारियों में लगी

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभी से तैयारियों में लगी है। हॉकी इंडिया ने टीम की तैयारियों के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ड्रैग फ्लिक ताइके ताइकेमा से भी करार किया है। इसी के तहत ताइकेमा टीम की इस कमजोरी को भी टीम करने में लगे हैं। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में प्रो लीग से पहले सात दिवसीय शिविर में भी भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था।



भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं। वह तकनीक को निखारने और ड्रैग फ्लिक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीम के साथ काम कर रहे हैं।'' हरेंद्र ने कहा, ''ड्रैग फ्लिक करना एक विशिष्ट कौशल है और ताइकेमा भविष्य के शिविर में भी हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे।'' हरेंद्र ने कहा कि दीपिका सहित इससे हमारी टीम की सभी खिलाड़ियों के कोशल में सुधार आया है।

इस 45 साल के पूर्व खिलाड़ी को अपने खेल के दिनों में पेनल्टी-कार्नर की सटीकता के लिए जाना जाता था। ताइकेमा ने 11 वर्षों के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में नीदरलैंड की पुरुष टीम के लिए 94 मैचों में 170 गोल किए। उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों में से एक माना जाता है।

लोर्ड कृष्णा पब्लिक हाई स्कूल
Play group, Nursery, LKG, UKG,
1st to 10th classes.
ADMISSION OPEN
LKPS makes education easier and better.
Code 162167

**गोरखपुर।** पादरी बाजार क्षेत्र के मानस विहार कॉलोनी, शताब्दीपुरम, इंद्रप्रस्थपुरम, शिवपुर शहबाजगंज आदि मोहल्लों में पानी की पाइपलाइन पांच साल पहले ही डाल दी गई। घरों में टोटी भी लग गई, लेकिन उसमें आज तक पानी नहीं पहुंच सका है। यही हाल रहा और जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो लोगों को इस गर्मी भी शुद्ध पेयजल के लिए जूझना पड़ेगा।



# राम जन्मोत्सव : रामनवमी पर दोपहर 12 बजे होगा रामलला का सूर्य तिलक

सत्ता सुधार ■ अयोध्या

राम जन्मोत्सव के दिन रामलला के सूर्य तिलक की व्यवस्था स्थायी हो गई है। इस रामनवमी से लगातार 20 सालों तक रामजन्मोत्सव पर सूर्य की किरणें रामलला का अभिषेक करेंगी। मंदिर के शिखर से सूर्य की किरणों को गर्भगृह तक लाया जाएगा। इसके लिए खास तरह के मिरर और लेंस लगाए जा रहे हैं। रुड़की के वैज्ञानिकों की टीम अयोध्या पहुंच गई है और सूर्य तिलक के लिए उपकरण लगाने का काम शुरू कर दिया है। वैज्ञानिकों के अनुसार अगले 19 सालों तक सूर्य तिलक का समय हर साल बढ़ता जाएगा। वैज्ञानिकों की टीम ने इसके लिए एक प्रोग्राम विकसित कर कम्प्यूटर में फीड कर दिया है। इस बार रामजन्मोत्सव का पर्व छह अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन ठीक दोपहर 12:00 बजे रामलला का सूर्य तिलक होगा। रामलला के माथे पर यह विशेष सूर्य तिलक प्रत्येक रामनवमी यानी भगवान राम के जन्मदिन पर उनके माथे पर सजेगा। वैज्ञानिकों ने इसे सूर्य तिलक मैकेनिज्म नाम दिया है।

**अयोध्या वैज्ञानिकों की टीम पहुंची, हर साल बढ़ता जाएगा समय**



**चार मिनट तक होगा सूर्य तिलक**

### इस तरह होगा सूर्य तिलक

सूर्य तिलक के लिए आईआईटी रुड़की ने एक खास ऑप्टो मैकेनिकल सिस्टम तैयार किया है। इसमें मंदिर के तीसरे तल पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें पड़ेंगी। दर्पण से 90 डिग्री पर परावर्तित होकर ये किरणें एक पीतल के पाइप में जाएंगी। पाइप के छोर पर एक दूसरे दर्पण से सूर्य किरणें एक बार फिर से परावर्तित होंगी और पीतल की पाइप के साथ 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी। दूसरी बार परावर्तित होने के बाद सूर्य किरणें लंबवत दिशा में नीचे की ओर चलेंगी। किरणों के इस रास्ते में एक के बाद एक तीन लेंस पड़ेंगे, जिनसे इनकी तीव्रता और बढ़ जाएगी। इसके बाद लंबवत पाइप के दूसरे छोर पर लगे दर्पण पर किरणें पड़ेंगी और दोबारा 90 डिग्री पर मुड़ जाएंगी। 90 डिग्री पर मुड़ी ये किरणें सीधे रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। इस तरह से रामलला का सूर्य तिलक पूरा होगा।

सीबीआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों की एक टीम ने सूर्य तिलक मैकेनिज्म को इस तरह से डिजाइन किया है कि हर रामनवमी को दोपहर 12 बजे 75 मिमी के गोलाकार रूप में तीन से चार मिनट तक सूर्य की किरणें भगवान राम की मूर्ति के माथे पर पड़ेंगी। गियर-बेस्ड सूर्य तिलक मैकेनिज्म में बिजली, बैटरी या लोहे का उपयोग नहीं किया जाएगा।

### चंद्र कैलेंडर से निर्धारित होती है तारीख

भारतीय खगोलीय भौतिकी संस्थान बंगलूरू के रिसर्च के मुताबिक, हर साल सूर्य तिलक का समय बढ़ता जाएगा। 19 साल तक टाइम कुछ न कुछ बढ़ेगा। उसके बाद फिर से 2025 की रामनवमी की तरह ही रिपीट होगा। यानी 2025 रामनवमी को सूर्य तिलक जितनी देर का होगा। 19 साल बाद 2044 में भी उतनी ही देर के लिए सूर्य तिलक होगा। राम नवमी की तारीख चंद्र कैलेंडर से निर्धारित होती है। वैज्ञानिकों के अनुसार एस्ट्रोनॉमी के क्षेत्र में भारत के प्रमुख संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स ने चंद्र व सौर (ग्रेगोरियन) कैलेंडरों के बीच जटिलतापूर्ण अंतर के कारण आने वाली समस्या का समाधान किया है। यह एक दिलचस्प वैज्ञानिक प्रयोग था। इसमें दो कैलेंडरों के 19 साल के रिपीट चक्र ने समस्या को हल करने में मदद की।

### इन मंदिरों में होता है सूर्य तिलक

सूर्य तिलक मैकेनिज्म का उपयोग पहले से ही कुछ जैन मंदिरों और कोणार्क के सूर्य मंदिर में किया जा रहा है। हालांकि उनमें अलग तरह की इंजीनियरिंग का प्रयोग किया गया है। राम मंदिर में भी मैकेनिज्म वही है, लेकिन इंजीनियरिंग अलग है।

## ब्रीफ न्यूज

### नीदरलैंड नागरिक नेपाल के रास्ते घुस रहा था भारत में

**महराजगंज।** 66वीं वाहिनी एसएसबी सीमा चौकी -सुंडी के कार्यक्षेत्र के पास नीदरलैंड के नागरिक पाउलस जॉनसन थियोडरस को पकड़ा गया। सीमा स्तंभ संख्या-526 के नजदीक से साइकिल पर सवार होकर नेपाल से भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। इसके पास नीदरलैंड का पासपोर्ट 16 मार्च 2028 तक वैध है। नेपाल का ट्यूरिस्ट वीजा 31 मई 25 तक वैध पाया गया है। व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस मुठभेड़ में दो तस्कर गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली

**कुशीनगर।** गोवंश लेकर पिकअप से बिहार जा रहे पशु तस्करों और पुलिस के गुरुवार को सुबह मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को पुलिस ने दबोच लिया। बाकी तस्कर मौके से भाग निकले। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। तस्करों के पास तमंचा और गोवध के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किया गया है। दोनों तस्कर कुशीनगर जिले के रहने वाले हैं। नौ गोवंश को पुलिस ने मुक्त कराया। दोनों तस्करों पर पडरौना कोतवाली में पहले से केस दर्ज है।

### दसवीं के रिजल्ट में बेटियों ने फिर बाजी मारी

**अलीगढ़।** एएमयू ने सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट (कक्षा-10) का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। इसमें बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पिछले वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। 2025 की टॉपर अलीगढ़ की नौशीन फातिमा को 99.20 फीसदी अंक मिला है। टॉप-10 में 25 में से 16 बेटियों ने बाजी मारी है। एएमयू के 10वीं के परीक्षा परिणाम में इस बार टॉपर्स के अंक में उछाल आया है। इस बार की टॉपर को 99.20 फीसदी आए हैं जबकि 2024 की टॉपर भव्या को 98.60 फीसदी अंक आए थे। वर्ष 2025 में दूसरे स्थान पर रहने वाली बिहार के दरभंगा की अतुफा जावेद को 98.80 फीसदी अंक मिले हैं। वर्ष 2025 का परीक्षा परिणाम 93.11 रहा। जोकि पिछले साल से अधिक है। 2024 में परीक्षा परिणाम 91.83 था। इस बार परीक्षा में 1467 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 736 छात्राएं और 731 छात्र शामिल थे।

### गाजीपुर में दो बीघा गेहूं की फसल जलकर स्वाहा

**गाजीपुर।** गाजीपुर जिले के भुड़कुड़ा कोतवाली क्षेत्र के फूलपुर नवाबगांव में बृहस्पतिवार को गेहूं के खेत में आग लग गई। बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी के कारण गेहूं की फसल धधक उठी। ग्रामीणों ने खेत की जुताई करके व पानी के जरिये किसी तरह से आग पर काबू पाया। पीड़ित किसान शिवपूजन सिंह ने बताया कि दो बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

### डरेंगे नहीं, झुकेंगे नहीं, डटकर करेंगे मुकाबला

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव गुरुवार को आगरा में सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर पहुंचे। उनके आगमन के दौरान समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पुलिस भी अलर्ट दिखाई दी। शिवपाल सिंह यादव का काफिला यहां पहुंचते ही सपा कार्यकर्ताओं में जोश भर गया। इस दौरान जमकर नारेबाजी हुई। उन्होंने कहा कि झुकेंगे नहीं, मुकाबला करेंगे। इनकी दबंगई को बर्दाश्त भी नहीं करेंगे।

सीएम योगी ने 283 चिकित्सा अधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, बोले


# आठ साल में दी गईं 8.5 लाख नौकरी

## आज के समय में शासकीय नौकरी मिलना, सपने को उड़ान मिलने जैसा

### आठ वर्ष पहले आयोग भर्ती बोर्ड की क्या स्थिति थी किसी से छिपा नहीं

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष विभाग के 283 चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनका चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा किया गया है। लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आठ वर्ष में साढ़े आठ लाख नौकरी दी गई हैं। ये पूरी तरह से सूचितापूर्ण हैं, अन्यथा मामला कोर्ट में हुआ। 163 चिकित्सकों, तीन प्रोफेसर, 96 लैब टेक्नीशियन को पत्र दिया जा रहा है। इसके लिए आयोग को भी बधाई। जिन्हें नियुक्ति पत्र मिल रहा है, उन्हें बधाई। उन्होंने कहा कि किसी भी युवा के लिए शासकीय नौकरी मिलना उसके सपने को उड़ान देने जैसा है। अभिभावकों, मित्रों ने जो सपना देखा वह पूरा हो रहा है। आठ वर्ष पहले यही आयोग भर्ती बोर्ड की क्या स्थिति थी किसी से छिपा नहीं है। अनेक याचिका लंबित थीं। हाईकोर्ट ने भी सरकार के कामकाज पर सवाल उठाया था।



### आयुष के जरिए हासिल कर सकते हैं आरोग्यता

सीएम ने आगे कहा कि विभागीय टेक्नोलॉजी से कामकाज को गति दिया जा सकता है। हमने महाकुंभ में यही किया। आयुष का अब नया मंत्रालय बन चुका है। हम योग को आगे बढ़ा रहे हैं। दुनिया के मन में योग को लेकर श्रद्धा भाव आया है। पहले भारत की विरासत को कुछ लोग कोसते थे, लेकिन अब दुनिया योग से जुड़ रही है। 45 दिन के आयोजन में दुनियाभर में प्रयागराज प्राइम न्यूज बनी। यह चीजें दिखाती हैं कि हम अपनी संस्कृति में रुचि दिखाते हैं तो दुनिया आतुर होती है। आयुष के जरिए हम आरोग्यता हासिल कर सकते हैं। इसके लिए सरकार ने कई कार्यक्रम चलाए हैं।

### प्रकृति के अनुरूप जीने की कला

इस मौके पर मंत्री दयाशंकर मिश्र ने कहा कि आयोग से चयनित 163 डॉक्टर प्रदेश की सेवा में आज से तत्पर हो रहे हैं। उम्मीद है कि आयुष विभाग प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए प्रदेश के विकास में सहभागी बनेगा। तीन नए आयुष के मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं। लोगों को प्रकृति के अनुरूप जीने की कला सिखाई जा रही है। मंत्री ने कहा कि यूपी नवाचार के लिए जाना जाता है। काशी में प्रकृति चिकित्सा का केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि नवचयनित से अपील है कि उन्हें जिस सुचिता से नियुक्ति मिली है, उनका आगे के जीवन में पालन करें। अब सभी की मंजिल सिर्फ सेवा होनी चाहिए।

# जामा मस्जिद कमेटी के सदर की जमानत याचिका खारिज

## संभल हिंसाः अब दो अप्रैल को होगी सुनवाई



सत्ता सुधार ■ चंदौसी

संभल जामा मस्जिद के सदर जफर अली की जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। मामले में अब दो अप्रैल को सुनवाई होगी। सरकारी वकील ने बताया कि अभियुक्त की ओर से अंतरिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की गई थी। जिसे अदालत ने अस्वीकार कर दिया।

संभल बवाल में गलत बयानबाजी करने के आरोप में पुलिस ने रविवार को उन्हें गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें अदालत के आदेश पर मुरादाबाद जेल भेज दिया गया था। जामा मस्जिद के सदर जफर अली की गिरफ्तारी के विरोध में कोर्ट परिसर में जिला बार एसोसिएशन, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, टैक्स बार एसोसिएशन व तहसील बार एसोसिएशन की बैठक हुई। इसके बाद सभी वकीलों ने विरोध प्रदर्शन कर सदर की गिरफ्तारी को गलत बताया। कहा कि पुलिस मनमानी कर रही है।

### गिरफ्तारी असंवैधानिक

अधिवक्ता अब्दुल रहमान ने कहा कि एडवोकेट जफर अली की गिरफ्तारी असंवैधानिक है। जफर अली के जेल जाने के बाद उनके परिवार को मिलने नहीं दिया जा रहा है। यह मानवाधिकारों का हनन है। प्रशासन की निंदा करते हुए कहा कि निष्पक्ष जांच के लिए जांच अधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारियों का जनपद से स्थानांतरण होना चाहिए।

**जांच कराए जाने की मांग –** निष्पक्ष एजेंसी से पूरे प्रकरण की जांच कराए जाने की मांग की। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने मुंसिफ कोर्ट परिसर में प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन करते हुए उनकी गिरफ्तारी को गलत बताया। कहा कि जफर अली के पक्ष ने प्रदेश के कई बार एसोसिएशन का समर्थन मिला है। इस दौरान कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# यूपी में छीना जा रहा मुसलमानों का हक, नहीं मना पा रहे पर्व

- लोकदल का भाजपा पर हमलाः राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा
- मुसलमानों के डेमोक्रेटिक राइट्स का क्रॉस वायलेशन हुआ

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में गुरुवार को लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने प्रदेश में मुसलमानों की सुरक्षा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ना तो हिंदू सुरक्षित है और ना ही मुसलमान। मुसलमानों को लेकर जो बयान दिया जा रहे हैं वो सत्यता से परे हैं। सुनील सिंह ने बयान जारी करके कहा कि प्रदेश में जितने हिंदू सुरक्षित हैं, उतने ही मुसलमान भाई सुरक्षित हैं, ये गलत है। सच्चाई ये है कि जबसे उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार आई है तब से प्रदेश में न तो हिंदू सुरक्षित हैं और न ही मुसलमान। प्रदेश में मुसलमान त्योहार नहीं मना पा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि आठ वर्षों में सरकार ने किसानों की उपलब्धि पर क्या कार्य किया? एक भी उपलब्धि नहीं है? गन्ना किसानों के गन्ने का मूल्य कितना बढ़ा, कितना घटा? इसको सरकार नहीं बता रही है? बेरोजगारों को कितना रोजगार मिला नहीं बता रही है? महंगाई आसमान पर है। इन आठ वर्षों में महंगाई कितनी कम हुई है? उसको सरकार नहीं बता रही है। सरकार का सिर्फ मुख्य विषय है हिंदू-मुस्लिम। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता ने रामपुर, संभल उत्तर प्रदेश में के कई हिस्सों में दंगे देखे हैं।





### एकतरफा कार्रवाई की जा रही

मुसलमानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। मौजूदा भाजपा सरकार अल्पसंख्यक विरोधी सरकार है। अल्पसंख्यक का मतलब सिर्फ मुसलमान नहीं होता है। यूपी में उनका हक छीना जा रहा है। देश छोड़िए, ह्यूमन राइट्स कमीशन छोड़िए, हाईकोर्ट छोड़िए, सुप्रीम कोर्ट छोड़िए, अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां यह बताती हैं कि 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में मुसलमानों के साथ उनके डेमोक्रेटिक राइट्स का क्रॉस वायलेशन हुआ है।

**शामली में पूर्व मंत्री संजीव बालियान ने दी चेतावनी**

# सीओ को मोड़कर नहर में फेंक देंगे, डरने की बात नही!

सत्ता सुधार ■ शामली

उत्तर प्रदेश के शामली में दुकानों के मालिकाना हक को लेकर शुरू हुआ विवाद बढ़ता ही जा रहा है। शहर कोतवाली पुलिस ने 16 दिन पहले जानलेवा हमला करने के आरोप में दर्ज मुकदमे में भाजपा के जिला मंत्री विवेक प्रेमी की गिरफ्तारी हो गई। इसके विरोध में व्यापारियों ने बड़ा बाजार, गांधी चौक, सराफा बाजार बद रखा। शिव मूर्ति के पास व्यापारी धरना देकर बैठ गए। धरने पर पहुंचे पूर्व मंत्री संजीव बालियान से व्यापारियों ने सीओ सदर पर अभद्रता का आरोप लगाया। जिस पर पूर्व मंत्री ने कहा कि सीओ को मोड़कर नहर में फेंक देंगे, डरने की बात नहीं। हर किसी को अधिकारियों से अपने अधिकार के लिए लड़ना चाहिए। कहा कि जब तक गिरफ्तार विवेक प्रेमी को नहीं छोड़ा जाएगा धरना जारी रहेगा। गांधी चौक स्थित शिव मंदिर के बाहर नौ दुकानों को लेकर विवाद चल रहा है।

# निर्वाण संस्था के चार बच्चों की मौत, अभी भी 24 भर्ती


### डीएम और कमिश्नर ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में निर्वाण संस्था में बच्चों की तबीयत खराब होने से गुरुवार को एक और बच्चे की मौत हो गई। अस्पताल में भर्ती सूरज की इलाज के दौरान मौत हो गई। अब तक कुल चार बच्चों की जान जा चुकी है। सुबह मंडलायुक्त रोशन जैकब और डीएम विशाख जी ने लोकबंधु अस्पताल पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मोहान रोड स्थित निर्वाण संस्था में चार दिन पहले 70 मानसिक मंदित बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी। आनन-फानन 24 बच्चों को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां सोमवार को एक बालक और मंगलवार को दो बालिकाओं की मौत हो गई। वहीं गुरुवार की सुबह एक और बच्चे की मौत हो गई। अन्य का इलाज चल रहा है। छह बच्चों को डिस्चार्ज किया जा चुका है।

बुधवार को भी जिलाधिकारी टीम के साथ संस्था पहुंचकर निरीक्षण किया। संस्था संचालक, अधीक्षिका व कर्मचारियों से मामले की जानकारी ली। निर्वाण संस्था में निराश्रित मानसिक मंदित बालक और बालिकाओं को आश्रय दिया जाता है। शनिवार, 22 मार्च की रात को खाना खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी। एक के बाद एक बीमार हुए सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

घर बैठे कमाए





सरकारी मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट छत पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी नक्शा ऑफिस आयें या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं

8319401203
8278191967





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं रामतलाई हनुमान मंदिर के पास शिवपुरी रोड श्योपुर से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, फोन- फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2006/17513, विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट। शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।